


प्रयागराज, बुधवार, 15 फरवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 9, वर्ष 11, अंक 296, पृष्ठ 12, मूल्य : 5 .00

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - गफिराक गोरखपुरी होने के मायने

अन्दर : दूसरे टेस्ट से भी बाहर हुए श्रेयस अय्यर




# बीबीसी पर आईटी का छापा

## कार्रवाई को लेकर वार–पलटवार की सियासत शुरू

**ऐक्शन**

**कर्मचारियों के फोन जब्त, बीबीसी बोला-भारत के आयकर अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे**

**कांग्रेस ने आईटी की कार्रवाई को अघोषित आपातकाल कहा, बोली- विनाशकाले विपरीत बुद्धि, बीजेपी बोली-बीबीसी दुनिया का सबसे बकवास और भ्रष्ट कॉरपोरेशन**

नई दिल्ली। बीबीसी के दिल्ली और मुंबई ऑफिस पर आयकर विभाग (आईटी) ने मंगलवार को छापा मारा है। एक्शन के दौरान स्टाफ के फोन बंद करा दिए गए हैं। साथ ही किसी को परिसर में आने-जाने से रोक दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि बीबीसी के दिल्ली स्थित दफ्तर में आयकर विभाग सर्वे कर रहा है। बीबीसी का दफ्तर केजी मार्ग पर है।

बीबीसी द्वारा दो-भाग वाले वृत्तचित्र इंडियाः द मोदी क्वेश्चन को प्रसारित करने के कुछ सप्ताह बाद यह औचक कार्रवाई हुई। बीबीसी ने 2002 में हुए गोधरा दंगों पर डॉक्यूमेंट्री बनाई थी। डॉक्यूमेंट्री में दंगों के दौरान तत्कालीन गुजरात सरकार पर दंगों को रोकने के लिए सही समय पर अपेक्षित कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाया गया था।

वहीं यह पता चला है कि यह कार्रवाई मुंबई में आयकर विभाग के महानिदेशक द्वारा बीबीसी के तीन परिसरों में शुरू की गई थी।

अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के कार्यालयों में आयकर अधिकारियों के पहुंचने के साथ ही सुबह 11 बजे अचानक से यह कार्रवाई शुरू हुई। उन्होंने कहा कि बीबीसी के कर्मचारियों को परिसर के अंदर एक विशेष स्थान पर अपने फोन रखने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि विभाग, लंदन मुख्यालय वाले सार्वजनिक प्रसारक और उसकी भारतीय शाखा के कारोबारी संचालन से जुड़े दस्तावेजों पर गौर कर रहा है। सूत्रों ने संकेत दिया कि जांच बीबीसी सहायक कंपनियों के अंतरराष्ट्रीय



कराधान के मुद्दों से जुड़ी है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, आईटी अधिकारी कर चोरी की जांच के सिलसिले में तलाशी ले रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि कंपनी के बिजनेस ऑपरेशन्स से जुड़े कागजातों की जांच की जा रही है। खबर फैलते ही मध्य दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित बीबीसी कार्यालय के बाहर भारी संख्या में राहगीरों और मीडिया कर्मियों को देखा गया। मुंबई में बीबीसी का कार्यालय सांताक्रूज में है। सर्वे के तहत, आयकर विभाग केवल कंपनी के व्यावसायिक परिसर की ही जांच करता है और इसके प्रवर्तकों या निदेशकों के आवासों और अन्य स्थानों पर छापा नहीं मारता है।

वहीं बीबीसी के दफ्तरों पर आयकर विभाग (आईटी) के तलाशी के मुद्दे पर भाजपा कांग्रेस और बीबीसी पर हमलावर है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस को ये याद रखना चाहिए कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बीबीसी पर प्रतिबंध लगाया था। बीबीसी का प्रोपेगेंडा और कांग्रेस का एजेंडा साथ-साथ चलते हैं। गौरव भाटिया ने कहा कि बीबीसी दुनिया का सबसे बकवास और भ्रष्ट कॉरपोरेशन है। बीबीसी पर उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि कुछ वर्ग विश्व पटल पर भारत के बढ़ते कद को पचा नहीं पा रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है और कुछ तबकों को यह रास नहीं आ रहा है। बीबीसी को भारत में पत्रकारिता करने का पूरा अधिकार है, लेकिन उन्हें देश के कानून का पालन करना होगा। गौरव भाटिया ने कहा कि आयकर विभाग ने कानून के तहत ही बीबीसी के दफ्तर पर तलाशी ली है।

आईटी विभाग अब पिंजरे का तोता नहीं है, जैसा सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस शासन के दौरान सरकारी संस्थानों के बारे में कहा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से मेरा सवाल है कि जब तलाशी किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंची है तो वह किस आधार पर राष्ट्र-विरोधी ताकतों के साथ खड़े हैं? वे रिपोर्ट आने तक धैर्य के साथ इंतजार क्यों नहीं कर सकते? क्यों कांग्रेस हमेशा चीन, बीबीसी और यहां तक कि आतंकवादियों के साथ खड़ी रहती है? उधर, आईटी की कार्रवाई पर बीबीसी ने प्रतिक्रिया दी है। बीबीसी ने कहा कि वह भारत के आयकर अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहा है। बीबीसी ने ट्वीट कर कहा कि हमें उम्मीद है कि स्थिति का जल्द समाधान हो जाएगा।

इससे पहले कांग्रेस ने आईटी की कार्रवाई को अघोषित आपातकाल कहा। कांग्रेस ने कहा कि पहले बीबीसी की डॉक्युमेंट्री आई, उसे बैन किया गया। अब बीबीसी पर आईटी का छापा पड़ गया है। दरअसल, हाल ही में बीबीसी की एक डॉक्यूमेंट्री आई थी। यह डॉक्यूमेंट्री 2002 के गुजरात दंगों पर थी। केंद्र सरकार ने प्रोपेगेंडा बताते हुए इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग पर रोक लगा दी थी। यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में है। ऐसे में विपक्ष आयकर विभाग की छापेमारी को बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री से जोड़ कर केंद्र पर निशाना साध रहा है। उधर, महुआ मोइत्रा ने ट्वीट कर बताया कि बीबीसी के दिल्ली दफ्तर में आयकर के छापेमारी की खबर है। बहुत खूब। अप्रत्याशित।

### एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने आलोचना की

बीबीसी के दिल्ली–मुंबई स्थित कार्यालयों पर इनकम टैक्स विभाग के कथित सर्वे की एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने आलोचना की है। गिल्ड ने कहा है कि यह मीडिया की आजादी पर हमला है। इसके पहले भी कई ऐसे मीडिया संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जिन्होंने सरकार की आलोचना की है। माना जा रहा है कि बीबीसी पर आईटी की यह कार्रवाई उसकी उस डॉक्यूमेंट्री के कारण की गई है, जो उसने 2002 में हुए गोधरा दंगों पर बनाई थी। डॉक्यूमेंट्री में दंगों के दौरान तत्कालीन गुजरात सरकार पर दंगों को रोकने के लिए सही समय पर अपेक्षित कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, इस डॉक्यूमेंट्री के प्रसारण के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था और सरकार समर्थकों ने इसे बीबीसी का भारत विरोधी एजेंडा करार दिया था।

## दिल्ली में फिर हुआ श्रद्धा जैसा हत्याकांड



**बेरहमी से हत्या कर ढाबे के फ्रिज में छुपाई लड़की की लाश**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में अपराध थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में दिल्ली के बाबा हरिदास नगर थाना क्षेत्र में श्रद्धा जैसा हत्याकांड सामने आया है यहां भी हत्यारे ने ना सिर्फ बेरहमी से लड़की की हत्या की बल्कि उसकी लाश के टुकड़े कर उसे एक ढाबे के फ्रिज में रखा था। साहिल गहलोत के रूप में पहचाने जाने वाले ढाबा मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि 25 वर्षीय एक महिला का शव दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ में एक ढाबे के फ्रीजर के अंदर मिला। पुलिस ने कहा कि महिला की दो-तीन दिन पहले हत्या कर दी गई थी और उसके शव को ढाबे के फ्रीजर के अंदर रखा गया था। ढाबा मालिक साहिल गहलोत को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतका आरोपी साहिल गहलोत की प्रेमिका थी। कुछ दिनों पहले ही साहिल गहलोत की शादी किसी और युवती से तय हुई थी। जब उसकी प्रेमिका को इसके बारे में पता चला, तो उसने इसका विरोध किया और उससे शादी करने को कहा। इससे गुस्साए गहलोत ने उसकी हत्या कर दी और शव को अपने ढाबे के फ्रीजर में छिपा दिया।

# कानपुर देहात में जिंदा जलीं मां-बेटी



**कार्रवाई**

**एसडीएम और लेखपाल हुए निलंबित, योगी सरकार पर विपक्ष हुआ हमलावर**

**मैथा तहसील में जमीन से कब्जा हटाने पहुंचा था पुलिस-प्रशासन**

**नौकरी और मकान मिलने के आश्वासन पर शव उठाने को राजी हुए परिजन**

**कानपुर।** कानपुर देहात में मैथा तहसील क्षेत्र के मड़ौली पंचायत के चालहा गांव में सोमवार को ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटाने पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की टीम के सामने कब्जेदार की झोपड़ी में संदिग्ध हालत में आग लग गई। घटना के वक्त मां-बेटी झोपड़ी के अंदर थीं। दोनों को बचाने के प्रयास में गृहस्वामी व रुरा थाना प्रभारी झुलस गए। मां-बेटी व कई बकरियों की मौत हो गई। कानपुर देहात की इस घटना ने हर किसी को झकझोर दिया है। मंगलवार को उच्चाधिकारियों द्वारा परिजनों को समझाने का प्रयास चल रहा है। परिजन शव नहीं उठने दे रहे हैं। परिजन पांच करोड़, सरकारी नौकरी व दोनों बेटों के लिए आवास की मांग पर अड़े रहे। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर हुई वार्ता के बाद परिजन शव उठाने को राजी हुए। बताया जा रहा है कि फॉरेंसिक टीम ने शव उठाए।


कानपुर देहात की घटना में एसडीएम ज्ञानेश्वर प्रसाद को निलंबित कर दिया गया है। डीएम ने बताया कि मामले में लेखपाल अशोक सिंह को सस्पेंड किया गया है। मंडलायुक्त ने लेखपाल की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। मां-बेटी की मौत का मामला तूल पकड़ रहा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने ट्वीट कर लिखा कि- कानपुर में अतिक्रमण हटाने पहुंचे प्रशासन के सामने ही मां-बेटी ने आग लगाकर जान दे दी और पुलिस तमाशा देखती रही। अतिक्रमण हटाने व बुलडोजर के जोश में प्रशासन आखिर अपना होश क्यों खो रहा है। क्या 'महिला सशक्तिकरण' व 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की बात केवल कागजी नीति है? मामले में पीड़ित के बेटे ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वार्ता की। इस दौरान उसने डीएम और एडीएम को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है।






# राज्यपाल 20 को पेश करेंगी अभिभाषण

**यूपी का बजट सत्र**



**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 20 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र के पहले दिन विधानमंडल सदस्यों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगी। प्रदेश कैबिनेट ने राज्यपाल के अभिभाषण के मसौदे को मंजूरी दे दी है। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि राज्यपाल के अभिभाषण को पेश करने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल अभिभाषण में प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियां बताएंगी। वहीं, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन की सराहना भी करेंगी। साथ ही यूपी में आयोजित जी-20 बैठकों का भी जिक्र अभिभाषण में करेंगी।

## चित्रकूट से कासगंज जेल शिफ्ट होगा अब्बास अंसारी

**लखनऊ।** चित्रकूट की रगौली जेल में माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की अपनी पत्नी निकहत अंसारी से निजी मुलाकातों ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। इस बीच छापेमारी कर निकहत को जेल में ही हिरासत लेने वाली टीम को जहां प्रशंसा चिन्ह दिया गया। वहीं, अब मंगलवार को अब्बास को चित्रकूट से कासगंज जेल शिफ्ट किया जा रहा है। जेल सूत्रों का कहना है कि पूर्वांचल की जेलों में माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का सिक्का चलता है इसलिए बाप बेटे को पूर्वांचल की जेलों से अलग बुंदेलखंड की जेलों में रखा गया। जेल सूत्रों के मुताबिक अब्बास की पत्नी निकहत अंसारी बीते कई दिनों से लगातार उससे मिलने चित्रकूट जेल आ रही थी।

# 10वीं और 12वीं के लिए एडमिट कार्ड जारी

**यूपी बोर्ड**

**16 फरवरी से शुरू हो रही हैं बोर्ड परीक्षाएं**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। जो छात्र इस साल 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in है, जहां से छात्र अपना एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। दोनों कक्षाओं के लिए बोर्ड परीक्षाएं फरवरी से शुरू हो रही हैं और मार्च तक चलेंगी।

राज्य में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 16 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। छात्रों के पास तैयारी के लिए अब थोड़ा ही समय बचा है। दोनों कक्षाओं की परिक्षाएं मार्च तक चलेंगी। 10वीं का आखिरी एग्जाम 3 मार्च को होगा, जबकि 12वीं कक्षा का आखिरी पेपर 4 मार्च को होगा। दोनों कक्षाओं के लिए परीक्षा दो शिफ्ट में आयोजित की जाएंगी। पहली शिफ्ट सुबह 8 बजे शुरू होगी और 11.15 बजे तक परीक्षा चलेगी। इसके बाद दूसरी शिफ्ट में एग्जाम दोपहर 2 बजे से शाम को 5.15 बजे तक होगा। दोनों शिफ्ट में छात्रों को परीक्षा के लिए तीन-तीन घंटे का समय दिया जाएगा। इसके अलावा, बोर्ड की तरफ से विषयों के हिसाब से तैयारी के लिए प्रीपरेशन टिप्स भी जारी किए गए हैं।

### ऐसे प्राप्त करें अपना एडमिट कार्ड

**स्टेप 1–** सबसे पहले यूपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in पर जाएं।
**स्टेप 2–** अब होमपेज पर यूपी बोर्ड एडमिट कार्ड 2023 का लिंक नजर आएगा, इस पर क्लिक करें।
**स्टेप 3–** इसके बाद अपनी लॉग–इन डिटेल्स लिखकर सब्मिट बटन पर क्लिक करें।
**स्टेप 4–** अब आपका एडमिट कार्ड स्क्रीन पर ओपन हो जाएगा।
**स्टेप 5–** अपना एडमिट कार्ड चेक करके डाउननोड कर लें।
**स्टेप 6–** अब अपने एडमिट कार्ड का प्रिंट आउट निकाल लें।






## युवाओं व उद्यमियों को आर्थिक तरक्की की कहानी बताएं मंत्रीः सीएम योगी



**लखनऊ।** वैश्विक निवेशक सम्मेलन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा वह विधानसभा सत्र से पहले अपने प्रभार वाले जिलों में सम्मेलन की कामयाबी की चर्चा करते हुए युवाओं व उद्यमियों को यूपी की आर्थिक तरक्की की कहानी बताएं। वहीं मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठकों को लखनऊ के अलावा अन्य जिलों में भी आयोजित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने आवास पर आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में ये बातें कहीं। साथ ही सभी मंत्री अपने संबंधित विभागों को प्राप्त औद्योगिक निवेश प्रस्तावों की तत्काल समीक्षा करें। अगले छह माह की अवधि में एक बड़ी संख्या में निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारते हुए शिलान्यास समारोह (ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी) का आयोजन करना है।

## वीएचपी नेता को मारी गोली

**मुरादाबाद।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बयान को लेकर हुए विवाद में विश्व हिंदू परिषद के महानगर सह मंत्री संतोष पांथरी (28) को शनिवार शाम दिल्ली रोड पर गोली मार दी। घायल संतोष को साईं हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। कुछ दिन पहले मोहन भागवत के बयान को लेकर संतोष का भाजपा नेता से फेसबुक पर विवाद हो गया था। वहीं आरोपी भाजपा नेता ने तीन दिन पहले मोहन भागवत के बयान के खिलाफ सीओ को ज्ञापन दिया था। नया मुरादाबाद निवासी विहिप के सहमंत्री संतोष पांथरी शनिवार को कटघर में आयोजित संगठन के केंद्रीय महामंत्री की बैठक में शामिल होने के लिए गए थे। बैठक समाप्त होने के बाद वह ई-रिक्शा से संगठन के महामंत्री अविनाश गुप्ता और कोषाध्यक्ष योगेश त्यागी के साथ दिल्ली रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के सामने उतर गए। जहां तीनों आपस में बातचीत करने लगे।इस बीच बाइक से पहुंचे आरोपी ने संतोष से कहा, जो परशुराम का नहीं, वो मेरे काम का नहीं। इसके बाद उसने संतोष पर फायरिंग कर दी। गोली संतोष के पेट में लगी और वह गिर गया। हमले के बाद आरोपी बाइक से फरार हो गया। आरोपी भाजपा नेता ब्राह्मण महासभा से भी जुड़ा है।

## 'कभी नहीं भूल सकते शहीदों का सर्वोच्च बलिदान'

**श्रद्धांजलि**

**पुलवामा हमले में देश के 40 से ज्यादा जवान शहीद हो गए थे**



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की आज चौथी बरसी है। पूरा देश आज आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को याद कर रहा है। बता दें कि पुलवामा हमले में देश के 40 से ज्यादा जवान शहीद हो गए थे। इसके जवाब में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकी शिविरों को निशाना बनाया था। पुलवामा हमले की बरसी पर पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई हस्तियों ने श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, अपने वीर नायकों को याद करते हैं जिन्हें हमने इस दिन पुलवामा में खो दिया था। हम उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे। उनका साहस हमें एक मजबूत और विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं वर्ष 2019 में आज ही के दिन पुलवामा में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं। देश उनके बलिदान को कभी नहीं भूल सकता। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उनका शौर्य और अदम्य साहस हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

# टाटा एयर इंडिया की मेगा डील को मंजूरी

**गुड न्यूज**

**एयरबस से 250 विमान खरीदने का फैसला, पीएम मोदी ने कहा- ऐतिहासिक घटना**



**नई दिल्ली।** टाटा समूह दुनिया के सबसे बड़े विमानन सौदे में एयरबस से 250 विमान खरीदेगा। टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि एयर इंडिया, एयरबस से 40 बड़े आकार के विमानों सहित 250 विमान हासिल करेगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन 40 वाइड-बॉडी ए350 प्लेन और 210 नैरो-बॉडी एयरक्राफ्ट खरीदेगी। वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल अधिक लंबी दूरी की हवाई यात्राओं के लिए किया जाएगा। एक कार्यक्रम में विमान के अधिग्रहण के लिए टाटा ने एयरबस के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी इस वर्चुअल कार्यक्रम का हिस्सा थे। टाटा समूह ने पिछले साल जनवरी में एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रतन टाटा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ और अन्य नेताओं के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में एयरबस के मुख्य कार्यकारी गुइलौमे फाउरी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है।

इस वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भाग लिया। पीएम मोदी ने इसे एक ऐतिहासिक घटना कहा और कहा कि यह न केवल भारत और फ्रांस के गहरे संबंधों को दशार्ता है, बल्कि भारत के विमानन क्षेत्र की सफलता को भी दशार्ता है। उन्होंने निवेशकों से उड्डयन उद्योग में भारत द्वारा प्रदान किए जाने वाले अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 'भारत एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और संचालन) का केंद्र बन सकता है। आज, सभी वैश्विक विमानन कंपनियां भारत में मौजूद हैं, इसलिए मैं सभी से इस अवसर का लाभ उठाने का अनुरोध करता हूं।' वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के दौरान नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा और अन्य नेताओं ने भी इस डील पर अपने विचार व्यक्त किए।

# अडाणी पर बोले शाह- छिपाने जैसा कुछ नहीं

## कहा- बीजेपी को डरने की जरूरत नहीं, कांग्रेस ने लगाया था पक्ष लेने का आरोप

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग-अडाणी विवाद पर गृहमंत्री अमित शाह ने पहली बार बयान दिया है। उन्होंने मंगलवार को एएनआई पॉडकास्ट पर दिए इंटरव्यू में कहा कि इस पर कोई कमेंट करना सही नहीं होगा, क्योंकि मामला सुप्रीम कोर्ट में है। लेकिन इतना जरूर कहा कि इसमें ? बीजेपी के लिए छिपाने जैसी कोई बात नहीं है और न ही डरने की जरूरत है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद राहुल गांधी समेत विपक्ष ने बीजेपी पर अडाणी का बचाव करने के आरोप लगाए हैं। इसे लेकर संसद से सड़क तक प्रदर्शन भी किया है।

वहीं अमित शाह ने इंटरव्यू के दौरान लोकसभा विधानसभा चुनाव, पीएफआई पर बैन, पूर्वोत्तर में चुनाव, देश की आंतरिक सुरक्षा, शहरों के नाम बदलने और जी-20 जैसे कई मुद्दों पर भी बात की। **विपक्ष सिर्फ शोर मचाता है:** केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष के खिलाफ कर रही है, इन आरोपों पर अमित शाह ने कहा- वे (कांग्रेस) कोर्ट क्यों नहीं जाते? जब पेगासस का मुद्दा उठाया गया था तो मैंने कहा था कि सबूत के साथ कोर्ट जाओ, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। वे 2002 से मोदी के पीछे हैं। हजारों साजिशों के



बावजूद सच सामने आता है। हर बार, मोदी जी मजबूत और अधिक लोकप्रिय बनकर सामने आते हैं। **नॉर्थईस्ट में कम की मन की दूरीः** पीएम मोदी ने 8 साल में 51 बार पूर्वोत्तर का दौरा करके मन की दूरी को हटाया है। हमने 'चलो पलटाई' का नारा त्रिपुरा की स्थिति बदलने के लिए दिया था और आज हालात बदल दिए। कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी साथ आए हैं, वे मान चुके हैं कि अकेले बीजेपी को नहीं हरा सकते। मतगणना वाले दिन दोपहर 12 बजे से पहले बीजेपी को त्रिपुरा में पूर्ण बहुमत मिलेगा और सरकार बनेगी।

**बीजेपी का कोई मुकाबला नहीं:** मेरा मानना है 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी का कोई मुकाबला नहीं है। पीएम मोदी को जनता का पूरा समर्थन मिला है। देश एकतरफा मोदी के साथ आगे बढ़ रहा है। फैसला देश की जनता को तय करना है, अभी तक तो लोकसभा में मुख्य विपक्षी पार्टी का लेबल जनता ने किसी को नहीं दिया है। **पीएफआई आतंकवादी तैयार कर रहा था:** पीएफआई पर कई मामले खत्म करने का काम कांग्रेस ने किया। जिसे कोर्ट ने रोका। हमने पीएफआई को बैन किया। वह देश में धर्मांधता और कट्टरता बढ़ा रहा था। एक तरह से आतंकवादी तैयार कर रहे थे। 1950 से धारा 370 को हटाना हमारे एजेंडे में था। अब वहां जो विकास हो रहा है, आतंकी और आतंकी हमले कम हो रहे हैं, इससे साबित हो रहा है जम्मू-कश्मीर में भी हालात अच्छे हैं।

## संक्षेप

### शहीद महेन्द्र पाल यादव दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**बहरिया।** ब्लाक बहरिया के गांव साधोपुर में शहीद महेन्द्र पाल यादव दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दूर-दराज से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग लेने आये । जिसमें करन निशाद प्रथम तथा सचिन यादव द्वितीय तथा अनिल सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किये । यह प्रतियोगिता हर वर्श पुलवामा के शहीद महेन्द्र सिंह पाल के नाम पर होती है। विजयी प्रतिभागियों को आयोजन की मुख्यअतिथि सोरांव विधायिका गीता पासी ने ट्राफी एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता के आयोजक सुनील यादव, विकास निगम, निगम यादव, बब्लू यादव, अवनीष, प्रदीप, महेन्द्र आदि लोग रहें।

### डिप्टी सीएम श्रृंगवेरपुरधाम में होंगे आज

**नवाबगंज।** श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली श्रृंगवेरपुर धाम में रामायण कॉन्क्लेव के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ करने उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को 11:00 बजे श्रृंगवेरपुर धाम पहुचेंगे। कार्यक्रम में श्रीराम से जुड़ी उनके आदर्शों का व्याख्यान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नमामि गंगे जैसे कई परियोजनाओं का विस्तृत चित्रण व उसकी विराटता का परिचय कराया जाएगा। यह जानकारी भाजपा मंडल महामंत्री ऋतु राज पांडेय ने दी।

# सड़क हादसे में कार चालक कोटेदार की मौत, साथी घायल

**करछना।** प्रयागराज शादी में शामिल होने के लिए घर से निकले करछना बसरिया गांव निवासी दिलीप सिंह उर्फ झब्बर सिंह व उनके साथी हेमंत सिंह सड़क हादसे में शिकार हो गए जिसमें कार चला रहे दिलीप सिंह घटनास्थल पर मौत हो गई कार में बैठे उनके साथी हेमंत सिंह बुरी तरह जख्मी हो गए जिनका स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में इलाज चल रहा है बताया जाता है कि दिलीप सिंह बसरिया गांव में सरकारी राशन की दुकान का वितरक था और उनका साथी हेमंत सिंह के रिश्तेदार धरवारा गांव के लड़के की शादी में शरीक होने के लिए सोमवार शाम करछना से कार लेकर रीवा मध्य प्रदेश के लिए बारात में शामिल होने के लिए निकले थे शाम 8:00 बजे मनगवां मध्य प्रदेश के करीब उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, टक्कर इतना जोर था कि कार हाईवे के नीचे गड्ढे में पलटते हुए चली गई जहां पर



अनियंत्रित होकर हाईवे के नीचे गड्ढे में गिरी कार

राशन वितरक करने वाले कोटेदार दिलीप सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और सूचना परिजनों को मिलने पर कोहराम मच गया पोस्टमार्टम के पश्चात मंगलवार को देर शाम मृतक दिलीप सिंह का अंतिम संस्कार क्षेत्र के मनैया गंगा घाट पर कर दिया गया वहीं उनका साथी गंभीर अवस्था में स्वरूप रानी अस्पताल में इलाज रत है।

## नाली के विवाद में दो पक्षों में मार पीट, कई जख्मी, चार हिरासत में

**मऊआइमा।** नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में जम हुई मारपीट में दोनों ओर से पांच जख्मी हुए हैं। उचार हेतु मऊआइमा समुदायक स्वास्थ्य केंद्र दोनों पक्षो को ले जाया गया। वहां भी दोनों पक्ष झगड़ने लगे। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर में नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। बताते हैं कि दोनों ओर से मोहम्मद आलम, उबैद अख्तर, मोहम्मद अख्तर, आफताब अली, शमसुल कमर आदि घायल थाने आए तो पुलिस ने दोनों पक्षों का डाक्टरी चेकअप के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। बताते हैं कि दोनों फिर भिड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उबैद अख्तर पुत्र आशिक अली, मोहम्मद अख्तर पुत्र फैसल, आफताब अली और शमसुल कमर पुत्रगण अब्दुल अजीज को हिरासत में ले लिया है। समाचार लिखें जाने तक किसी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी थीं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**आत्महत्या**

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बहरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के करकटेपुर गांव के समीप स्थित आम के बाग में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची बहरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जाता है कि बहरिया थाना क्षेत्र के करनाईपुर गांव निवासी 45 वर्षीय रामू विंद पुत्र स्व0 खैराती सोमवार को घर से लापता हो गया था। जिसकी खोजबीन के लिए परिजन लगे हुए थे। किंतु रामू का कोई पता नहीं लग सका था। मंगलवार की शाम लगभग 5 बजे के करीब करकटेपुर गांव स्थित आम के बाग में ग्रामीणों ने एक शव लटकते हुए देखा। जिसके बाद ये खबर जंगल में लगी आग की तरह


मृतक रामू बिंद (फाइल फोटो )

क्षेत्र में फैल गई। बाग में शव लटकने की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों का जमावड़ा होने लगा। इसी बीच रामू के परिजन भी बाग में पहुंच गए। रामू के शव को देखते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। इसी बीच किसी ने मामले की जानकारी बहरिया पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आनन-फानन में बहरिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामू किस कारण से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त की। समाचार लिखे जाने तक इसका पता नहीं चल सका था।

### पेशे से राजमिस्त्री था रामू

**बहरिया।** मृतक रामू विंद पेशे से राजमिस्त्री का कार्य करता था। रामू 4 बच्चों का पिता था। रामू के सिर पर ही परिवार के पालन पोषण का जिम्मा था। रामू के संसार छोड़कर चले जाने के बाद उसका परिवार बेसहारा हो गया।

### ससुराल जाने की बात कहकर निकला था रामू

**बहरिया।** मृतक रामू विंद सोमवार को बहरिया थाना क्षेत्र के बघोला स्थित अपनी ससुराल जाने की बात कहकर निकला था। लेकिन वह ससुराल नहीं पहुंच सका था। परिजनों ने रामू की हत्या किये जाने की आशंका जताई है।

## मंदिर स्थापना दिवस पर भव्य भंडारे का आयोजन

**फाफामऊ।** स्टेशन रोड फाफामऊ स्थित मृत्युंजय महादेव मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा फाफामऊ बाजार में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने देर रात तक प्रसाद ग्रहण किया। स्टेशन रोड फाफामऊ स्थित अति प्राचीनतम मंदिर का पिछले वर्ष 14 नवंबर को ही पुनः मृत्युंजय महादेव की स्थापना और मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया था। भंडारे में महेंद्र केसरवानी, विजय दीक्षित, गौरव अग्रवाल, गोपी केसरवानी, बबलू जायसवाल, भूपेश केशरी, महेंद्र केसरवानी, ओम प्रकाश गुप्ता, आरडी वर्मा, धीरेंद्र केसरवानी, गोलू सिंह, श्यामबाबू केसरवानी, मनोज अग्रवाल, श्यामबाबू गुप्ता सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें।

# शिव पुराण की महान गंगा मन को पवित्र करती है : अंकुश जी महराज


पंडित राम उजागर शुक्ल व धर्म प्रकाश शुक्ल सपत्नीक परिवार के साथ कथा व्यास की आरती करते हुए


श्री अंकुश जी महाराजशिव पुराण कथा कहते हुए

**कथा**

### शिव पुराण कथा में मंगलवार को उमड़ा आस्था का सैलाब

### जब तक आप के पास राम हैं काम नहीं आएगा-अंकुश जी महराज

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड माण्डा के ऊँचडीह में पंडित राम उजागर शुक्ल के आवास पर रविवार से आयोजित सात दिवसीय शिव सहस्त्रार्चन शिव कथा के तीसरे दिन मंगलवार को ब्रह्मलीन स्वामी श्री राजेश्वरानंद महराज के परम कृपा पात्र शिष्य कथा व्यास अंकुश जी महराज ने भक्तों को शिव कथा का रसपान कराया। कथा के शुभारंभ में मुख्य यजमान पंडित राम उजागर शुक्ल सपत्नीक व धर्म प्रकाश शुक्ल(महादेव)सपत्नीक कथा व्यास की आरती किया। श्री अंकुश जी महराज में शिव आराधना कर महादेव का आह्वान कर कथा का शुभारंभ किया।

कथा का शुभारंभ करते हुए श्री अंकुश महराज ने कहा कि आदिदेव महाधिदेव इस कथा में में पधारेंगे और सबका कल्याण करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि शिव पुराण की महान गंगा आप के मन को पवित्र करती है, शिव के जटा में जो गंगा हैं वह सब के समूल पाप को नष्ट करती हैं और मन को साफ करती हैं । उन्होंने कहा कि तन को जल से धुलना सरल है लेकिन मन को निष्पाप करना कठिन है इसी तरह नए वस्त्र से शरीर को सुंदर बना सकते हैं लेकिन वह परमानेंट सुंदर नहीं बने रहेंगे । शिव पुराण की महान गंगा से ही निष्पाप होंगे और मन सुंदर होगा । अंकुश जी महाराज ने गरुण जी को कागभुशुण्डि द्वारा सुनाई गई कथा पर विस्तार से प्रकाश डाला, इसी तरह पहले कौआ सफेद हुआ करता था काला कैसे हुआ कथा का भक्तों को श्रवण कराया । उन्होंने कहा कि जब तक आप के पास राम हैं तब तक काम नहीं आएगा और जब तक आप के पास काम है राम नहीं आएंगे इस लिए अवसर है मरना तो है ही गुरु से ज्ञान लेकर मरो बोलो हर हर महादेव ।

कथा के आयोजक धर्मप्रकाश शुक्ल (महादेव) व धनंजय शुक्ल ने सभी शिव भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अभी लोग सात दिन शिव कथा सुने और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**फाफामऊ।** फाफामऊ पुलिस ने थाना प्रभारी आशीष सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को बनारस रोड फाफामऊ से चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उसके निशानदेही पर एक मोटरसाइकिल का इंजन वा अन्य पार्ट बरामद किया है। जेल भेजा गया युवक बिहार बेगूसराय बरौनी फुलवरिया का चंदन साहू है। वर्तमान में वह फाफामऊ बाजार में किराए पर रहकर शांतिपुरम में कबाड़ का काम करता था।


**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन**

रेल प्रशासन द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रतलाम मण्डल के करछा-बारलई खण्ड में दोहरीकरण कार्य के कारण रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं आंशिक निरस्तीकरण किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या | कहां से कहां तक | आवृत्ति | परिवर्तित मार्ग | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11126 | ग्वालियर जं. -रतलाम जं. | मंगल, बुध, शुक्र, शनि | उज्जैन जं.-नागदा जं.-रतलाम जं. | 20 एवं 21.02.2023 |
| 2 | 11125 | रतलाम जं.-ग्वालियर जं. | सोम, बुध, गुरु, रवि | रतलाम जं.-नागदा जं.-उज्जैन जं. | 19, 20, 22 एवं 23.02.2023 |
| 3 | 21125 | रतलाम जं. -भिण्ड जं. | मंगल, शुक्र, शनि | रतलाम जं.-नागदा जं.-उज्जैन जं. | 21.02.2023 |
| 4 | 21126 | भिण्ड जं.-रतलाम जं. | रवि, सोम, गुरु | उज्जैन जं.- नागदा जं.-रतलाम जं. | 18, 19 एवं 22.02.2023 |
| 5 | 12415 | इंदौर जं.-नई दिल्ली | प्रतिदिन | इंदौर जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-रतलाम जं. | 19.02.2023 से 23.02.2023 |
| 6 | 12416 | नई दिल्ली-इंदौर जं. | प्रतिदिन | रतलाम जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-इंदौर जं. | 18.02.2023 से 22.02.2023 |
| 7 | 12919 | डा.अम्बेडकर-नगर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | प्रतिदिन | इंदौर जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-उज्जैन जं. | 23.02.2023 |
| 8 | 12920 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-डा. अम्बेडकर नगर | प्रतिदिन | उज्जैन जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-इंदौर जं. | 23.02.2023 |
| 9 | 19305 | डा.अम्बेडकर नगर-कामाख्या | गुरु | इंदौर जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-उज्जैन जं. | 16.02.2023 एवं 23.02.2023 |
| 10 | 19306 | कामाख्या-डा. अम्बेडकर नगर | मंगल | उज्जैन जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-इंदौर जं. | 19.02.2023 |
| 11 | 19307 | इंदौर जं.-चण्डीगढ़ जं. | गुरु | इंदौर जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-उज्जैन जं. | 23.02.2023 |
| 12 | 19308 | चण्डीगढ़ जं.-इंदौर जं. | शनि | उज्जैन जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-इंदौर जं. | 17.02.2023 |
| 13 | 19313 | इंदौर जं.-राजेन्द्र नगर (ट) | सोम, बुध | इंदौर जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-उज्जैन जं. | 15, 20 एवं 22.02.2023 |
| 14 | 19314 | राजेन्द्र नगर (ट)-इंदौर जं. | गुरु, शनि | उज्जैन जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-इंदौर जं. | 15, 17 एवं 22.02.2023 |
| 15 | 19321 | इंदौर जं.-राजेन्द्र नगर (ट) | शनि | इंदौर जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-उज्जैन जं. | 18.02.2023 |
| 16 | 19322 | इंदौर जं.-राजेन्द्र नगर (ट) | मंगल | उज्जैन जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-इंदौर जं. | 20.02.2023 |
| 17 | 19325 | इंदौर जं.-अमृतसर जं. | मंगल, शुक्र | इंदौर जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-उज्जैन जं. | 21.02.2023 |
| 18 | 19326 | अमृतसर जं.-इंदौर जं. | सोम, शुक्र | उज्जैन जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-इंदौर जं. | 16 एवं 19.02.2023 |
| 19 | 22911 | इंदौर जं.-हावड़ा जं. | मंगल, गुरु, शनि | इंदौर जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-उज्जैन जं. | 16, 18 एवं 21.02.2023 |
| 20 | 22912 | हावड़ा जं.-इंदौर जं. | रवि, मंगल, शुक्र | उज्जैन जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-इंदौर जं. | 16, 18 एवं 20.02.2023 |
| 21 | 22941 | इंदौर जं.-ऊधमपुर | सोम | इंदौर जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-रतलाम जं. | 20.02.2023 |
| 22 | 22942 | ऊधमपुर-इंदौर जं. | गुरु | रतलाम जं.-फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज-इंदौर जं. | 15 एवं 22.02.2023 |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन**

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या | कहां से कहां तक | आवृत्ति | आंशिक निरस्त/आंशिक ओरिजिनेशन | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14318 | देहरादून जं.-इंदौर जं. | शनि, रवि | आंशिक निरस्तीकरण उज्जैन जं. स्टेशन पर | 18.02.2023 |
| 2 | 14317 | इंदौर जं.-देहरादून जं. | शनि, रवि | आंशिक ओरिजिनेशन उज्जैन जं. स्टेशन पर | 19.02.2023 |
| 3 | 14319 | इंदौर जं.-बरेली जं. | गुरु | आंशिक ओरिजिनेशन उज्जैन जं. स्टेशन पर | 23.02.2023 |
| 4 | 14320 | बरेली जं.-इंदौर जं. | गुरु | आंशिक निरस्तीकरण उज्जैन जं. स्टेशन पर | 22.02.2023 |
| 5 | 20413 | वाराणसी जं.-इंदौर जं. | बुध, शुक्र | आंशिक निरस्तीकरण उज्जैन जं. स्टेशन पर | 21.02.2023 |
| 6 | 20414 | इंदौर जं.-वाराणसी जं. | बुध, शुक्र | आंशिक ओरिजिनेशन उज्जैन जं. स्टेशन पर | 22.02.2023 |
| 7 | 20415 | वाराणसी जं.-इंदौर जं. | सोम | आंशिक निरस्तीकरण उज्जैन जं. स्टेशन पर | 19.02.2023 |
| 8 | 20416 | इंदौर जं.-वाराणसी जं. | सोम | आंशिक ओरिजिनेशन उज्जैन जं. स्टेशन पर | 20.02.2023 |

नोटः- ट्रेनों की समय सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या रेल Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे G20 238/23(K)

@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# श्रृंगवेरपुर में विधि-विधान से पूजन कर वितरण किया रामचरितमानस ग्रन्थ

**लालगोपालगंज।** श्रृंग्वेरपुर धाम स्थित श्रीराम घाट पर मंगलवार जय श्रीराम सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीराम चरित मानस ग्रन्थ की विधि विधान से पूजन-अर्चन कर ग्रन्थ का वितरण किया गया। इस दौरान असमाजिक व्यक्तियों द्वारा मानस की चौपाई का झूठा व्याख्यान का जमकर विरोध किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, क्षेत्रीय लोगों और स्थानीय संत महात्माओं के साथ तीर्थ पुरोहित समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ हनुमानगढ़ी रामचौरा के महंत कमलदास महाराज और श्रृंग्वेरपुर पीठाधीश्वर महंत रामप्रसाद दास शास्त्री महाराज, आचार्य देवव्रत महाराज, सीआरपीफ उप महानिरीक्षक प्रभाकर त्रिपाठी, निषाद वंशज डॉ. बीके कश्यप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वेद बटुकों द्वारा स्वस्तिवाचन के साथ सुंदरकांड का भी आयोजन


श्रीराम चरित मानस ग्रन्थ की विधि विधान से पूजन-अर्चना करते हुए

किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष संजय तिवारी ने किया, जबकि संचालन महामंत्री अरुण द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित करते हुए महंत कमलदास महाराज ने कहा कि श्रीराम चरित मानस सनातनियों का हृदय है। रामचरितमानस हमें जीवन जीना सिखाती है। ग्रन्थ का विरोध करने वाले कदापि सनातनी नहीं हो सकते हैं। हमें सदैव गर्व करना चाहिए कि बाबा तुलसी ने हमें श्रीरामचरितमानस के रूप मे अमृत ग्रन्थ प्रदान किया है। समिति उपाध्यक्ष श्याम उपाध्याय और प्रदीप केसरवानी ने आए हुए श्रद्धालुओं का आभार जताया। इस अवसर पर कमल मौर्य, भाजपा नेता सुरेन्द्र मिश्र, अभिषेक भट्ट, शिव उपाध्याय, मनीष त्रिपाठी, धीरज शुक्ल, प्रवीण मिश्र, कमलेंद्र उपाध्याय, बल्लू तिवारी, कुलदीप तिवारी, शिवदीप तिवारी, हर्षित तिवारी, अजय कुमार, समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हुआ 1100 रामचरितमानस ग्रंथ का वितरण उतारी गंगा आरती

**लालगोपालगंज।** जय श्रीराम सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पूजन अर्चन के बाद मां भगवती की भव्य आरती उतारी गई। इससे पूर्व महंत कमलदास महाराज, दंडी महाराज, रामदास महाराज, राघवदास महाराज, निर्मल बाबा की उपस्थिति में समिति के अध्यक्ष संजय तिवारी, महामंत्री अरुण द्विवेदी एवं समिति के अन्य पदाधिकारियों ने रामचरित मानस ग्रन्थ की 1100 पुस्तकें वितरण किया। इस दौरान हजारों लोगों की भीड़ रही।

### भजन संध्या का हुआ आयोजन

**लालगोपालगंज।** श्रृंग्वेरपुर धाम मे सायंकाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीराम के श्रृंग्वेरपुर धाम आगमन, राम वन गमन दृश्य, माता सीता और भगवती गंगा के बीच के संवाद को भजन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। विभिन्न विषयों पर भजन सुनकर उपस्थित श्रोता भावविभोर हो रहे थे। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण महिलाओं समेत अन्य क्षेत्रीय लोगों का जमावड़ा लगा रहा।

### सीआरपीएफ के जवानों ने घाट की किया सफाई

**लालगोपालगंज।** पूजन अर्चन और रामचरित मानस ग्रन्थ वितरण से पूर्व सीआरपीएफ के जवानों ने श्रृंगवेरपुर धाम स्थित श्रीराम घाट की साफ सफाई किया। जवानों की टीम ने घाट को गंगा जल से धो डाला। साथ ही स्थानीय दुकानदारों को स्वच्छता का संदेश दिया कि दुकानों से निकलने वाले कचरे को सड़क पर न फेकें। इनके द्वारा फेंके जाने वाले कचरा सीधा गंगा में जा रहा है। जवानों ने स्थानीय लोगों को सफाई के प्रति संकल्प दिलाया।

### दबंगो ने नाबालिग के साथ किया छेड़खानी

**बहरिया।** बहरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात तीन दबंग किस्म के लोग घर में घुस कर गाली गलौज करते हुये मार-पीट किया तथा पीड़ित की 13 वर्षीय नातिन के साथ छेडखानी करने लगे जब पीड़िता ने विरोध किया तो दबंगो ने उसको और उसकी माँ को लाठी-डंडो से पीट दिया । जिसमें पीडिता व उसकी माँ एवं पिता को सर में गम्भीर चोटे लगी । उसके बाद षोर षराबा सुनकर आस-पास के लोग मौके पर आने लगे तो दबंगो ने जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़िता के पिता ने उक्त घटना की लिखित सूचना बहरिया थाने को दिया । तहरीर में पीड़िता के पिता ने बताया की एक व्यक्ति धमौर गांव है। तथा दो अज्ञात व्यक्ति है। पुलिस ने प्रथम प्राथमिकी दर्ज कर जाँच षुरु कर दिया है।


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा इलाहाबाद विश्वविद्यालय (सीएमपी डिग्री कॉलेज) द्वारा जारी किया गया मूल माइग्रेशन सर्टिफिकेट जिसका क्रमांक 3780 तथा दिनांक 26.09.2002 व बीकॉम रोल नंबर 23048, इनरोलमेंट नंबर M9730201201 वर्ष 1998 से 2001 कहीं खो गया है ।

**सतीश कुमार कुशवाहा पुत्र श्री रामचंद्र कुशवाहा, पता- 533 संगम रोड, कुशवाहा नगर, अरैल नैनी, प्रयागराज। मो0:** 88008 47836


## भुक्भोगी ने चोरी का अनाज खरीदने वाले दुकानदार के खिलाफ दी तहरीर

**मऊआइमा।** किसान का तीन बोरा धान चोरी हो गया। जब पता चला तो भुक्भोगी ने चोरी का अनाज खरीदने वाले दुकानदार के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दमोदरपुर निवासी छेदीलाल पुत्र राम सहाय का तीन बोरा धान 12 फरवरी को चोरी हो गया था। जब छेदी लाल को मंगलवार को पता चला कि उसका चोरी हुआ धान ग्राम मोहन का पूरा निवासी छेदीलाल गुप्ता पुत्र बंशीलाल के दुकान पर बेचा गया है। तब इसकी सूचना 112 नम्बर को दी गई। वह मौके पर पहुंच कर दुकानदार से तीनों बोरा धान अलग रखवा दिया। छेदीलाल ने मंगलवार को छेदीलाल गुप्ता के खिलाफ तहरीर दी है। तथा चोरी करके बेचने वाले के खिलाफ माल बरामदगी एंव चोरों का पता लगाने की बात कही है। पुलिस तहरीर लेकर दुकानदार से पूछताछ कर चोरी करके धान बेचने वाले के चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है।


मेजारोड व्यापार मण्डल कार्यालय पर बीके सिंह को ज्ञापन देते हुए

# व्यापार मण्डल मेजारोड ने जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

**मेजा।** व्यापार मण्डल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष बी के सिंह का व्यापार मण्डल कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया । इस दौरान अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय में जिला पंचायत अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि जिला पंचायत द्वारा व्यापरियों से टैक्स तो लिया जाता है लेकिन बाजार का कोई विकास कार्य नहीं किया जा रहा है। श्री उपाध्याय ने कहा है कि अगर जिला पंचायत के पास बाजार के विकास के लिए कोई एजेंडा नहीं है तो आगे व्यापारी कोई टैक्स अदा नहीं करेगा । उन्होंने कहा कि जिला पंचायत इकाई इस विषय पर कोई ठोस निर्णय लेकर व्यापार मंडल मेजारोड को अवगत कराएं वर्ना व्यापार मण्डल अपने निर्णय पर आगे बढ़ने के लिए मजबूर होगा । इस दौरान भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयशंकर पाण्डेय, बरिष्ट समाजसेवी सिद्धान्त तिवारी, व्यापार मंडल मेजारोड महामंत्री ओपी पाण्डेय, विनय शुक्ल, मुन्ना पाण्डेय, रोहित तिवारी, शुभम प्रजापति सहित दर्जनों लोग रहे।

## निर्मला पासवान ने उप मुख्यमंत्री से हवाई अड्डा बनवाये जाने का लिखा पत्र

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खंड के ग्राम सभा ददौली में सड़क के बगल पड़े डेढ़ सौ बीघा जमीन पर एमएलसी निर्मला पासवान ने अन्तराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने का उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के नाम पत्र लिख कर मांग की है। मऊआइमा विकास खंड के ग्राम सभा ददौली में डेढ़ सौ बीघा जमीन सरकारी पड़ी हुई है। जिस पर अवैध कब्जा किया गया है। एमएलसी निर्मला पासवान ने अपने पत्र में मांग कि है की उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या उक्त भूमि पर एक अन्तराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनवाएं। जिससे प्रयागराज का गौरव बढ़ैगा। बता दें कि यहां हवाई अड्डा बनने से बाहर विदेशों विशेष कर खलीज के देशों में रोजी रोटी के लिए रह रहे लोगों को बड़ी आसानी होगी।


**उत्तर मध्य रेलवे** G20

पत्रांक टी./गुड्स/टी.यू./अना.अनु.-2022 दिनांकः 14.02.2023

**गैर हाजिरी सूचना**

श्री क्षितिश कुमार तिवारी, पुत्र स्व. हृषीकेश तिवारी, CWMI/PRYJ, वर्तमान में कार्यरत CWMI/SJT, मण्डल-प्रयागराज, निवासी-मकान सं. 182/7, अवधपुरी कॉलोनी, म्योर रोड, नगर- प्रयागराज, उ.प्र. पिन-211001 आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 06.06.2022 से 04.08.2022 तक ADRM Cell/प्रयागराज में अनुपस्थित रहे। आपने 05.08.2022 से 21.08.2022 तक सक्षम अधिकारी की अनुमति से सुजातपुर स्टेशन पर अपना योगदान दिये तथा दिनांक 22.08.2022 से 27.08.2022 तक अवकाश पर थे। आपको दिनांक 28.08.2022 से अपने रेल कर्तव्य पर वापस आना था, परन्तु आप पुनः दिनांक 28.08.2022 से CWMI/SJT के रूप में लगातार अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे हैं। आप इस सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से दस (10) दिनों के अन्दर वरि. मण्डल परिचालन प्रबंधक (गुड्स)/उ.म.रे./प्रयागराज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, नवाब यूसुफ रोड, प्रयागराज के कार्यालय में अवश्य उपस्थित हों अन्यथा यह माना जायेगा कि आप आगे रेल सेवा नहीं करना चाहते हैं, जिसके कारण रेल प्रशासन को एकतरफा निर्णय लेने हेतु बाध्य होना पड़ेगा एवं आपके विरुद्ध बर्खास्तगी/निष्कासन/अनिवार्य सेवानिवृत्ति का दण्ड पारित किया जा सकता है।

नाम- श्री क्षितिश कुमार तिवारी, पुत्र स्व. हृषीकेष तिवारी, CWMI/PRYJ, वर्तमान में कार्यरत CWMI/SJT,
निवासी- मकान सं. 182/7, अवधपुरी कॉलोनी, म्योर रोड, नगर-प्रयागराज, उ.प्र. पिन- 211001

वरि.मं.परिचालन प्रबन्धक (गुड्स), उ.म.रे., प्रयागराज

238/23 FA

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in



पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए

# प्रयागराज

## मौसम

अधिकतम : 27.00
न्यूनतम : 15.00
सूर्योदय : 06.50
सूर्यास्त : 05.27

### चूल्हे की चिंगारी से छप्पर में लगी आग

**नैनी।** मवैया पाल बस्ती मे सोमवार को चूल्हे की चिंगारी से छप्पर मे आग लग गयी। आग इतना तेज था कि पड़ोसी का भूसा घर मे भी लग गया। स्थानीय लोग आग पर काबू पाते तब तक आग पूरा छप्पर मे जलकर राख हो गया था। मिली जानकारी के अनुसार सरजू शरण पाल जो कि किसान है। सोमवार को घर के बाहर अपने छप्पर मे चूल्हे मे कुछ पका रहे थे। उसी दौरान चूल्हे की चिंगारी से छप्पर मे आग लग गया। आग लगने से पड़ोसी गुलाब पाल के घर के अंदर रखे भूसा मे भी आग पकड़ लिया। आग लगने की जानकारी फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

## विश्वविद्यालय में तानाशाही और अनियमितताओं को लेकर फूंका कुलपति का पुतला

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में केंद्रीय लाइब्रेरी में व्याप्त अनियमितताओं तथा छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर आंदोलनकारी छात्र नेताओं ने कुलपति का पुतला फूंक बर्खास्तगी की मांग भी किया है। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि छात्रों की समस्याओं का निस्तारण शीघ्र अति शीघ्र नहीं किया गया आंदोलनकारियों की मांगों को अनसुना किया गया तो समस्त छात्र छात्राएं बड़े आंदोलन के बाध्य होंगे पुतला फूंकने वालों में छात्र नेता ललित श्रीवास्तव, विपिन राजभर, हरेंद्र यादव, मुबाशिर पुतला फूंकने वालों में हारून, शिवबली यादव, राहुल पटेल, संदीप विश्वकर्मा, प्रियांशु यादव, मनजीत पटेल, अनुराग यादव, गोलू पासवान, रिंकु सिंह, राहुल सरोज, जलज यादव, आलोक तिवारी, विकास यादव, अवनीश यादव, त्रयंबक नाथ,



कुलपति का पुतला फूंकते आंदोलनकारी छात्र नेता व छात्र

राणा यादव, टनटन यादव, विनीत शर्मा, शिवम सरोज, उज्वल सिंह, शैलेंद्र यादव, अभिषेक सरोज, प्रियांशु विद्रोही, असफाक खान, सचिन यादव, नसर खान, प्रशांत यादव, सन्नी चौधरी, आयुष आदि लोग शामिल रहे।

## हत्या के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना कोतवाली क्षेत्र के देवडा सदन रामबाग के पास से कोतवाली पुलिस को सटीक मुखबिर के सूचना मिलते ही अभियुक्त को मौके पर पहुंचकर धरदबोचा,वांछित अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहा था। अभियुक्त के खिलाफ मामला थाना कोतवाली क्षेत्र में मु0अ0सं0 270/22 धारा 302 भादवि व 3(2)(5) एस- सी /एस-टी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था अभियुक्त का नाम दीपकेन्दु मित्रा 66 वर्ष एम0आई0जी0 प्रीतम नगर थाना धूमनगंज का रहने वाला है। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर रामबाग के पास से गिरफ्तार किया। हालांकि अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मुदित राय,चौकी प्रभारी कृष्ण मुरारी चौरसिया अन्य सिपाही मौजूद रहें।

## लखनऊ का नाम बदले जाने के विरोध में प्रबुद्धवादी बहुजन मोर्चा ने सौंपा राज्यपाल को ज्ञापन



विरोध जताते प्रबुद्धवादी बहुजन मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य

**प्रयागराज।** मंगलवार को प्रबुद्धवादी बहुजन मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाला राम सरोज के नेत्रत्त्व मे लखनऊ के निर्माता महाराजा लाखन पासी की ऐतिहासिक धरोहर को उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा छेड़छाड़ कर उसका नाम बदलने की मंशा के बिरोध में जिलाधिकारी प्रयागराज के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौपा इस दौरान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाला राम सरोज ने कहा कि यदि बदलना है तो लखनऊ की जगह महाराजा लाखन पासी नगर किया जाय यदि कोई दूसरा नाम बदल कर पासियों की ऐतिहासिक धरोहर के साथ छेड़छाड़ किया गया तो प्रबुद्धवादी बहुजन मोर्चा जोरदार इसका विरोध करेगा। ज्ञापन मे प्रमुख रुप से मंगला प्रसाद, चंद्रशेखर पासी, सुनील पासी, जयदेव, राजेश पासी, प्रवीण सोनकर, मुनेश सरोज, विश्वप्रकाश, अशीस पासी, सिवा पासी, प्रदीप पासी, शिव प्रसाद, राजेश सोनकर, अभिषेक सरोज, धन्नजय पासी, सुयोग सिंह,जय कुमार, प्यारेलाल, दिलीप कुमार संदीप पासी आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### शिक्षामित्रों ने महासम्मेलन को लेकर भरी हुंकार



**जसरा।** परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों ने आगामी 20 फरवरी को लखनऊ में आयोजित होने वाले शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी व शिक्षामित्र महा सम्मेलन को लेकर बीआरसी जसरा में मंगलवार को बैठक कर रणनीति बनाई। बीते 22 वर्षो से बेसिक शिक्षा विभाग में अपनी सेवा देते आ रहे शिक्षामित्र समय समय पर नियमतीकरण, मानदेय बढ़ोत्तरी व विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलित रहे हैं। विगत 12 जनवरी को शिक्षामित्रों ने लखनऊ में स्वाभिमान बचाओ रैली आयोजित कर सरकार से समन्वयवादी नीति अपनाने के संकेत दे दिए थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष सुमन्त भार्गव ने कहा कि आगामी 20 फरवरी को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में शिक्षामित्रों के समस्त संघो का महासम्मेलन आयोजित है, इसलिए सभी को अपनी एकजुटता व चट्टानी ताकत का अहसास कराने हेतु राजधानी पहुंचें। ब्लॉक संरक्षक प्रभात चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि शिक्षामित्रों का उक्त महासम्मेलन सरकार के बीच सामंजस्य स्थापित करेगा। प्रभारी दशरथ लाल भारती ने कहा कि अल्प मानदेय में कार्य कर रहे शिक्षामित्रों को अपने हक को हासिल करने के लिए 20 को लखनऊ कूच करना है। बैठक में प्रमुख रूप से कृष्णदत्त पाण्डेय, आशीष जायसवाल, विजय रावत, राजेश कुमार, अफजल सिद्दीकी, वंदना श्रीवास्तव, बीनू कन्नौजिया, पुष्पा पटेल, आशा देवी, विजय प्रकाश सोनकर, देवेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र कुशवाहा, नीलम देवी, शकुंतला यादव, यशवंत राव प्रजापति सहित दर्जनों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

### पुलवामा हमले की बरषी पर जिलापंचायत अध्यक्ष ने शहीद महेश को दी श्रद्धांजलि



**उरुवा।** 14 फरवरी 2019 को कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए मेजा के टुड़ीहार बदल का पुरवा निवासी महेश कुमार के शहीद स्थल पहुंचकर मेजा और अन्य क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि दी। पुलवामा हमले में शहीद हुए महेश कुमार की बरषी पर मंगलवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. बी के सिंह महेश कुमार के शहीदस्थल पहुंच कर शहीद के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इसके पूर्व गांव के प्रधान सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शहीद महेश कुमार को अपनी श्रधांजलि अर्पित किया। शाम को प्रयागराज से अपनी टीम के साथ आए जीसी सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह ने अपने साथियों के साथ शहीद के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर शहीद महेश कुमार के पिता राजकुमार यादव, भाई अमरेश कुमार यादव, शहीद के दोनों बेटे समर तथा साहिल एवं सिरसा मंडल अध्यक्ष श्यामराज यादव, सुभाष मिश्र पयासी, एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र, इंस्पेक्टर मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र, सपा नेता प्रमिल यादव, बुक्कन यादव उर्फ राजा भइया,आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. अल्ताफ अहमद, नितिन पटेल, विशाल यादव, पूनम सिंह, ओम मिश्र सहित अनेक लोग मौजूद रहे। घर पर हुआ श्राद्ध एवं शांति हवन पुलवामा हमले में शहीद महेश कुमार की बरषी पर मंगलवार को उनके घर भी शांति हवन और श्राद्ध कर्म का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य की उपस्थिति में पिता राजकुमार यादव ने श्राद्ध और शांति हवन किया। इस मौके पर शहीद के परिजन और गांव के अनेक लोग मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत



**प्रयागराज।** जिला महानगर महिला युवा, कार्य समिति की एक बैठक सोमवार को एक होटल में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष एडवोकेट जूही जयसवाल एवं संचालन युवा नगर अध्यक्ष एडवोकेट गौरव करवरिया ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए गौरव करवरिया ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए यथासंभव प्रयास कराकर निष्पादित कराने की बात कही साथ ही(स्वाभिमान यात्रा)के साथ (व्यापारी समस्या समाधान रथ)भी रहेगा जिसमें 1 पेटिका रहेगी प्रयागराज के हर क्षेत्र के व्यापारी अपनी अपनी समस्या लिखित रूप से अपना नाम, फर्म, मोबाइल नंबर, के साथ डाल सकते हैं जिसका निस्तारण शासन-प्रशासन के स्तर से कराया जाएगा मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष अनूप वर्मा ने बताया कि प्रदेश और महानगर संगठन के 50 वर्ष पूर्ण हो गए हैं जिस उपलक्ष में पूरे वर्ष (स्वर्ण जयंती) वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है जो 24 दिसंबर 2022 से 24 दिसंबर 2023 तक निरंतर चलता रहेगा इसी क्रम में 1 अप्रैल 2023 को स्वाभिमान यात्रा के साथ डिजिटल रथ भी पूरे उत्तर प्रदेश में भ्रमण कर प्रयागराज पहुंचेगी संरक्षक/अध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में संपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा की सभी बाजारों में व्यापारियों को पत्रक बाटकर इस अभियान के द्वारा (70 30 930 361) पर मिस कॉल करा कर जागरूक किया जाएगा ताकि स्वाभिमान यात्रा की जानकारी जन जन तक पहुंच सके साथ ही प्रयागराज के व्यापारियों का मोबाइल नंबर लिंक कर एक ग्रुप बनाया जाएगा जिससे कहीं पर भी किसी प्रकार की कोई घटना घटित हो तो पूरे जनपद में संगठन के द्वारा घटना का विरोध हो सके साथ ही सरकार द्वारा नई-नई योजनाओं को सभी व्यापारी भाइयों तक पहुंचाया जाता रहेगा आज की इस बैठक में मुख्य रूप से नगर कोषाध्यक्ष निखिल पांडेय, गंगा पार अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, नगर कोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी, युवा नगर महामंत्री अंकित गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष अभिषेक केसरवानी, नगर मंत्री रुपेश चौधरी, अर्चना केसरवानी, ज्योति दुबे, संदीपमा वर्मा, आभा अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## नवाबगंज में लाठी डंडे से पीटकर अधेड़ की हत्या

**लालगोपालगंज।** मामूली विवाद में एक अधेड़ को लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। मामला नवाबगंज थाना क्षेत्र के माधवपुर चांधन उर्फ घाटमपुर गांव का है। पुलिस ने बेटी की तहरीर पर चार लोगों को नामजद कर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद अधेड़ के घर में कोहराम मचा हुआ है। धुन्नीलाल पासी पुत्र स्व. रामनाथ (55) खेती किसानी कर परिवार का पालन पोषण करता था। मंगलवार को शाम करीब तीन बजे उसकी बेटी रतना घर से खेत की ओर जा रही थी। आरोप है कि पड़ोस के कल्लू देवी पत्नी स्व. बिहारीलाल, दामाद अतुल निवासी भिटवा, बरना हथिगवां प्रतापगढ़, उर्मिला पत्नी जीतलाल सरोज, देवीदीन पुत्र स्व. बिहारीलाल आदि लोग युवती को रोककर गाली गलौज करने लगे। परिजनों ने विरोध किया तो विपक्षी लाठी डंडे और लोहे की राड से लैस होकर घर पर चढ़ गये। चुन्नीलाल पासी पर प्राणघातक हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। सूचना पाकर नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों की मद्द से पुलिस ने घायल धुन्नीलाल को सीएचसी कौड़िहार ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देख एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। एसआरएन अस्पताल पहुंचने पर वहां के डाक्टरों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पीड़ित बेटी ने चार लोगों को नामजद किया है।

## घर के अंदर वृद्धा का शव मिलने से हड़कम्प

**नैनी।** मंगलवार को वृद्धा का शव घर के अंदर मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगो ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने परिजनो को सूचित कर शव को अपने कब्जे मे लेकर पीएम हाउस भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी क्षेत्र के एडीए कालोनी निवासी सतवती कुशवाहा (75) पत्नी सोमपाल कुछ दिनो पहले सोमपाल अपने बेटी के घर रांची गये हुये थे। सोमपाल ने कहा ने पत्नी सतवती को अकेले छोड़कर गये हुये थे। सोमवार को परिजन फोन कर रहे थे, मगर कोई जवाब नही मिला।पड़ोसियों से जानकारी लेने के लिये काल किया। लोगो ने काफी प्रयास किया दरवाजा नही खुला तो दरवाजा तोड़ कर अंदर गये देखा कि सतवती मृत बिस्तर पर पड़ी हुई थी। स्थानीय लोगो ने जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को अपने कब्जे मे लेकर पीएम हाउस भेज दिया।

## उमरे महाप्रबन्धक ने 05 रेल कर्मचारियों को प्रदान किए संरक्षा पुरस्कार

### महेश चौधरी, बने माह जनवरी, 2023 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी

**प्रयागराज।** मंगलवार को महाप्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, मनीष कुमार गुप्ता एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित 05 रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक महोदय के द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कृत कर्मचारियों में संदीप साहू, लोको पायलट/झांसी/झांसी मण्डल, शिवम श्रीवास, सहायक लोको पायलट/ झांसी/ झांसी मण्डल, भाई लाल, ट्रैक मेन्टेनर/ महोबा/झांसी मण्डल, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय/ प्वाइण्टसमैन/ चन्दारी/ प्रयागराज मण्डल एवं महेश चौधरी, ट्रैकमैन/ कोसीकलां/ आगरा मण्डल



उत्कृष्ट कार्यों के लिए कर्मचारियों को पुरस्कृत करते उमरे महाप्रबंधक सतीश कुमार

शामिल हैं। महेश चौधरी को माह जनवरी, 2023 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। महेश चौधरी ने दिनांक 21.01.23 को लगभग 08.00 बजे घर से ड्यूटी आ रहे थे। इन्होंने देखा कि गाड़ी संख्या 18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के B4 बोगी संख्या -183027/C में व्हील के उपर आग एवं धुआं निकल रहा था। जिसकी सूचना इन्होंने तत्काल प्वाइंटसमैन मान सिंह को फोन पर दी एवं इन्होंने अपनी पानी की बोतल से पानी लेकर आग बुझाने लगे। उसी समय किसी यात्री ने ACP कर गाड़ी रोकी। इनकी इस सतर्कता एवं आवश्यक कार्य के प्रति सजगता से संभावित रेल दुर्घटना का समय रहते बचाव हो गया।

## नैनो यूरिया के उपयोग से समृद्धशाली बनेगा अन्नदाता : डॉ० मनसुख मांडविया

**लोकार्पण**

### इफको फूलपुर इकाई में नैनो यूरिया तरल संयंत्र का लोकार्पण कर किया देश को समर्पित

**फूलपुर।** इफको नैनो यूरिया तरल किसानों के भविष्य बदलने की योजना बनेगी। यह वैकल्पिक खाद हैं, जो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को जीवंत रखती है। किसान की आय व समृद्धि के लिए नैनो यूरिया तरल वरदान साबित हो रही है। अब किसानों को नैनों यूरिया तरल के साथ-साथ आने वाले दिनों में नैनो डीएपी भी उपलब्ध होगी। नैनो यूरिया से किसानों की समृद्धि के साथ-साथ भारत का भी भविष्य बनेगा। उक्त बातें मंगलवार को इफको फूलपुर इकाई में नैनो यूरिया तरल के नवीन संयंत्र का लोकार्पण के बाद समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री भारत सरकार डां मनसुख मांडविया ने कही। उन्होंने कहा कि किसानों को समय व आवश्यकता पर खाद मिले यह सरकार की प्राथमिकता में है। किसान देश के अन्नदाता है, इसलिए एक किसान दूसरे किसानों को नैनो यूरिया तरल के बारे में जानकारी उपलब्ध कराते हुए उसे अपनाने की सलाह दें। उन्होंने कहा कि कालोल में पहले संयंत्र के सफल प्रयोग के बाद उत्तर प्रदेश के आंवला व फूलपुर में प्रतिदिन दो लाख नैनो यूरिया तरल बोतल का उत्पादन किया जाएगा। इस वर्ष ढाई लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी किसानों के यूरिया व खाद



इफको की फूलपुर इकाई में किसानों को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री डा०मनमुख मांडविया

खरीद पर सरकार ने दिया है जो अब नैनो यूरिया से उसकी बचत होगी। लोकार्पण अवसर पर इफको इकाई के प्रमुख व वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने आए हुए अतिथियों स्वागत किया। इफको समूह के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने इफको नैनो यूरिया के अविष्कार व अब तक के प्रयत्न के बारे में जानकारी दी। इफको संस्था के उपाध्यक्ष बलवीर सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी, उप प्रबंध निदेशक राकेश कपूर, सांसद फूलपुर केसरी देवी पटेल, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, महाप्रबंधक गिरिधर मिश्र, इफको ऑफीसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश, कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज पांडेय, महामंत्री विनय यादव, वित्त एवं लेखा प्रमुख संतोष कुमार सिंह, जनसंपर्क अधिकारी सोनू तिवारी सहित सभी कर्मचारी अधिकारी व क्षेत्र के भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इस दौरान लोकार्पण अवसर पर अशोक बेशरम, जितेंद्र जलक, नजर इलाहाबादी, राधेश्याम भारती, अरविंद शुक्ला समर्थ कवियों ने भी अपने कविता पाठ के माध्यम से जहां किसानों को नैनो यूरिया तरल के अविष्कार उपयोग व खूबियों से जानकारी दी।

## दो पक्षों में विवाद, आधा दर्जन का चालान

**लालापुर।** क्षेत्र के भिलोर गांव में यमुना बालू को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। शिकायत पर लालापुर पुलिस ने आधा दर्जन का चालान शांति भंग की धारा में कर दिया। सरकार द्वारा यमुना बालू खनन का पट्टा भिलोर गांव में दिया गया है। जिस पर यमुना घाट तक जाने के लिए रास्ता बना कर एक सप्ताह से खनन कार्य भी शुरू हो गया है।मंगलवार को बालू निकालने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए वहां मौजूद ठेकेदार के गार्डों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। विवाद की जानकारी लालापुर पुलिस को हुई तो भिलोर गांव पहुंची मौके पर मिले भिलोर गांव निवासी रावेंद्र उर्फ बुलबुल सिंह व दूसरे पक्ष के इब्राहिम पुत्र जिया मुहम्मद को थाने लेकर गई और शांति भंग की धारा में चालान कर दिया।

## मेजा ऊर्जा निगम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 1029 ग्रामीण हुए लाभान्वित

**मेजा।** 'सभी के लिए स्वास्थ्य' अभियान के तहत विगत 04 फरवरी से 13 फरवरी तक मेजा ऊर्जा निगम (प्रा.) लिमिटेड द्वारा झडीयाही, सलैया कला, सलैया खुर्द, इसौटा-पतई दांडी, मई कला, मईखुर्द, बिजौरा एवं कोहड़ार गांवों में स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में लगभग 1,029 ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में, विभिन्न नियमित चिकित्सा परीक्षण किए गए और लाभार्थियों के बीच उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए चिकित्सा सलाह के साथ-साथ मुफ्त दवाएं भी वितरित की गईं। उल्लेखनीय है कि सलैया खुर्द गांव में स्वास्थ्य शिविर के अलावा एक अतिरिक्त आयुष शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें लाभार्थियों के बीच स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद की भूमिका पर चर्चा की गई। केदार रंजन पांडु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मेजा ऊर्जा निगम) ने स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में की गई पहल की सराहना की और सामुदायिक विकास की दिशा में कार्य करने के लिए मानव संसाधन-आर एंड आर विभाग को प्रोत्साहित किया।

## उचक्कों ने खड़ी कार के अंदर से उड़ाया बैग

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के कॉटन कॉटन मिल तिराहे पर उचक्को ने खड़ी कार के अंदर से बैग उड़ा दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार खरकौनी निवासी विजय कुमार तिवारी ग्राम विकास विभाग में जेई है। वह कोरांव ब्लाक में तैनात है। उन्होंने पुलिस को बताया, कि सोमवार की सुबह वह अपनी कार से कोरांव ब्लाक जाने के लिए निकले थे। कॉटन मिल तिराहे पर वह कार खड़ी कर पान खाने चले गए। लौट कर वह कार लेकर जाने लगे, तो एक युवक पहुंचा और बताया, कि आपकी कार से मोबिल गिर रहा है। वह उतरे और बोनट खोल कर देखने लगे। इसी बीच युवक कार की पीछे सीट पर रखा उनका बैग उड़ा दिया। बैग में लैपटॉप के साथ अन्य जरूरी कागजात थे। वह कोरांव ब्लाक पहुंचे, तो उन्हें इसकी जानकारी हुई। मालूम हो, कि एक माह पूर्व इसी जगह पर बिल्डिंग कारोबारी नैनी निवासी हेमंत सिंधी के साथ भी ठगों ने इसकी तरह से ठगी की थी।

## कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** मंगलवार को आतंक वादियों द्वारा पुलवामा में भारतीय जवानों के शहादत दिवस पर शहर कांग्रेस ने नखास कोहना चौराहे से कैंडल मार्च शांति पूर्वक निकाला। यह कैंडल मार्च धीरे-धीरे चौक नीम के पेड़ के नीचे शहीद स्थल पर पहुंचा। वहां पर पुलवामा में मारे गए शहीद जवानों को कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि आज ही के दिन 14 फरवरी को कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादियों ने हमारे चालीस जवानों को शहीद कर दिया था। हम उन जवानों के हमेशा ऋणी रहेंगे कि उन्होंने अपनी जान की आहुति दे कर भारत की रक्षा की हम सब की रक्षा की। हमें अपने जवानों पर गर्व है। श्री अंशुमन ने कहा कि एक तरफ यह दुख भी होता है कि अभी तक पुलवामा में हूए दर्दनाक घटना की जांच नहीं हो पाई और न ही हमारे जवानों के कातिल पकड़े गये।श्री





कैंडल मार्च निकाल पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

अंशुमन ने सरकार से करते हूए कहा कि सरकार को चाहिये कि हमारे जवानों के कातिल को पकड़ कर जेल भेजे और हमारे जवानों के परिवारजनो को हर सम्भव सहायता प्रदान करे।उक्त असर पर प्रदेश कांग्रेस के सचिव एवं शहर प्रभारी उज्जवल शुक्ला ने कहा कि शहीद स्थल पर माल्यार्पण कर अमर जवान शहीदोंको श्रद्धांजलि अर्पित की ।

कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम ने किया।

उक्त अवसर पर सर्वश्री तसलीम उद्दीन,अनूप सिंह, मोहम्मद इरफान, राज कुमार सिंह रज्जू,अजेंद्र गौड़, अबदुल कलाम आजाद, शिव शंकर मिश्रा, इरशाद उल्ला, मानस शुक्ला,मोहम्मद अजमल राजू, रेयाज अहमद, मोहम्मद हसीन, विशाल सोनकर, विनय पाण्डेय, नागेन्द्र मिश्रा, सम्भव साहू, नफीस कुरैशी, दरक्शा कुरैशी, विशाल अग्रवाल, आदि सैकड़ों लोग उपस्थिति रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह : दाम्पत्य सूत्र में बंधे 676 जोड़े

## नवीन मंडी ओसा में आयोजित हुआ विवाह कार्यक्रम, सांसद सहित डीएम, एसपी ने दिया वर-वधु को आशीर्वाद

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मंगलवार को नवीन मंडी ओसा में सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 676 जोड़ों ने एक दूसरे को वर माला डाल दाम्पत्त्य सूत्र में बंधे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विनोद सोनकर व जिलाधिकारी सुजीत कुमार, एसपी वृजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने वरवधु को आशीर्वाद दिया।

आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री सोनकर ने कहा कि यहॉ का वातावरण देखने से नहीं लगता कि आज समाज के गरीब वर्ग के लोगों के पुत्र-पुत्रियों की शादी हो रही है, बल्कि ऐसा लग रहा है कि जैसे राजा-महाराजाओं के पुत्र-पुत्रियों की इतने भव्य तरीके से शादी का आयोजन किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को इतने भव्य तरीके से आयोजित कराने के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। वहीं नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए ईश्वर से सफल एंव सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश का एक-एक बच्चा व सदस्य मोदी एवं योगी के परिवार का सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार देश व प्रदेश को विकास के सर्वोच्च पटल पर ले जा रहें हैं तथा समाज के सभी वर्गों की छोटी से छोटी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री देश के विकास के साथ ही देश की सीमाओं की सुरक्षा के प्रति चिन्ता करते हैं तथा मुख्यमंत्री प्रदेश में कैसे विकास हों व यहॉ के युवाओं को रोजगार कैसे मिलें, इस पर निरन्तर चिन्तन करते हैं, जिसका परिणाम है कि लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 32 लाख करोड़ के निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार देश व प्रदेश के विकास के साथ ही गॉव, गरीब, मजदूर के कल्याण एवं किसी गरीब की बेटी अविवाहित न रहें, इसकी भी चिन्ता करते हैं तथा आज बेटियॉ बोझ नहीं हैं, बेटियों की शादी सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित कर करा रहीं है। सासंद ने कहा कि वर्ष 2018 में आयोजित कौशाम्बी महोत्सव में मुख्यमंत्री द्वारा जनपद को अनेक योजनाओं-कौशाम्बी को बौद्ध एवं रामायण सर्किट से जोड़ने, एयरपोर्ट प्रयागराज से उत्खनन स्थल तक सड़क का निर्माण, मंझनपुर बस डिपो का निर्माण आदि सौगात दी गई थी। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी का गौरवशाली एवं वैभवशाली इतिहास रहा है, कौशाम्बी की भूमि पवित्र व वन्दनीय है। विन्ध्याचल धाम के तर्ज पर मॉ शीतलाधाम कड़ा कॉरीडोर का विकास किया जायेंगा। कहा कि कौशाम्बी विकास परिषद के तत्वावधान में आगामी 07, 08 एवं 09 अप्रैल को भव्य तरीके से कौशाम्बी महोत्सव का आयोजन किया जायेंगा तथा महोत्सव में विख्यात कवि कुमार विश्वास के द्वारा रामकथा कार्यक्रम भी आयोजित होगा। कहा कि देश व प्रदेश में ऐसी सरकार है, जो बेटियों के जन्म से लेकर शिक्षा एंव विवाह तक चिन्ता कर अनेक कल्याणकारी योजनायें संचालित कर रहीं हैं। प्रधानमंत्री जी ने बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था, जिसका परिणाम है कि लिंगानुपात में बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि गरीब मॉ को अब अपनी बेटी के विवाह की चिंता करने की जरूरत नहीं है, प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विवाह करा रही हैं। यह भी कहा कि 11 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किया गया है तथा किसानों से एमएसपी के दर पर गेहूॅ व धान की खरीद की जा रही हैं। इस दौरान जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शासन की महत्वाकॉक्षी योजना है, जिसके द्वारा जो परिवार अपने पुत्रियों के विवाह करने में सक्षम नहीं हैं, उन सभी के पुत्रियों का विवाह, इस योजना के अन्तर्गत आयोजित कर किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों से कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेक योजनायें संचालित की जा रही है, इन योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ उठायें। सरकार की योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुॅचाने के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए सहायता राशि के रूप में 35000 (पैतीस हजार) रुपए कन्या के खाते में अंतरित की जाती है तथा विवाहित जोड़ों को विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री (कपडे विछिया, पायल, वर्तन) के लिए 10000 (दस हजार) रुपए दिया जाता है। प्रत्येक विवाहित जोड़े पर शादी व्यवस्था के लिए 06 हजार खर्च करने का प्रावधान है। इस प्रकार कुल 51 हजार प्रत्येक जोड़े पर व्यय किये जाने का प्राविधान है।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते सांसद विनोद सोनकर


नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते सांसद व अधिकारीगण

## संक्षेप

### घर के बाहर बंधी भैंस गायब, चोरों के हौसले बुलंद

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली अंतर्गत मखउपुर गांव के बाहर बंधी भैंस सोमवार की रात्रि चोर खोल ले गए। दूसरे दिन खूंटे पर भैंस न देख मवेशी मालिक हैरान हो गया। खोजबीन के बाद सुराग न लगने पर पिपरी कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर सौंपा है। बता दें कि मखउपुर गांव निवासी शुभम यादव पुत्र सुखराज सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि रोजाना की तरह उसकी भैंस घर के बाहर खूंटे में बंधी थी। सुबह जब भैंस खूंटे में नहीं दिखी तो उसकी खोजबीन किया गया। कहीं सुराग नहीं लगा तो इसकी लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दिया है। हालांकि पीड़ित के मुताबिक उसकी भैंस कीमती थी। बहरहाल कुछ भी इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद हैं।

### युवक को दी जान से मारने की धमकी, केस

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के तिवारी का पुरवा निवासी मनीष कुमार ने बताया कि वह खेत की ओर गया था। इसी दौरान गांव का अशोक निषाद भी पहुंच गया। तीखी झड़प के बाद आरोपित अशोक ने मनीष को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। घर पहुंच युवक ने आपबीती परिजनों को बताई। देर शाम पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को निकाली रैली

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत पूरब-पश्चिमशरीरा में मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गई। ईओ सुनील कुमार सिंह ने लोगों से कहा कि वह अपने घरों का सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करके कूड़ा गाड़ी में ही फेंकें। इधर-उधर कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर विक्रम सिंह, सतीश कुमार, राजू श्रीवास्तव, हरिप्रसाद, बुल्ला यादव आदि मौजूद रहे।

### युवक के साथ किशोरी फरार

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी पड़ोसी गांव के एक युवक के साथ फरार हो गई। शनिवार की दोपहर किशोरी घर से खेत की ओर जाने के बहाने निकली थी। देर रात किशोरी के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। दूसरे दिन पता चला कि पड़ोसी गांव का युवक किशोरी के साथ शाम देखा गया था। खोजबीन के बाद पीड़ित पिता थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़ित पिता से तहरीर लेकर पुलिस ने प्रेमी युगल की तलाश शुरू कर दी है।

### भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**कौशाम्बी।** महेवाघाट के शाहपुर निवासी महेश कुमार ने बताया कि गांव में उसकी जमीन है। इसमें पड़ोसी दबंग कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं। आरोप है कि शिकायत के बाद भी तहसील प्रशासन दबंगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है। पीड़ित ने मंगलवार को मामले की शिकायत डीएम से की है।

# बंद घर में लगी आग, गृहस्थी जलकर खाक

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के बिरनेर गांव स्थित एक बंद घर में सोमवार की रात आचानक आग की लपट दिखाई दिया। देखते ही देखते लोगों का मजमा लग गया और लोग आग पर काबू पाने के लिए मशक्कत में जुट गए, लेकिन जब तक आग पर काबू पाते तब तक घर पर मौजूद रही गृहस्थी जलकर राख हो गई।

बिरनेर गांव निवासी दिनेश लाल पुत्र मूरत लाल घर में ताला बंद कर कहीं चले गए थे, सोमवार की रात्रि आचानक उनके बंद घर में आग लग गई। हालांकि इसकी जानकारी होने पर गांव व मुहल्ले के लोग एकत्रित होकर किसी तरह आग पर काबू पाए। घटना की जानकारी जरिए दूरभाष गृहस्वामी को दी गई। हालांकि दूसरे दिन घर के लोग पहुंच गए थे। कहा जा रहा था कि घर रही जारों की गृहस्थी आग में जलकर राख हो गई थी।


आगजनी के बाद जली गृहस्थी

## घर से बिना बताए निकल गया बुजुर्ग परिजन परेशान

**कौशाम्बी।** बुजुर्ग व्यक्ति की मानसिक हालत ठीक न होने के कारण 13 जनवरी को लगभग शाम पांच बजे बिना बताए घर से बाहर निकल गया। वापस नहीं आने पर तलाश में परिजन जगह भटक रहे हैं। धूमनगंज थाना क्षेत्र के महेंद्र नगर कालोनी निवासी अतुल राय ने बताया कि उनके नाना गाजीपुर निवासी जितेंद्र राय 70 वर्ष की मानसिक हालत ठीक नहीं थी, जिन्हें इलाज के लिए प्रयागराज लाया गया था। उनका इलाज न्यू कैंट प्रयागराज में चल रहा था, 13 जनवरी को वह बिना बताए घर से निकल गए और वापस नहीं आए। हालांकि तहरीर धूमनगंज पुलिस को दी गई है।

# पुत्र ने पिता को पीटकर उतारा मौत के घाट

**अपराध**

**पश्चिम शरीरा के खरौना गांव में हुई वारदात, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे**

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा कोतवाली अंतर्गत खरौना गांव में सोमवार की रात्रि संपत्ति विवाद को लेकर पिता पुत्र में विवाद हुआ। हालांकि मारपीट में घायल वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं कातिल बेटे की पुलिस ने गिरफ्तारी भी कर ली थी।

घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के खरौना गांव निवासी अशर्फीलाल के पास 15 बिस्वा जमीन है। इतना ही नहीं उसके दो बेटे हैं छोटा बेटा राजकुमार पानीपत में रहकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है, बड़ा बेटा सुनील कुमार गांव में रहता है। आरोप है कि वह शराब पीने का आदी है, इतना ही नहीं शराब की लत में पड़े सुनील ने कई लोगों से कर्ज भी ले रखा है। ऐसे में सुनील पिता को जमीन बेचने का दबाव बना रहा था, जिससे वह अपना कर्ज उतार सके, लेकिन पिता जमीन बेचकर सुनील को पैसा देने को कतई तैयार नहीं था, इसी बात को लेकर सोमवार की रात बेटे सुनील और पिता अशर्फी लाल में विवाद हुआ। आक्रोशित बेटे ने लाठी से वार कर दिया। घटना में वृद्ध को गंभीर चोट आई। गांव से छन कर आ रही चचाओं पर जाएं तो कहा जा रहा है कि गंभीर रूप से घायल वृद्ध रात भर घर में पड़े तड़पता रहा। कोई अस्पताल नहीं ले गया। रात्रि में कब उसने दम तोड़ दिया यह स्पष्ट नहीं किया जा सकता है। उधर दूसरे दिन सोमवार को बगैर पुलिस को सूचना गुपचुप अंतिम संस्कार की तैयारी हो रही थी लेकिन मामले की जानकारी गांव के लोगों को लगी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस के हत्थे आरोपी भी चढ़ गया है, जिसकी लिखा पढ़ी पुलिस ने शुरू कर दी थी। हालांकि मामले अन्य रहस्य क्या हैं यह तो पुलिसिया जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा।


मृतक की फाइल फोटो

# दुर्घटना में जख्मी युवक ने दम तोड़ा

**कौशाम्बी।** सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक की सोमवार की रात इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार को मंझनपुर थाना क्षेत्र के कादीपुर के समीप बस की टक्कर से लगने से युवक घायल हो गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजने के बाद मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पिपरी थाना क्षेत्र के भीखपुर मेड़वारा निवासी आशीष कुमार रविवार को रिश्तेदार के साथ बाइक से घूमने गया था। शाम को दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। कादीपुर गांव के समीप पीछे से आई बस की टक्कर से दोनों युवक जख्मी हो गए। परिजनों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सोमवार की शाम जख्मी आशीष कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं साथ रहा युवक का इलाज अभी चल रहा है। आशीष की मौत की जानकारी परिजनों को हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के पिता जयकरन की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## विक्रम की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कौशाम्बी।** सरायअकिल निवासी मोहनश्याम पुत्र कालिका प्रसाद मंगलवार सुबह किसी काम से मंझनपुर जा रहा था। म्योहर के समीप पीछे से आए विक्रम ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि स्थिति खतरे से बाहर है।

## जुए की फड़ पर छापा, 18 गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** सैनी थाने की पुलिस ने सोमवार की रात शाखा गांव में सजी जुए की फड़ पर छापा मारते हुए डेढ़ दर्जन जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने जुए की फड़ से करीब 13 हजार रुपये नकदी के साथ ताश के पत्ते बरामद किया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को जेल भेज दिया है। सोमवार की रात सैनी व अजुहा चैकी पुलिस ने जुए की फड़ पर छापा मार दिया। पुलिस ने 18 जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने जुए की फड़ से 13 हजार रुपये नकदी के साथ ताश के पत्ते बरामद किया। पकड़े गए जुआरी भोलानाथ निवासी नरसिंहपुर, सुनील कुमार निवासी घटमापुर, कल्याण सिंह पहाड़पुर, बिद्धू शमसाबाद, सुशील सिंह शाखा, राजकुमार ताजपुर, तेरा पटेल बनपुकरा, शशिकांज सिराथू, कृष्ण गोपाल पहाड़पुर, धर्मेंद्र, पप्पू, शाखा, रतिभान भडेहरी, उमेश कुमार सैनी, असलम हिसामपुर, शहंशाह खखरेरू, मैसर खखरेरू, चंद्रपाल जगन्नाथपुर व अंकुर निवासी बताए गए हैं।

## किसान के घर से हजारों का सामान चोरी

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के नींबीशाना गांव निवासी एक किसान के घर से सोमवार रात ताला तोड़कर चोरों ने नकदी, गहने सहित हजारों का माल पार कर दिया। गृहस्वामी को घटना की जानकारी सुबह हुई। उसने पुलिस को तहरीर दे दी है। नींबीशाना गांव निवासी अमृतलाल पुत्र राजाराम किसान है। उसने बताया कि सोमवार रात वह और परिवार के सदस्य खाने के बाद सो गए। इस दौरान ताला तोड़कर भीतर घुसे चोर करीब 15 हजार रुपये नकद, कपड़ा, बर्तन व गहने समेटकर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने जांच की। हालांकि शुरूआती जांच में पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। पुलिस की ओर से जल्द ही घटना का खुलासा करने की बात कही गई है।

# ई-रिक्शा की बैट्री चोरी रिक्शा गांव के बाहर फेंका

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली अंतर्गत शहजादपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ई-रिक्शा चालक है। उसके मुताबिक रोजाना की तरह वह घर के बाहर खड़े खंभे में रिक्शा को जंजीर से बंधा रखा था, बावजूद इसके चोरों ने उसके ई-रिक्शा को उठा ले गए और उसकी बैट्री खोलकर रिक्शा को गांव के बाहर खड़ा कर दिया। दूसरे दिन जानकारी होने पर पीड़ित ने इसकी लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दिया है।

शहजादपुर निवासी अजय कुमार पाठक ई रिक्शा चलाते है। उन्होंने बताया की प्रतिदिन की तरह सोमवार को शाम को वह अपना ई रिक्शा घर के बाहर खड़ा कर उसे जंजीर के माध्यम से खंभे में बांध दिया था। दूसरे दिन सुबह उठे तो जंजीर टूटी और ई-रिक्शा गायब देख वह हैरान हो गए। इसी दरम्यान गांव के लोगों ने बताया कि गांव के बाहर पलटा ई-रिक्शा पड़ा है। मौके पर जाकर देखा तो चोरों ने उसकी बैटरी गायब कर दी थी। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर शहजादपुर चैकी पुलिस को दिया है। यह भी बताया जाता है कि बैट्री खोलने की वारदात सीसीटीवी में कैद भी हो गई है।

## एसपी ने सुनी पीड़ितों की फरियाद

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को कार्यालय में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अफसर के सामने सर्वाधिक शिकायतें जमीन से जुड़ी रहीं। कई लोगों ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने आरोप लगाया। फरियादियों की समस्याओं को सुनने के बाद एसपी ने सभी जिम्मेदारों को कड़ी हिदायत दी कि थाने स्तर पर समस्याओं का समाधान हर हाल में कराएं।

## युवक ने किशोरी से किया दुराचार केस दर्ज

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी शुक्रवार की शाम खेत की ओर गई थी। इसी दौरान पड़ोसी युवक ने किशोरी के साथ दुराचार किया। इसके बाद आरोपित युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। रविवार को थाने में पीड़ित पिता ने मामले की नामजद शिकायत की। पीड़िता के पिता की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। उधर मुकदमा दर्ज होने की जानकारी होते ही आरोपित घर छोड़कर फरार हो गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित युवक की तलाश की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन कब्जे की जिलाधिकारी से शिकायत

**कौशांबी।** सिराथू तहसील के कोखराज थाना अंतर्गत जमलामऊ गांव निवासी पंचम लाल पुत्र जगन्नाथ ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि आराजी संख्या 1518 चाकवन भरवारी मेन रोड पर स्थित है। उनके अन्य सह खाते दार राम सुरेमान ज्ञान सिंह शक्ति सिंह दिनेश भीम सिंह घनश्याम आदि लोग पारिवारिक बटवारा करके अपने हिस्से में अपना मकान बना लिया है। शेष बची जमीन का विक्रय भी कर दिया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह अपनी जमीन में खेती बारी कर रहा था लेकिन उसके सह खातेदार घनश्याम की मृत्यु होने पर उसके वारिसान का नाम दर्ज हो गया है, और अब उनके हिस्से की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं।

## पति सहित तीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के फकीराबाद में ब्याही युवती को ससुरालवालों ने पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित शौहर समेत तीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है। चरवा कोतवाली के सैयदसरावां गांव की नगमा का निकाह दो साल पहले सरायअकिल थाना क्षेत्र के फकीराबाद में कबूल के साथ हुआ था। बताया जा रहा है कि निकाह में मिले दहेज से ससुरालवाले संतुष्ट नहीं थे। मायके से दो लाख नकदी के साथ अन्य सामान लाने की जिद कर प्रताड़ित करने लगे। पखवाड़ा भर पहले ससुरालवालों ने विवाहिता को कमरे में बंद कर पीटते हुए घर से निकाल दिया। मायके पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई पर, बात नहीं बन सकी।बहन को लेकर भाई नाजिम सरायअकिल कोतवाली पहुंचा और मामले की शिकायत की। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित शौहर कबूल, जेठ गप्पू समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दबंग ने किशोर को पीटा

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के महावां गांव निवासी सुमित कुमार (16) पुत्र राममोहन ने बताया कि मंगलवार सुबह वह घर के समीप लगे हैंडपंप पर पानी भरने गया था। तभी पड़ोसी दबंग वहां पहुंच गया और पहले पानी भरने को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर पिटाई कर दी। पीड़ित के पिता ने आरोपित के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

# पुलवामा हमले के शहीद अर्ध बल सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि


पुलवामा शहीदों को श्रृद्धांजलि अर्पित करते लोग

**कौशांबी।** पुलवामा हमले में शहीद हुए अर्धसैनिक बल के जवानों की पुण्यतिथि पर जनपद मुख्यालय स्थित डायट मैदान में अटेवा पेंशन बचाओ मंच सहित विभिन्न संगठनों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान अर्धसैनिक बलों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हमारे देश के नेता चार-चार पेंशन के हकदार हैं परंतु हमारे देश के सुरक्षा बल जो देश की रक्षा के लिए अपनी जान तक निछावर कर देते है उनको पेंशन देने में सरकार की व्यवस्था खराब हो रही है। श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से पेंशन दिए जाने की मांग की गई। इस दौरान विमल कुमार कुशल सिंह करन सिंह सहित तमाम शिक्षक और कर्मचारियों ने अश्रुपूरित आंखों से पुष्प अर्पित किया वहीं 2 मिनट का मौन रख कर शहीद हुए जवानों आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

## संक्षेप

### अधिवक्ता के निधन पर साथियों ने जताया शोक

**लालगंज।** बीमारी के चलते साथी अधिवक्ता शशिकांत मिश्र के निधन पर मंगलवार को तहसील परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। धारूपुर निवासी अधिवक्ता शशिकांत मिश्र का हाल ही में बीमारी के चलते निधन हो गया। शोक सभा में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने युवा अधिवक्ता शशिकांत के निधन को वकालत के क्षेत्र मे अपूर्णनीय क्षति कहा। सभा का संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। अधिवक्ताओं ने मौन धारण कर साथी दिवंगत अधिवक्ता की आत्मा की शांति की प्रार्थना भी की। इस मौके पर संतोष पाण्डेय, देवी प्रसाद मिश्र, विपिन शुक्ल, धीरेन्द्र मिश्र, तपन पाण्डेय, अशोक शुक्ला, राव वीरेन्द्र सिंह, राममोहन सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, शैलेन्द्र सिंह, घनश्याम मिश्र, आशीष तिवारी आदि रहे। इधर अधिवक्ता के निधन की जानकारी पाकर सोमवार की देर शाम राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी भी धारूपुर पहुंचे। सांसद प्रमोद ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट करते हुए ढांढस बंधाया।

# प्यारे बच्चों तुम आगे बढ़ो सरकार आपके साथ खड़ी है : केशव प्रसाद

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद खेल प्रतिस्पर्धा का किया उद्घाटन



जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद खेल प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य




लोगों को संबोधित करते उपमुख्यमंत्री

**प्रतापगढ़।** जिला स्पोर्टस स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया। उन्होने सांसद खेल स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी बालक, बालिकाओं तथा शिक्षको को बधाई देते हुये इस सफल आयोजन की सराहना की।

उप मुख्यमंत्री ने प्रारम्भ में दीप प्रज्वलित करते हुए माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व गुब्बारा उड़ाकर खेल स्पर्धा का विधिवत शुभारम्भ किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को कोई दबा नही सकता, उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिये उचित प्लेटफार्म मिलना चाहिये। बेटियॉ भी खेल स्पर्धा में अपनी प्रतिभा से आगे बढ़कर भारत के तिरंगे का नाम ऊँचा किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ओलम्पिक जैसे खेलों में छोटे-छोटे देश अनेको पदक जीतते है लेकिन हमारे देश की प्रतिभाओं को उचित प्लेटफार्म न मिलने के कारण खिलाड़ियों को पदक से वंचित रहना पड़ता है। आज हमारे देश के प्रधानमंत्री ने विश्वास के साथ सभी युवाओं को खेल का उचित प्लेटफार्म देने का संकल्प लिया है और उस दिशा में सफलता भी मिल रही है। उन्होने सांसद संगम लाल गुप्ता व आयोजन समिति के सदस्यों की सराहना करते हुये कहा कि उन्होने प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने का अच्छा व सराहनीय प्रयास किया है। उन्होने कहा कि स्टेडियम में यदि किसी सुधार की आवश्यकता हो तो उसका प्रस्ताव दिया जाये, उसे पूरा किया जायेगा। कहा कि हमारे प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चुस्त-दुरूस्त है, गरीबों को पक्का मकान मिल रहा है तथा बिजली व पानी की समुचित व्यवस्थायें दी जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का आवाहन करते हुये कहा कि प्यारे बच्चों तुम आगे बढ़ों सरकार आपके साथ खड़ी है। आयोजन को सफल बनाने वाले 03 खेल प्रशिक्षक राम कुमार सिंह, सुशील व मंजू सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री ने 800 मीटर एवं 400 मीटर की बालक तथा बालिका दौड़ का शुभारम्भ किया। इस प्रतियोगिता में आफताब अली सदर ने प्रथम, राहुल पटेल ने द्वितीय, मो0 महबूब ने तृतीय स्थान तथा बालिका वर्ग में स्वाती देवी सांगीपुर ने प्रथम, दीक्षा सिंह सदर ने द्वितीय व पूजा सरोज शिवगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 400 मीटर दौड़ में बालक जूनियर वर्ग में सण्ड़वा चन्द्रिका के वृजेश वर्मा प्रथम, गौरा के स्वयं तिवारी द्वितीय, सदर ब्लाक के हर्षित कुमार तृतीय तथा बालिका वर्ग में सण्ड़वा चन्द्रिका की विभा पाल प्रथम, लालगंज की नम्रता सिंह द्वितीय, पट्टी की सोनी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांसद संगम लाल गुप्ता ने उप मुख्यमंत्री का जिले की ओर से स्वागत किया तथा कहा कि सांसद खेल स्पर्धा न्याय पंचायत स्तर से प्रारम्भ होकर आज जिला स्तर पर पहुँची है। इसमें ब्लाक स्तर के विजयी प्रतिभागी भाग ले रहे है। उन्होने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री की सोच है कि प्रतिभाओं को निखारने के लिये अवसर दिया जाये, इसके लिये उन्होने पूरे देश में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन का संकल्प लिया। इस अवसर पर सांसद ने उप मुख्यमंत्री को श्रीराम दरबार का प्रतीक चिन्ह भेट किया। भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने आये हुये अतिथियां का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, दिनेश गुप्ता, समर बहादुर सिंह, रोशन लाल ऊमरवैश्य, वरूण प्रताप सिंह, भूपेश त्रिपाठी, ओम प्रकाश पाण्डेय, परियोजना निदेशक आर0सी0 शर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार सिंह एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाई चारा से अच्छा कोई प्रेम नहीं : आचार्य देवब्रत



श्रीकृष्ण और सुदामा के दोस्ती की कथा सुनाते आचार्य देवब्रत

**प्रतापगढ़।** लोगों को आपसी सम्बन्धों में छल कपट और स्वार्थ की भावना नहीं रखनी चाहिए। एक दूसरे से निश्चल प्रेम करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की दोस्ती लोगों के लिए मिसाल है। यह बातें किलहनापुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा पुराण के समापन दिवस पर सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए आचार्य देवव्रत ने कही। उन्होंने कहा द्वारिका नरेश भगवान श्रीकृष्ण अपने बाल सखा सुदामा की एक करुण आवाज पर सिंहासन छोड़ नंगे पांव दौड़ते हुए आए। मित्र को गले लगाया। अपने हाथों से सुदामा के पैर धोए। पैरो में लगे कांटे निकाले और अपने सिंहासन पर विठा कर सत्कार किया। हम लोग भी ऐसी ही पवित्र भावना से रिश्तों को निभाएं। यजमान राम प्रसाद त्रिपाठी, महेश त्रिपाठी ने व्यास पीठ की आरती उतारी। कथा श्रवण में शांति देवी, अजय त्रिपाठी, अतुल त्रिपाठी, संतोष मिश्रा, धीरज मिश्रा, गोपेश, बजरंगी शुक्ला, रजनीश पाण्डेय, राजेश मिश्रा, जितेन्द्र मिश्र, पप्पू मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

## महिला की पिटाई पर चार के खिलाफ केस

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने महिला की पिटाई को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ मंगलवार को मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज के अझारा निवासी हरिश्चंद्र की पत्नी प्रतिभा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दस फरवरी को शाम छः बजे रंजिशन विपक्षी गांव के ही रामप्रसाद कोरी के पुत्र रंजीत, शिवबहादुर के पुत्र करन तथा शिवबहादुर की पत्नी शीला व रामप्रसाद की पत्नी उर्मिला ने पीडिता की जेठानी को लाठी डंडे से मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए जानलेवा धमकी देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रंजीत समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# महाशिवरात्रि पर धामों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं : डीएम

**निर्देश**

- 16 से 18 फरवरी को घुइसरनाथ धाम में 28वॉं राष्ट्रीय एकता महोत्सव होगा आयोजित
- 16 से 19 को भयहरणनाथ धाम में मनाया जाएगा 23वां महाकाल महोत्सव
- 16 से 18 फरवरी को बेलखरनाथधाम में महोत्सव का होगा आयोजन



बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर काफी संख्या में श्रद्धालु घुइसरनाथधाम, बेलखरनाथ धाम, भयहरणनाथ धाम तथा अन्य महत्वपूर्ण शिवालयों पर जलाभिषेक करते है। इन सभी स्थलों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था, सफाई तथा पेयजल के साथ-साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कैम्प कार्यालय के सभागार में महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आयोजन समिति के पदाधिकारियों तथा सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों व विभागीय अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

बताया कि घुइसरनाथ धाम में 28वॉं राष्ट्रीय एकता महोत्सव 16 फरवरी से प्रारम्भ होगा तथा 18 फरवरी तक चलेगा। उन्होने उपजिलाधिकारी लालगंज तथा नगर पंचायत लालगंज के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि वे मेला स्थल पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व सफाई की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करायें। उन्होने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि विद्युत की आपूर्ति विशेषकर रात्रि में विद्युत निर्बाध गति से आपूर्ति हो। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु जनरेटरध्ट्राली की व्यवस्था तथा कर्मियों की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये जिससे विद्युत व्यवधान न होने पाये। उन्होने उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी लालगंज को निर्देशित किया कि वे सुरक्षा व्यवस्था हेतु मजिस्ट्रेटों तथा पुलिस अधिकारियों की सभी प्रमुख स्थलों पर तैनाती सुनिश्चित करें। इसके अलावा नदी में नाव तथा गोताखोर, वैरीकेटिंग की व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाये। उन्होने कहा कि यहां पर तीनो दिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आयोजन समिति द्वारा कराया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि इसी प्रकार भयहरणनाथाम में 23वॉं महाकाल महोत्सव 16 से 19 फरवरी को आयोजित होगा, उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायें तथा डीपीआरओ एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत व जल निगम पेयजल व सफाई की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करायेगें। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके अलावा बेलखरनाथ धाम में 16 से 18 फरवरी तक महोत्सव का आयोजन किया जायेगा, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, जल निगम, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता समुचित सुरक्षा, सफाई, पेयजल, विद्युत की आपूर्ति समय से सुनिश्चित करायेगें। बैठक में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, भयहरणनाथ क्षेत्रीय विकास संस्थान के महासचिव समाज शेखर सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बमबाजी के विरोध में दुकानें बंद कर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन



प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों को आश्वासन देने पुलिस क्षेत्राधिकारी

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के रामापुर बाजार में मिठाई कारोबारी विजय कुमार के प्रतिष्ठान रिशु स्वीट्स पर सोमवार की रात बदमाशों ने बमबारी की थी। घटना के विरोध में बाजार के व्यापारियों में दहशत और आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने मंगलवार को अपराधियों को पकड़ने और सुरक्षा की मांग को लेकर, बाजार बंद कर धरने पर बैठ गए। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी प्रतिनिधि मण्डल के जिला महामंत्री संजय सोनी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चन्द्र केसरवानी एवं जिला युवाध्यक्ष सुनील जायसवाल के साथ रामापुर बाजार पहुंचकर विरोध जताया। व्यापारियों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी व फतनपुर चौकी इंचार्ज अपने दलबल सहित पुनः पहुंचकर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने आरोपियों को जल्द पकड़ने का व्यापारियों को आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन पर व्यापारियों से धरना समाप्त कर दुकाने खोली। इस दौरान बाजार अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अमित वैश्य, पिंटू, दिनेश, रामबाबू, विनय सोनी, उमेश, कृष्ण कुमार, पवन, सुनील, ग्राम प्रधान शान मोहम्मद, दीपक कुमार, सुरेश मिश्र, जेपी दुबे, अरुण कुमार, राजेश सोनी, श्री राम, दाऊ, रविंद्र, आशीष, नन्हे शर्मा, असगर अली, डॉक्टर बंगाली, महेश, राकेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि मदन गुप्ता, मुरलीधर, नीतीश चंद्र, मोहम्मद अजीज, अजय सोनी व अनुज सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

## लखनऊ का नाम नही बदलने के लिए सपा विधायक ने राज्यपाल को लिखा पत्र

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के सपा विधायक डा0 आरके वर्मा ने राज्यपाल को पत्र लिखकर लखनऊ का नाम नही बदलने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी हुई कि भाजपा नेताओं द्वारा दिए जा रहे बयान कि लखनऊ जिले का नाम बदलकर लक्ष्मणपुर या अन्य किये जाने का संज्ञान प्राप्त हुआ है। जबकि लखनऊ स्थित गढ़ी, किलों के उवशेषों, खनन में मिली सामग्री, इतिहासकारों के मत, लेख तथा राज्य गजेटियर में महाराजा लखन पासी ने बसाया था। 10वीं 11वीं शताब्दी में महाराजा लखन पासी लखनऊ के राजा थे। किंगजार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के टीले की जगह उनका किला था। उनकी पत्नी का लखनावती पासी था। 1940 के दशक में प्राथमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में लखनऊ को लखन पासी ने बसाया था यह तथ्य पाठ्यक्रम का हिस्सा था। सैयद सलार मसूद गाजी ने लखनऊ पर आक्रमण कर धोखे से लखन पासी का सिर काट लिया था। विधायक ने आगे पत्र में लिखा कि लेखक आर0बी0 रसल ने की पुस्तक दि ट्रइबल्स एण्ड कास्ट्स आफ सेण्ट्रल प्राविन्सेज आफ इंडिया में लिखा है कि पास समाज के महाराजाओं का अवध के बड़े भूभाग पर आधिपत्य था। बाद में राजपूत राजाओं ने उपर अपना अधिकार कर लिया। डा0 आरके वर्मा ने आरोप लगाते हुए लिखा कि भारत में दुरूह सामाजिक व्यवस्थाओं में वर्तमान में अनुसूचित समाज को अपना इतिहास बचाये रखना कठिन चुनौती है। महाराजा लखन पासी के इतिहास के साथ विवाद पैदा करके उनकी गरिमा मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि राष्ट्रीय महत्व ऐतिहासिक वस्तुओं को संरक्षण राज्य का दायित्व है। उन्होंने लखनऊ का नाम यथावत रखने व लखनपासी की स्मृतिरूपी संस्थाओं के सौन्दर्यीकरण हेतु राज्य सरकार को निर्देश देने की मांग की है।

# वीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रृद्धांजलि



पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देते छात्र-छात्राएं

**प्रतापगढ़।** नगर के वीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पुलवामा के शहीदों के लिए श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 को पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने कश्मीर के पुलवामा जिले में सीआरपीएफ वाहन पर हमला कर दर्जनों जवानों को मौत के घाट उतार दिया था। विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों ने शहीद जवानों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर विद्यालय की निदेशिका अल्का सिंह ने कहा कि आज का दिन हमारे देश के लिए अत्यंत दुखःद है। उन्होंने कहा कि सेना के जवान देश की सीमा पर हमेशा मुस्तैद रहकर हमारी व देश की रक्षा करते हैं। जिससे भारत का नागरिक अमन चैन की जिंदगी जी सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य समीर त्रिवेदी ने छात्र-छात्राओं को पुलवामा आतंकी अटैक के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय के बच्चों ने शहीदों को भावपूर्ण नमन करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। छात्रा इशिका, आनंदी, हर्षिता, साक्षी, नित्या आदि ने देशभक्ति भाषण, गीत, कविता के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों आदि के आंखों को नम कर दिया। निदेशक राकेश सिंह ने कहा कि पुलवामा में शहीद मॉ भारती के महान अमर सपूत असाधारण बलिदानी के रूप में देशवासियों के हृदय में बसे हैं। इस अवसर पर धीरेन्द्र सिंह सहित विद्यालय के सभी स्टाफ, अभिभावक आदि मौजूद रहे।



निबंध प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत करते हुए

## तंबाकू सेवन से हो रहे खतरों से बच्चों को किया आगाह

**पट्टी।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कांपा मधुपुर में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें पर्यावरण की रक्षा विषयक निबंध प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसे शिक्षक संकुल डॉ विनोद त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण पर तंबाकू का हानिकारक प्रभाव व्यापार रूप से बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रत्येक वर्ष तंबाकू के उपयोग को रोकने के लिए सरकारों संगठनों और व्यक्तियों द्वारा निरंतर प्रयास किया जाता रहा है। इस मौके पर विद्यालय परिसर में पर्यावरण की रक्षा पर एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें अनु दुबे, आकाश वर्मा एवं उत्तम मौर्य को विजयी घोषित करते हुये प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता नितिन तिवारी, राजू सिंह, देवानंद मिश्र, एआरपी प्रभाजीत कौर, मोहम्मद शोएब, श्वेता मिश्रा, श्रद्धा शुक्ला, अनीता मिश्रा, अर्चना यादव, संजीव दुबे आदि मौजूद रहे।

## बकाया पैसा मांगने पर दबंगों ने बेटे के सामने पिता की पीट-पीटकर की हत्या

**प्रतापगढ़।** बदमाशों ने बेटे के सामने पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस टीम हत्या की वजहों को खंगालने में जुटी रही।

मानिकपुर के रहने वाले जगन्नाथ यादव अपने बेटे के साथ मंगलवार की सुबह शेरगढ़ की तरफ जा रहे थे। तभी रास्ते में कुछ लोगों से विवाद शुरू हो गया। देखते देखते दबंगों ने बाप और बेटे की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान बेटे को गंभीर चोट आई है जबकि पिता की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक जगन्नाथ यादव के बेटे आजाद सिंह यादव ने बताया कि पिता के साथ वह राजापुर बिंघन गांव खाना बनाने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह शेरगढ़ टंकी के पास पहुंचे तो आरोपियों को देखकर उससे पैसे की मांग की। इसी बात से खुन्नस खाए आरोपियों ने गाली देने के साथ जगन्नाथ की पिटाई शुरू कर दी। पिटाई से जगन्नाथ यादव की मौत हो गई जबकि आजाद सिंह घायल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने जगन्नाथ यादव को मृत घोषित कर दिया जबकि उसके बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीओ कुंडा अजित सिंह ने बताया कि फोर्स तैनात है। घटना की पूरी जानकारी लेकर आरोपियों की गिरफ्तारी को विधिक कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# डाक्टरों ने रक्तदान कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**रक्तदान कैंप**

पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में मेडिकल कालेज लगा रक्तदान कैंप



दीप प्रज्जवलित करते रक्तदान कैंप का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

**प्रतापगढ़।** पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों के सम्मान में डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज में श्रद्धांजलि सभा और रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें डाक्टरों और मेडिकल के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप में तीस यूनिट ब्लड डोनेट हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर अलापन कोले और प्रिंसिपल डाक्टर सलिल कुमार श्रीवास्तव ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रिंसिपल सलिल ने कहा कि सैनिक हमारी सुरक्षा के लिए सीमाओं पर जागते हैं। उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। रक्तदान शिविर में मेडिकल कालेज संकाय के डाक्टर अंबर केसरवानी, सादिक वदूद सिद्दीकी, मेजर अलापन कोले, एलटी विशाल शुक्ला,शिवम और मेडिकल छात्र छात्राओं ने रक्तदान कर शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन ब्लड बैंक प्रभारी डाक्टर दीपिका केसरवानी ने किया।

### बैंक के सामने महिला से नगदी समेत जेवरात लूटे

**पट्टी।** बैंक से काम करके बाहर निकली महिला से बदमाशों ने नगदी समेत जेवरात लूट लिये। पीड़िता ने मामले की शिकायत पट्टी कोतवाली में की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव की रहने वाली प्रमिला मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक शाखा पट्टी में किसी काम से गई थी। बैंक से निकलकर वह सामने ही खड़ी थी तभी तीन बदमाश पहुंचे और उसके पास मौजूद तीन हजार नगदी व सोने की चेन, अंगूठी लेकर वहां से भाग निकले। पीड़ित महिला ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## पुलिस ने मवेशी लदे डीसीएम को पकड़ा, भाग निकले आरोपी




डीसीएम व पकड़ाये मवेशी

**प्रतापगढ़।** जेठवारा पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के देवापुर सकली गौशाला के पास से मवेशी लदे डीसीएम को पकड़ा। जिसमें मौजूद तस्कर पुलिस को देखते ही भाग निकले। डीसीएम यूपी 70 केटी 8206 में वध हेतु क्रूरतापूर्वक लादे गए दर्जन भर से अधिक गोवंश को पुलिस ने मुक्त कराया। जेठवारा पुलिस ने थाना क्षेत्र के रामपुर बजहा निवासी आलम पुत्र हाकिम सहित अन्य के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है।

## जनसंपादकीय

# बलि के बकरे और पवित्र गाएं

**राम पुनियानी**



दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में 2019 में हुई हिंसा के सिलसिले में 11 विद्यार्थियों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें शरजील इमाम नामक जेएनयू का छात्र शामिल था। अन्यों में सफूरा जरगर और आसिफ इकबाल तन्हा जैसे विद्यार्थी थे। इन सभी को डिस्चार्ज (उन्मोचित) करते हुए दिल्ली की एक अदालत ने कहा, 'पुलिस असली दोषियों को पकड़ नहीं सकी और उसने इन लोगों को बलि का बकरा बनाया।' अदालत ने यह भी कहा कि पुलिस इस मामले में एक के बाद पूरक चालान पेश करती जा रही है, जिनमें कुछ भी नया नहीं होता। निश्चित तौर पर ऐसा केवल मामले को लम्बा खींचने के लिए किया जा रहा है ताकि इन 11 लोगों को जेल में रखा जा सके। जहाँ शांति और सौहार्द की बात करने वाले उमर खालिद जैसे लोग सीखचों के पीछे हैं वहीं 'गोली मारो।।' का नारा देने वाले अनुराग ठाकुर को राज्य मंत्री से पदोन्नत कर कैबिनेट मंत्री बना दिया गया है।

कोविड महामारी के शुरूआती दौर में तबलीगी जमात ने दिल्ली में अपना एक सम्मेलन आयोजित किया। इसमें भाग लेने कुछ लोग विदेश से आए। गोदी मीडिया तुरंत सक्रिय हो गई। तबलीगी जमात के सदस्यों को कोरोना फैलाने के लिए जिम्मेदार करार दे दिया गया। उन्हें कोरोना जिहादी और कोरोना बम बताया गया। कई को गिरफ्तार भी किया गया। लगभग उसी समय 'नमस्ते ट्रम्प' नाम का एक विशाल आयोजन अहमदाबाद में किया गया। उसी समय कनिका कपूर नामक गायिका ने विदेश से आकर भारत में कई शो किये। एक सिक्ख ग्रंथी भी समुद्रपार से आकर सभाएं कर रहे थे।

तबलीगी जमात के जिन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, उन्हें काफी कष्ट भोगने के बाद, निर्दोष घोषित कर रिहा कर दिया गया। उन्हें दोषमुक्त करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा, 'राजनैतिक सरकार किसी भी आपदा या महामारी के समय बलि के बकरे ढूँढने का प्रयास करती है। परिस्थितियों को देखते हुआ लगता है कि शायद इन विदेशियों को बलि का बकरा बनाने के लिए चुना गया था। ऊपरवर्णित परिस्थितियों और भारत में संक्रमण के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि याचिकताओं के खिलाफ यह कार्यवाही नहीं की जानी चाहिए थी।'

मालेगांव, मक्का मस्जिद और अजमेर में कई बम धमाकों के बाद, बड़ी संख्या में मुस्लिम युवाओं को गिरफ्तार किया गया था। बाद में उनके खिलाफ कोई सुबूत न मिलने के कारण उन्हें रिहा कर दिया गया। परन्तु इस बीच उनके करियर बर्बाद हो गए और उन्हें व उनके परिवारों को भारी बदनामी झेलनी पड़ी। उस समय अनहद नामक मानवाधिकार संगठन ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसका शीर्षक था, 'स्केपगोट्स एंड होली काऊज (बलि के बकरे और पवित्र गाएं)' इसी तरह, जामिया टीचर्स एसोसिएशन की रिपोर्ट का शीर्षक था, 'फ्रेम्ड, डैम्ड एंड एक्विटिड (फंसाओ, अपराधी घोषित करो, बरी कर दो)' इस रिपोर्ट में कहा गया था कि अक्सर मुसलमानों को झूठे मामलों में फंसाया जाता है, उन पर मुकदमे चलते हैं और लम्बे समय तक जेल में रहने के बाद उन्हें रिहा कर दिया जाता है। कई मामलों में अदालतें उनकी मददगार होती हैं।

इसी कहानी का दूसरा पक्ष भी है। कई भगवाधारी और सांप्रदायिकता प्रेमी बिना किसी डर के नफरत फैलाते हैं। इसका एक उदाहरण हैं भोपाल से सांसद प्रज्ञा ठाकुर, जो मालेगांव बम धमाके मामले में जमानत पर हैं। उन्होंने लोगों से आव्हान किया कि वे लव जिहाद करने वालों से निपटने के लिए चाकुओं में धार करवा कर रखें। पिछले कुछ समय से अनेक साधु-सन्यासी और यहाँ तक कि सत्ताधारी दल से जुड़े लोग नफरत फैलाने वाले भाषण दे रहे हैं। सार्वजनिक सभाओं में भाजपा के नेता भी विषवमन कर रहे हैं।

'हिन्दू जनाक्रोश मोर्चा' नामक एक संगठन ने महाराष्ट्र में 20 से अधिक रैलीयां आयोजित कर धर्मपरिवर्तन और 'लव जिहाद' को लेकर मुस्लिम समुदाय के खिलाफ जहर उगला। संगठन ने 6 फरवरी को मुंबई में रैली आयोजित करने की घोषणा की थी जिसमें धर्मपरिवर्तन और लवजिहाद के मामले उठाने के अलावा, मुस्लिम व्यापारियों के बहिष्कार का आव्हान भी किया जाना था। इस आयोजन के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की गई। अदालत ने पुलिस को 'हेट स्पीच' के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के अंतर्गत कार्यवाही करने का आदेश दिया। जब यह प्रावधान है तो पुलिस ने पहले इसका उपयोग क्यों नहीं किया?

दिल्ली के जंतर-मंतर पर 5 फरवरी 2023 को विभिन्न हिंदुत्व संगटनों ने एक रैली आयोजित की जिसमें मुसलमानों और ईसाईयों को मारने के लिए हथियार इकठ्ठा करने का आव्हान किया गया। 'द स्क्रोल' की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'एक वीडियो, जिसे सोशल मीडिया पर जम कर शेयर किया गया, में एक साधु हिन्दुओं से आव्हान कर रहा है कि वे ईसाईयों और मुसलमानों को मारने के लिए हथियार एकत्रित करें। एक अन्य वीडियो में भारतीय जनता पार्टी के नेता सूरज पल अमु हिंसा करने की बात कह रहे हैं...' कुछ इसी तरह के आव्हान यति नरसिंहानंद एंड कंपनी धर्मसंसदों में करते आए हैं। इन सभी को सरकार का संरक्षण प्राप्त है और कुछ भी कहने की स्वतंत्रता भी।

यति, जो जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर हैं, के खिलाफ हरिद्वार में आयोजित धर्मसंसद में महिलाओं के बारे में टिप्पणियों के सिलसिले में और अन्य मामलों में एफआईआर दायर की गईं। उन्हें गिरफ्तार भी किया गया परन्तु उन्हें आसानी से जमानत मिल गई।

अब जरा क्रोनोलोजी समझिये। मुस्लिम युवकों को अक्सर यूएपीए (गैर-कानूनी गतिविधियाँ निरोधक अधिनियम) व अन्य सख्त कानूनों के अंतर्गत गिरफ्तार किया जाता है जिनमें जमानत मिलना अपेक्षाकृत कठिन होता है। उन्हें जमानत न मिल सके और वे ज्यादा से ज्यादा समय जेल में बिताएं इसके लिए सभी जरूरी इंतजाम किये जाते हैं। हिन्दुत्व के झंडाबरदारों, भाजपा के नेताओं और भगवाधारियों के खिलाफ मामूली धाराओं में मामले दर्ज होते हैं और उन्हें यदाकदा ही जेल जाना पड़ता है। सांप्रदायिक राजनीति के उभार के साथ हमारे देश में दो अलग-अलग न्याय प्रणालियाँ विकसित हो गईं हैं। जबरदस्त दुष्प्रचार ने अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ पूर्वाग्रह और उनके बारे में अनेक गलतफहमियां लोगों के मन में बैठा दीं हैं। मीडिया का एक बड़ा तबका, आईटी सेल और व्हाट्सएप ग्रुप नफरत फैला रहे हैं। शिवाजी, गुरु गोविन्द सिंह, राणाप्रताप आदि के बहाने अलाउद्दीन खिलजी, अकबर, औरंगजेब और अन्य मुस्लिम शासकों के बारे में बेबुनियाद बातें आरएसएस के शाखाओं में स्वयंसेवकों को सिखाई जा रहीं हैं। प्रचारक के स्तर पर महीनों लम्बे प्रशिक्षण के जरिये स्वयंसेवकों को हिन्दू राष्ट्र की विचारधारा का कट्टर समर्थक बनाया जा रहा है।

यह तो हुई जमीनी स्तर की बात। जैसे-जैसे ये प्रचारक आरएसएस की राजनैतिक व अन्य शाखाओं में उच्च स्तर पर पहुँचते जाते हैं, उन्हें अपने अन्दर भरी नफरत को मीठी चाशनी में लपेट कर परोसना सिखाया जाता है। इसी के चलते आरएसएस के मुखिया कहते हैं कि देश के सभी निवासी हिन्दू हैं और वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना पर जोर देते हैं। यहाँ तक कि इससे प्रभावित होकर कई चिंतकों और अध्येताओं को लगने लगता है कि आरएसएस के साथ संवाद स्थापित किया जाना चाहिए। योगी आदित्यनाथ सनातन हिन्दू राष्ट्र की बात करते नजर आते हैं।

भावनात्मक मुद्दों को उठाकर हालात को और गंभीर बनाया जा रहा है। राममंदिर, बीफ और जिहाद की अलग-अलग किस्मों के नाम पर समाज को बांटा जा रहा है। इन्हीं मुद्दों और नफरत के सहारे सांप्रदायिक राष्ट्रवादी विचारधारा अपने को मजबूत कर रही है। इस स्थिति को बदलने के लिए भाईचारे को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। लोगों और विशेषकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को भारत की बहुवादी और समावेशी संस्कृति से परिचित करवाया जाना भी आवश्यक है।

**(लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन् 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

# वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी कहां है

## प्रसंगवश



**गिरीश्वर मिश्र**

अनुमान किया जा रहा है कि इक्कीसवीं सदी में विश्व-पटल पर भारत और चीन देशों की मुख्य भूमिका हो सकती है। वे कई परिवर्तनों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करते हैं। संचार माध्यमों के तीव्र विस्तार के साथ कई अर्थों में 'विश्व-व्यवस्था' और 'विश्व-गाँव' जैसे जुमले वास्तविकता का आकार ले रहे हैं। व्यापारझ्रवाणिज्य को बढावा देने के लिए नए किस्म की जरूरतें पैदा हो रही हैं। अपने हितों को देखते हुए अनेक बहुराष्ट्रीय कंपिनियां भारत के साथ व्यापार बढ़ा रही हैं। चूंकि उपभोक्ता या ग्राहक हिंदी क्षेत्र में अधिक हैं अतः अर्थ तंत्र की संघटना में हिंदी की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत हुई है। इस बीच सूचना-प्रौद्योगिकी का भी अप्रत्याशित विस्तार हुआ है जिसने भाषा-व्यवहार , कार्य के परिवेश और कार्य पद्धति में एक अनिवार्य बदलाव आ रहा है।

हिंदी भाषा की क्षमता को कई तरह से आँका जाता है। उसके बोलने वालों का बढ़ता संख्या बल, साहित्य-सृजन की मात्र और उसके प्रकाशन का विस्तार, हिन्दी की बढ़ती शब्द-संपदा, हिंदी का लचीला भाषिक स्वरूप, जन-संचार माध्यमों में हिंदी की बढ़ती उपस्थिति, भाषांतर या अनुवाद की व्यवस्था, पारिभाषिक शब्दावली का विकास आदि को ध्यान में रख कर हिंदी की व्यापक भूमिका को अक्सर रेखांकित किया जाता है। भारत के एक बड़े भू भाग में रहने वाली आम जनता अपने सामान्य जीवन में हिंदी को व्यवहार में लाती है परंतु घर के बाहर निकलते ही उसे एक भिन्न प्रकार के और एक हद तक अस्वाभाविक से भाषिक संसार का सामना करना पड़ता है। हिंदी क्षेत्रों में बाजार, स्कूल, मनोरंजन , कोर्ट-कचहरी, अस्पताल, सरकारी कार्यालय और बैंक आदि स्थानों पर हिंदी और अँग्रेजी भाषाएँ प्रतिष्ठा, प्रामाणिकता और उपलब्धता के पैमानों पर अलग पायदानों पर खड़ी दिखती हैं। आज भी अँग्रेजी की स्वीकार्यता निश्चित रूप से अधिक है और वह कुछ अतिरिक्त मोह के साथ भारतीय मानस पर सवार है । यह तब है जब पूरे भारत में हिंदी जानने वालों की संख्या 50 प्रतिशत और अँग्रेजीदाँ की संख्या महज 10 प्रतिशत है ।

कोई भी भाषा संदर्भ के अनुसार विकसित होती है। जिस भाषा का प्रयोग-क्षेत्र जितना ही विस्तृत होता है वह उतनी ही सबल होती है। जब भाषा के प्रयोग को समाज में सम्मान मिलता है तो उसकी स्वीकृति बढ़ती है। भाषा प्रयोग की औपचारिक और अनौपचारिक शैलियों में भी अंतर होता है और उनकी शब्दावली भी भिन्न हो जाती है । परंतु यह सर्वमान्य है की कोई भाषा उतनी ही सीखी जाती है जितनी उसकी उपयोगिता होती है। भाषा के प्रयोग से ही उसका अस्तित्व होता है और प्रयोक्ताओं कि आवश्यकता से उसकी दक्षता निर्धारित होती है। जब समाज को भाषा की जरूरत होती है तो वह उसका संरक्षण करता है। यह भी गौरतलब है कि भाषाओं के विस्तार के लिए राजनीति बेहद महत्वपूर्ण है। यदि आज अंग्रेजी का बोलबाला है तो इसका कारण यही है कि दुनिया में अनेक देश उसके उपनिवेश रहे हैं। वही हाल फ्रेंच या स्पेनिश साम्राज्य का था । जहां भी उनके उपनिवेश बने थे वहाँ उनकी भाषा चली।

भरत को स्वतंत्रता मिलने के सात दशक बाद भी अँग्रेजी के प्रति ज्यादातर भारतीयों का एक दुर्निवार आकर्षण आज भी बना हुआ है और उसे आसानी से देखा जा सकता है। जीवन के अनेक क्षेत्रों में प्रयोग के कारण अंग्रेजी का प्रभुत्व बना हुआ है। अंग्रेजी ज्ञान के आधार पर अच्छी नौकरी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। साथ ही सरकारी दस्तावेज मूलतः अंग्रेजी में होते हैं और सरकारी कामकाज में अंग्रेजी का बोलबाला है। इसी तरह प्रौद्योगिकी तथा ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में भी अंग्रेजी की उपस्थिति प्रमुखता से देखी जा सकती है। ऐसे में अंग्रेजी के जानकार व्यक्ति को समाज में अधिक आदर और सम्मान मिलता है। अनुमान है कि जीवन में महत्वपूर्ण लगभग 85 प्रतिशत कार्यों में अँग्रेजी की साख है और 15 प्रतिशत कार्यों में ही हिंदी का प्रयोग होता है। स्वतंत्रता मिलने के बाद विदेशी भाषा की उपयोगिता और उससे जुड़ा सम्मान भाव कम नहीं हुआ है। यही कारण है कि आज गरीब तबके के लोग भी लाख मुसीबतें झेल कर मंहगे अंग्रेजी स्कूल में ही अपने बच्चे को भर्ती करा कर उसे पढाने का बंदोबस्त करते हैं। सरकार इन सबसे उदासीन है हालांकि मातृ भाषा में ही बच्चों की शिक्षा का लाभ सर्वविदित है। हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में अंग्रेजी की घुसपैठ बढ़ती जा रही है और 'हिंग्लिश' यानी हिंदी में अंग्रेजी के छिड़काव को लेकर लोग गर्व करते दिख रहे हैं । लोग अपनी बात को प्रभावी बनाने के लिए अनावश्यक रूप से अंग्रेजी शब्दों को ठूंसते रहते हैं। ऐसी लापरवाही अवांछित परिणाम भी होते हैं। विशेष रूप से हिंदी की वर्तनी या हिज्जा विकृत हो जाता है। दूसरी ओर अंग्रेजी भाषा का ज्ञान और उपलब्धि भी सामान्यतः साधारण स्तर की ही पाई जाती है।

भाषाओं के समकालीन अध्येता भाषाओं के विस्तार और संकोच का जो मानचित्र दिखा रहे हैं उसमें निकट भविष्य में सहस्राधिक भाषाओं के लुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है परंतु संख्या बल की बदौलत हिंदी की स्थिति की सुदृढ़ता का संकेत देते हैं। आज भाषा के संरक्षण और सम्बर्धन के लिए बहुभाषिक कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। शब्दकोशों और विश्वकोशों की संख्या बढ़ रही है । हिंदी के व्याकरण पर कार्य हो रहा है, ई-पुस्तकालय और ई-बुक का भी निर्माण जोरों पर है। इससे हिंदी को गति और ऊर्जा मिल रही है। हिंदी के प्रयोग का क्षेत्र भी बढ़ा है और चार करोड़ प्रवासी भारतीय भि इससे जुड़े हैं। भारत के बाहर हिंदी का प्रयोग भाषा और संस्कृति की दृष्टि से दक्षेस, खाड़ी देश, यूरोप, अमेरिका, मारिशस, सूरीनाम, फीजी, गयाना, त्रिनीदाद, दक्षिण अफ्रीकाआदि में हो रहा है। विश्व हिंदी सचिवालय मारीशस में स्थापित हुआ है। 11 वां विश्व हिंदी सम्मेलन भी अगस्त 2018 में वहीं आयोजित हुआ था । प्रधान मंत्री मोदी की हिंदी के सम्बर्धन में विशेष रुचि रही है। भारत और विदेश में वे अपने भाषणों के लिए हिंदी माध्यम चुनते हैं। संयुक्त राष्ट्र में पहल हुई है और साप्ताहिक बुलेटिन हिंदी में जारी किया जा रहा है। साथ ही वहाँ पर विविध प्रकार की सामग्री भी हिंदी में उपलब्ध करने की व्यवस्था हो रही है।

आज भारतीय पेशेवर विश्व में हर कहीं दिखते हैं और भारत की राजनैतिक-आर्थिक सत्ता की व्यापक उपस्थिति में योगदान कर रहे हैं। इस कार्य में मीडिया की विशेष भूमिका है। आज फिल्म, विज्ञापन, प्रकाशन तथा सोशल मीडिया ने हिंदी के संबर्धन के लिए अवसर बढाया है और भारत ज्ञान कोश, हिंदी विकी पीडिया, हिंदी कविता कोश आदि ने हिंदी के लिए प्रचुर साहित्य सामग्री उपलब्ध कराई है। महात्मा गांधी अंतर राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के हिंदी समय डाटकाम पर 7 लाख पृष्ठ का हिंदी साहित्य उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त समाज विज्ञान कोश ( छह खंडों में ), अहिंसा शब्दकोश, वर्धा हिंदी कोश वर्धा विश्व विद्यालय के पोर्टल पर निःशुल्क उपलब्ध है। सोशल मीडिया में भी ब्लाग, ट्विटर आदि पर भी हिंदी का प्रयोग बढ़ रहा है। इन माध्यमों को देखें तो साहित्य की एक पूरी नई विधा ही आकार लेती दिख रही है।

समर्थ भाषा बनाने के लिए हिंदी का स्थिर वर्ण क्रम होना चाहिए और उसका मानकीकरण तथा अनुपालन जरूरी है। क्षेत्रीय भिन्नता के कारण लोक व्यवहार में विविधता तो होगी पर औपचारिक क्षेत्र में एकरूपता अपेक्षित है । लिखित रूप में लिपि चिह्नों का संयोजन, शब्द स्तर की वर्तनी और विराम चिह्न आदि का अनुशासन जरूरी है । एक ध्वन्यात्मक भाषा के रूप में हिंदी के परिनिष्ठित रूप को पाने के लिए यह जरूरी होगा। उदाहरण के लिए अर्ध चंद्र, बिन्दु, अनुस्वार, चंद्र बिन्दुऔर अनुनासिकता आदि को लेकर कई तरह के भ्रम बने हुए हैं और शैलियां प्रचलित हैं । मानकीकरण से स्पष्टता, प्रामाणिकता और संप्रेषणीयता आ सकेगी ।

राज भाषा के रूप में हिंदी प्रयोग के लिए विधि विधान तो संविधान में किए गए हैं परंतु कार्यान्वयन की दृष्टि से अभी भी हम बहुत पिछड़े हैं। कहना न होगा कि अपनी भाषा में सोचने, पढ़ने और लिखने से सर्जनात्मकता को भी बल मिलेगा।लोकतंत्र में जन भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए भी भाषा की केंद्रीय भूमिका है परंतु अभी तक भाषा , शिक्षा और लोकतंत्र के पारस्परिक रिश्ते की गम्भीरता को हम नजर अंदाज करते आ रहे हैं । सशक्त और समर्थ भारत का सपना देखते हुए इसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती ।

**( लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)**

> **जीवन के अनेक क्षेत्रों में प्रयोग के कारण अंग्रेजी का प्रभुत्व बना हुआ है। अंग्रेजी ज्ञान के आधार पर अच्छी नौकरी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। साथ ही सरकारी दस्तावेज मूलतः अंग्रेजी में होते हैं और सरकारी कामकाज में अंग्रेजी का बोलबाला है। इसी तरह प्रौद्योगिकी तथा ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में भी अंग्रेजी की उपस्थिति प्रमुखता से देखी जा सकती है। ऐसे में अंग्रेजी के जानकार व्यक्ति को समाज में अधिक आदर और सम्मान मिलता है। अनुमान है कि जीवन में महत्वपूर्ण लगभग 85 प्रतिशत कार्यों में अँग्रेजी की साख है और 15 प्रतिशत कार्यों में ही हिंदी का प्रयोग होता है। स्वतंत्रता मिलने के बाद विदेशी भाषा की उपयोगिता और उससे जुड़ा सम्मान भाव कम नहीं हुआ है। यही कारण है कि आज गरीब तबके के लोग भी लाख मुसीबतें झेल कर मंहगे अंग्रेजी स्कूल में ही अपने बच्चे को भर्ती करा कर उसे पढाने का बंदोबस्त करते हैं। सरकार इन सबसे उदासीन है हालांकि मातृ भाषा में ही बच्चों की शिक्षा का लाभ सर्वविदित है। हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में अंग्रेजी की घुसपैठ बढ़ती जा रही है और 'हिंग्लिश' यानी हिंदी में अंग्रेजी के छिड़काव को लेकर लोग गर्व करते दिख रहे हैं ।**

# फिराक गोरखपुरी होने के मायने

## स्मरण



**डा. मंगलमूर्ति**

आजकल गजलगोई का चलन काफी बढ़ रहा है हिंदी में ही नहीं क्षेत्रीय बोलियों में भी । लिखने वालों की तादाद भी बढ़ रही है, और फेसबुक पर वीडियो भी रोज कई-कई आते हैं । अब ये और बात है कि उनमें से ज्यादातर को पढ़कर ऐसा लगता है जैसे ईंट पर ईंट रखकर कोई कच्ची दीवार बनाई गई हो जिसमें गारा-पलस्तर के अभाव से दीवाल में कोई मजबूती नहीं है, कोई टिकाऊपन नहीं है । उर्दू में गजलगोई का एक संश्लिष्ट विधान है, हालांकि वह फारसी गजलगोई के मुकाबले ज्यादा आजाद और लचीला होता गया है, जो इधर जॉन एलिया और राहत इन्दौरी की गजलों में बहुत साफ झलकता रहा है । इन दो शायरों का जाना इधर बहुतों को मर्माहत कर गया लेकिन ये दोनों नई चलन के शायर हैं, स्पोंसर्ड बड़े-बड़े मुशायरों वाले।


फिराक गोरखपुरी (रघुपति सहाय) क्लासिकल उर्दू के अजीम शायर माने जाते हैं उनकी एक मशहूर गजल का एक शेर है : इसी खंडहर में कहीं कुछ दिये हैं टूटे हुए/ इन्हीं से काम चलाओ बड़ी उदास है रात।

उनके इस गजल के प्रसंग में आज के हिंदी गजल के परिदृश्य को याद किया जा सकता है । उनकी एक अच्छी किताब 'उर्दू भाषा और साहित्य' उ.प्र. हिंदी संस्थान, लखनऊ से प्रकाशित है । उसमें उन्होंने उर्दू काव्य-साहित्य की चर्चा के साथ उसके विभिन्न काव्य-रूपों और पारिभाषिक शब्दावली को भी सरल भाषा में व्याख्यायित किया है। वहीं उन्होंने गजल की संरचना को भी तफसील से समझाया है । एक बार मैंने लिखा था, हिंदी के जिस कवि का नाम पूरी तरह इस फॉर्म के साथ चस्पां है, शायद वह अकेला नाम दुष्यंत कुमार का है ।ठीक उसी तरह जैसे त्रिलोचन शास्त्री का नाम हिंदी सॉनेट के साथ एकमेक हो चुका है। मानते हैं कि गजल अरबी-फारसी से उर्दू में आई, लगभग जैसे सॉनेट इतालवी से अंग्रेजी में आया। .गजल का सूफियाना मानी है, प्रेमिका से बातचीत, या हृदय का हृदय से सीधा संवाद लेकिन गजलगोई के कुछ बंधे-बंधाए नियम भी हैं । एक तरफ तो ये आजादी है कि इसके हर शेर में एक नया विचार या भाव भरा जा सकता है जो पूरी तरह स्वतंत्र हो लेकिन कुछ बंदिशें भी हैं - जैसे हर शेर में दो मिसरे होते हैं, और गजल का पहला शेर जिसे 'मतला' कहते है उसका पहला मिसरा (या पंक्ति) दूसरे मिसरे के साथ हम-काफिया (एक जैसे तुक वाला) होता है, यानि उनकी तुकें मिलती हैं तुक के बाद एक (या एकाधिक) शब्द ऐसा होता है जिसे 'रदीफ' कहते हैं तुक तो दो अलग-अलग ऐसे शब्दों से बनता है जिनकी केवल ध्वनियाँ मिलती हैं, पर रदीफ दोनों मिसरों में, और फिर आगे के हर दूसरे मिसरे में, बिलकुल एक ही रहता है ।

फिराक साहब की इस गजल के मतले में काफिया और रदीफ दोनों बिलकुल एक हैं, और आगे के शेरों में भी काफिए की पाबंदी आजाद है, केवल रदीफ का वजन भारी रखा गया है, जैसे ऊपर वाले शेर में । मतले का शेर, और आगे के एक और शेर से यह बात साफ होगी झ्रगजल के साज उठाओ बड़ी उदास है रात/ नवा-ए 'मीर' सुनाओ, बड़ी उदास है रात/ दिए रहो यूँ ही कुछ और देर हाथ में हाथ/ अभी न पास से जाओ, बड़ी उदास है रात/ कोई कहो ये खयालों से और खाबों से/ दिलों से दूर न जाओ बड़ी उदास है रात।

फिराक साहब की शायरी की सादगी ही उसकी सबसे बड़ी खूबसूरती रही है । अपनी किताब में उन्होंने बताया है कि गजल एक ऐसी विधा है जिसमें कुछ कड़ी पाबंदियां तो हैं, पर शायर रदीफ के सिवा काफिए के मामले में काफी आजादी ले सकता है। मैंने यह भी लिखा था, गजलएक ऐसा सांचा है जिसकी बंदिशें उसकी तरलता और लय को जैसे चप्पू देती हैं, गतिशील बनाती हैं और हम कह सकते हैं कि, जैसे सॉनेट की बंदिशें हथकड़ियों की झनकार पैदा करती हैं, तो गजल में वे कंगनों की खनक जगाती चलती हैं ।..गजल के सांचे की ये बंदिशों से सजी आजादी उसके रूप का सबसे मोहक आकर्षण साबित हुई है, हिंदी की गजलगोई में भी । संगीत में ठुमरी में जिस तरह एक मुखड़ा कायम करके तरह-तरह से बोल बनाए जाते हैं, गजल भी कुछ वैसा ही समां बांधती है कविता में । यहाँ भी हर शेर अलग भी होता है एक मानी में और फिर काफियों और रदीफ की गूंजों से एक दूसरे में गुंथा भी रहता है ।

फिराक से जुड़े इस प्रसंग में मैं उनके दो पत्रों से कुछ पंक्तियाँ उद्धृत करना चाहता हूँ - जो उन्होंने मेरे पिता को एक जमाना पहले भेजा था, जब मेरे पिता कलकत्ता में अंतिम दिनों (१९२५-२६ ) में 'उपन्यास तरंग' का सम्पादन कर रहे थे, जिनमें फिराक साहब के हिंदी-लेखन की कुछ नई जानकारी है । यह पत्राचार उसी समय हुआ था, जब शिवजी ने फिराक साहब को 'उपन्यास तरंग' में लिखने के लिए आमंत्रित किया था । अत्युच्च अंकों के साथ बी.ए. पास करने के बाद फिराक साहब का चुनाव आइ.सी.एस. में हो गया था, जिससे इस्तीफा देकर उन दिनों वे स्वतंत्रता आन्दोलन में जवाहरलाल के साथ उ. प्र.कांग्रेस में संयुक्त सचिव थे। इससे पहले डेढ़ साल वे जेल में भी रहे थे। जीवन में बहुत त्रासद उतार-चढ़ाव के बीच वर्षों बाद जब उन्होंने आगरा विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में एम.ए. (फर्स्ट क्लास फर्स्ट )पास किया तो इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने बिना आवेदन दिए उनको सम्मानपूर्वक प्रोफेसर पद पर नियुक्त किया। फिराक साहब के उन दो पत्रों से उनके हिंदी-लेखन के विषय में पता लगता है। उनमें उन्होंने लिखा, आपके पत्र द्वारा 'उपन्यास तरंग' नामी मासिक पत्रिका के निकालने की खबर मिली ।उपन्यास और गल्प साहित्य कला के मुख्य और महान अंग हैं ।..इनके द्वारा मानवी चैतन्यता और चरित्र को अत्यंत सशक्ति किया जा सकता है ।मैं बहुत कम लिखता हूँ लेकिन अगर कोई गल्प या छोटा उपन्यास लिखूंगा तो जरूर सेवा में भेजूंगा ।(२३.७.२५)... मैं अपनी सात कहानियों का संग्रह प्रकाशित करना चाहता हूँ। कहानियों के नाम हैं - 'अपराध स्वीकार', 'रेन बसेरा', सफल जीवन' , जो क्रमशः 'साहित्य', 'सरस्वती',और 'माधुरी' में प्रकाशित हो चुकी हैं। तीन कहानियां झ्र 'सल्लू गड़ेरिया', 'बाइस्कोप' और 'जीवनोद्देश्य' फरवरी १९२६ तक तैयार हो जाएँगी । इन कहानियों की कद्र हिंदी संसार ने न की होती और अगर यह कहानियां मुझे न पसंद होतीं तो मैं हरगिज इन्हें प्रकाशित करने की चेष्टा न करता। .मैं कुल प्रकाशित कहानियों की भाषा कुछ संशोधित और परिमार्जित करके आपकी सेवा में भेज देना चाहता हूँ ।



ज्ञात नहीं है कि फिराक साहब की हिंदी कहानियों का ऐसा कोई संग्रह फिर प्रकाशित हुआ या नहीं। उर्दू-शायरी के प्रसंग में अपने उर्दू काव्य-संग्रह 'बज्मे-जिन्दगी' की भूमिका में, जिसे उन्होंने अपना सबसे अच्छा संग्रह माना है, अपनी हिन्दू सांस्कृतिक चेतना के विषय में उनकी ये पंक्तियाँ यहाँ उद्धरणीय हैं :मुझे उर्दू साहित्य में अच्छी से अच्छी, ऊँची से ऊँची चीजें मिल चुकी थीं...(फिर भी) मुझे एक असंतोष का आभास होता रहता था । शायद इस कारण से कि मेरे अन्दर हिंदी विचारों और हिन्दू संस्कृति की गहरी से गहरी, बहुमूल्य से बहुमूल्य सच्चाइयां और अनुभूतियाँ विद्यमान थीं जो उर्दू कविता में कम ही मिलती थीं । हिन्दू संस्कृति का मिजाज और उस मिजाज की ध्वनि, उर्दू कविता में कदाचित ही मिलती थी ।

**(लेखक साहित्यकार एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 7752922938)**

> **फिराक साहब की शायरी की सादगी ही उसकी सबसे बड़ी खूबसूरती रही है । अपनी किताब में उन्होंने बताया है कि गजल एक ऐसी विधा है जिसमें कुछ कड़ी पाबंदियां तो हैं, पर शायर रदीफ के सिवा काफिए के मामले में काफी आजादी ले सकता है। मैंने यह भी लिखा था, गजलएक ऐसा सांचा है जिसकी बंदिशें उसकी तरलता और लय को जैसे चप्पू देती हैं, गतिशील बनाती हैं और हम कह सकते हैं कि, जैसे सॉनेट की बंदिशें हथकड़ियों की झनकार पैदा करती हैं, तो गजल में वे कंगनों की खनक जगाती चलती हैं ।..गजल के सांचे की ये बंदिशों से सजी आजादी उसके रूप का सबसे मोहक आकर्षण साबित हुई है, हिंदी की गजलगोई में भी ।**

## व्यंग्य



# विश्व हिंदी सम्मेलन और हिंदीसेवी

**सुधाकर आशावादी**

गाँव गाँव गली गली में हिंदी के विद्वान बैठे हैं, कुछ वास्तव में विद्वान हैं, कुछ भ्रमित विद्वान हैं, जिन्हें विद्वान के रूप में प्रचारित किया गया है। कुछ बड़े लिक्खाड़ हैं, कुछ बड़े जुगाड़ू हैं, जो जुगाड़ू हैं, उनका हिंदी से प्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं है। वे बिना कुछ लिखे ही अपनी पुस्तकें छपवाते हैं, यह अलग बात है कि वे अपनी ही पुस्तक के प्रत्यय को न तो समझ पाते हैं, न ही समझा पाते हैं। हिंदी है ही कुछ ऐसी। कोई भी हिंदी की हिंदी कर सकता है। विश्व में हिंदी के उत्थान और प्रचार के लिए जगह जगह सम्मेलन आयोजित किये जाते हैं। सम्मेलन में हिंदी की ही चर्चा होती होगी, ऐसा समझा जाना चाहिए, क्योंकि जिसे इन सम्मेलनों में भागीदारी का पात्र नहीं समझा जाता, वे कयास ही लगा सकते हैं, कि ऐसा हुआ होगा या वैसा हुआ होगा। सच तो वह भी नहीं जान पाते, जो सम्मेलन में भागीदारी करते हैं। बहरहाल सरकार की और से भागीदारी सुनिश्चित की जाती है, ऐसा कुछ सेल्फियां सिद्ध कर रही हैं , जिनमें बताया गया कि सरकारी प्रतिनिधि मंडल में विशेष विमान से विश्व हिंदी सम्मेलन की उड़ान भरी गई है। विश्व हिंदी सम्मेलन में उड़ान भरने वालों के लिए शुभकामनाएं और बधाई भी वे हिन्दीसेवी दे रहे हैं, जो प्रतिनिधि मंडल का हिस्सा बनने से वंचित रह गए। सम्मेलनों से हिंदी का कुछ उद्धार होगा या प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का यह तो भविष्य ही बताएगा,किन्तु एक तमाशा पहले भी ऐसा हो चुका है। जब हिंदी सम्मेलन एक जाने माने शहर में हुआ था., तब प्रतिनिधि मंडल में भागीदारी करने होड़ मची थी, जो उस सम्मेलन में गए उनमें से अधिकांश ऐसे थे, जिनका हिंदी से कोई सरोकार न था, बस कम खर्चे में विदेश घूमने की ललक ने उन्हें प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलित होने के लिए उकसाया। वे विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजन स्थल तक तो पहुँच गए, लेकिन सभा स्थल में प्रवेश न कर सके, कारण चाहे कुछ भी रहा हो, लेकिन हिंदी सम्मेलन उनके लिए मुनाफे का सौदा ही रहा। वह विदेशी सामान खरीद लाए जिसे उन्होंने अपने शहर में आकर मुनाफा कमाया। अब समझ सकते हैं, कि हिंदी के नाम पर देश का प्रतिनिधित्व किसने किया होगा। खैर प्रतिनिधि मंडलों में सम्मिलित होने के लिए कौन सी विशेष योग्यता जरुरी है, यह हर कोई नहीं समझ सकता। मेरे शहर में तीन ऐसे महानुभाव हुए, जिन्होंने हिंदी को ओढ़ा, हिंदी को बिछाया और हिन्दीसेवी ही रहे, उन्होंने हिंदी के निमंत्रण पत्रों को मान्यता दी, आँग्ल भाषा में छपे निमंत्रण पत्रों से कभी आमंत्रण स्वीकार नहीं किया, मगर उन्हें विश्व हिंदी सम्मेलन तो क्या, प्रान्त के हिंदी सम्मेलन तक भागीदारी का अवसर नहीं मिला। अच्छा ही होता है कि हिंदी के अनन्य भक्तों को हिंदी के सम्मेलनों से दूर ही रखा जाता है। हिंदी के उत्थान में इन सम्मेलनों की या हिंदी उत्थान के संस्थानों की भूमिका की प्रशंसा वही अधिक करते हैं, जिनकी इन संस्थानों तक पहुँच होती है, जो अपनी पहुँच का लाभ उठाकर कोई न कोई पुरस्कार हड़प लेते हैं। अपने घरों में बैठकर स्वान्तः सुखाय हिंदी साहित्य की साधना वालों की कभी किसी ने कोई सुधि ली हो, ऐसा देखने आया। बहरहाल जिसे लड्डू नहीं मिलता, लड्डू की हसरत उसके मन में रहती ही है। यही हाल विश्व हिंदी सम्मेलन में प्रतिनिधित्व करने वालों का भी है, उन्हें लगता है कि जो जो प्रतिनिधि मंडल में प्रतिनिधित्व करने पहुँचे हैं अवश्य ही उनकी उड़ान प्रतिनिधि मंडल में स्थान न पाने वालों की उड़ान से ऊँची होगी।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9758341282)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं- <raisubhash953@gmail.com>

# ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत


मौत की जानकारी पर विलाप करते परिजन

जनसंदेश न्यूज

दुखद

## शौच के लिए निकला था आकाश, नवनिर्मित ट्रैक पर अचानक आई ट्रेन

**जिगना।** विंध्याचल थाना अंतर्गत भटेवरा रामपुर गांव के सामने रेलवे लाइन पर आकाश बिंद पुत्र आशीष निवासी उम्र 16 वर्ष निवासी रामपुर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि तीन भाइयों में सबसे बड़ा आकाश बिंद कक्षा 10 चमेला देवी इंटर कालेज का छात्र था। मंगलवार की सुबह घर से आलू की खुदाई के बाद शौच के लिए निकला था कि नयी रेलवे लाईन पर खड़ा था और पुराने रेलवे लाईन पर ट्रेन गुजर रही थी जिसका ध्यान उस तरफ था लेकिन नव निर्मित रेलवे ट्रैक पर भी ट्रेन आ गयी और ट्रेन की चपेट मे आ गया और मौके पर ही मौत हो गयी।

आनन फानन में परिजन शव को दाह संस्कार के लिए ले गये। हालांकि बीच में ही पुलिस को जानकारी हो गई और पूछताछ एवम पंचनामा के बाद अंतिम संस्कार करने दिया गया।

घटना से पिता आशीष बिंद और मां कुशुम देवी और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर युवक ने दी जान, परिजनों में कोहराम

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट ड्रमंडगंज निवासी ओमप्रकाश केशरी के 30 वर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र केशरी ने मंगलवार सुबह पांच बजे के करीब अपने घर के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में गले में कपड़े का फंदा डालकर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अतुल कुमार पटेल ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृत युवक के पिता ओमप्रकाश केशरी ने पुलिस को दी गई तहरीर बताया कि तीस वर्षीय बेटा धर्मेंद्र जो मानसिक रूप से परेशान रहता था। मानसिक हालत ठीक नही होने के कारण घर के अंदर गले में कपड़ा बांधकर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत युवक चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। मृतक को दो पुत्र है। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अतुल कुमार पटेल ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# 7563 वाहनों की जांच में चार लाख 16 हजार रुपये वसूल किया गया जुर्माना

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र के नेतृत्व में तीन दिवस 10 से 12 फरवरी तक चलाये गये अभियान के अन्तर्गत रेंज मीरजापुर के तीनों जनपदों में वाहनों की चेकिंग के दौरान 7563 वाहनों को चेक करते हुए 1372 वाहनों का किया गया तथा चालान एवं शमन शुल्क के रुप में 04 लाख 16 हजार 100 रुपये वसूल किया गया। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र के नेतृत्व में तीन दिवस तक वाहनों की चेकिंग के दौरान परिक्षेत्र तीनों जनपदो में 404 टीमों द्वारा 536 स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें 5742 दो पहिया वाहन एवं 1821 चार पहिया वाहन एवं 7589 व्यक्तियों की चेकिंग किया गया एवं 04 अभियोग पंजीकृत करते हुए 06 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 1240 दो पहिया वाहनों और 132 चार पहिया वाहनों का चालान करते हुए 349 वाहनों से 04 लाख 16 हजार 100 रुपये वसूल किया गया। दो वाहनों के वैध कागजात न पाये जाने पर सीज की कार्यवाही की गयी। पुलिस ने वाहन चेंकिग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति का हेलमेट, लाइसेंस और वैद्य कागजात की जॉच की जिन वाहन चालकों के पास गाड़ी का कागजात नही था। ड्राइविंग लाइसेंस नही था। उनसे शमन शुल्क वसूला गया। वाहन जॉच अभियान के दौरान सभी वाहन चालकों से अपील की गयी कि उचित कागजात के विना सड़क पर चलने वालो के किसी प्रकार की रियायत नही मिलेगी। अपने अमूल्य जीवन को दुर्घटना में नष्ट होने से बचाएं आपका जीवन अमूल्य है इसे व्यर्थ सड़कों पर न गवाएं।

# भाईचारा के रूप में मनाएं होली का त्यौहार : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट


ग्रामीणों को संबोधित करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**लालगंज।** स्थानीय थाना परिसर में शांति पीस कमेटी की बैठक मंगलवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस नवनीत सेहरा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा ने महाशिवरात्रि और होली त्यौहार कौ परंपरागत तरीके से भाईचारा के रूप में मनाए जाने का अपील किया। कहा कि किसी तरह की नई परंपरा नही कायम करने दिया जाए। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आप लोगों के सहयोग की जरूरत है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीक्षांत राज ने कहा कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी ऐसे लोगों पर नजर रखी जाएगी, किसी तरह का उदंडता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि त्यौहार के मद्देनजर सघन चेकिंग अभियान चलाकर असामाजिक तत्वो पर नजर रखें। इस अवसर पूर्व प्रधान दयाशंकर तिवारी, हफिज अहमद, सज्जन सिंह, सीताराम यादव, अरविंद यादव, शांति देवी, राजेश मिश्रा, विजय कुमार गुप्ता, रईस अहमद आफताब हरिओम मौर्या आदि मौजूद रहे।

## पुलवामा की जांच कराये सरकार : राजन पाठक

**मीरजापुर।** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक के नेतृत्व में शहीद उद्यान में पुलवामा हमले में भारतीय सेना के आतंकवादी हमले में शहीद हुए सैनिकों के याद किया गया एवं शोक सभा किया गया। जिसमें शहर अध्यक्ष ने कहा कि पुलवामा कांड की बरसी पर कांग्रेसियों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शहीद उद्यान में समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे। वही पुलवामा हमले की जांच कराने की मांग की गई। इस मौके पर अमिताभ, संजय, राम सिंह यादव, रोशनी अली अंसारी, अजय, श्यामसुंदर, विवेक, आशीष, अर्चना, मनोज अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बच्चों ने वीर शहीदों को किया याद

**जमालपुर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में शहीद देश के वीर जबांजों की याद में मंगलवार को यूनक्यू कम्प्यूटर सेंटर के बच्चों ने उन्हें याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। डायरेक्टर पंकज कुमार ने छात्रों को बताया कि मां भारती के सपूतों की ये कुबार्नी हमारे देश के लिए गर्व की बात है। वीर शहीदों की कुबार्नी हमें नही भूलनी चाहिए। इस दौरान चंचल पटेल, अंशिका पटेल, अंकिता, गोविन्द, दुर्गेश कुमार सहित तमाम छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते में आरपीएफ को मिले तीन नाबालिग

नेक कार्य

## पढ़ाई के लिए मिली फटकार तो घर से निकल गए बच्चे

## आरपीएफ ने हेल्प डेस्क को किया सुपुर्द

**मीरजापुर।** परिजनों से नाराज होकर निकले नाबालिक बिहार के बालक और बालिका को आरपीएफ ने अपने कब्जे में लिया। इसी प्रकार गलत ट्रेन में सवार होकर स्थानीय स्टेशन पर मिली जौनपुर की नाबालिक बालिका को रेलवे चाइल्ड लाइन हेल्प डेस्क स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के सुपुर्द किया गया। उनके मिल जाने की जानकारी परिजनों को दे दी गई हैं। प्रयागराज कंट्रोल आरपीएफ को सोमवार की शाम सूचना मिली कि एक लड़की एक लड़के के साथ ट्रेन नंबर 15658 ब्रह्मपुत्र मेल में बैठकर जा रही है। दोनों नाबालिक को उतरवाना है। सूचना के पर उप निरीक्षक संदीप कुमार महिला कांस्टेबल ज्योति रानी एवं कांस्टेबल संजीत कुमार सिंह ने गाड़ी के स्टेशन पर आगमन पर चेक किया। भेजे गए फोटो के मुताबिक लड़का लड़की नहीं मिली। गाड़ी गंतव्य के लिए रवाना होने पर महिला कांस्टेबल ज्योति ने सीसीटीवी देखा। जिसमें दोनों प्लेटफार्म 2-3 पर दिखाई दिए। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक संदीप कुमार महिला कांस्टेबल ज्योति रानी संजीत कुमार ने लड़का लड़की के पास जाकर सहानुभूति पूर्वक नाम पता पूछा। लड़की और लड़के ने बताया कि हम लोग घर वालों से नाराज होकर भागकर ट्रेन से यहां आए हैं। दोनों बिहार के रहने वाले हैं। दोनों के परिजनों को सूचना देने के साथ ही बच्चों को रेलवे चाइल्डलाइन हेल्प डेस्क स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के सुपुर्द किया गया। टीम के सदस्य अंकिता मिश्रा, नितिन भार्गव, मोहम्मद व गौरव को नाबालिक लड़का व लडकी को सुपुर्दगी नामा के तहत फोटोग्राफी करा कर सुपुर्द किया गया ।

## दिल्ली की जगह नाबालिग पहुंची मीरजापुर

आरपीएफ सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार प्रधान आरक्षक प्रेम नाथ शुक्ला रेलवे स्टेशन पर गस्त कर रहे थे। प्लेटफार्म नंबर 2 पर टी स्टाल के पास एक लड़की गुमशुदगी हालत में बैठी मिली। पूछताछ करने पर उसने अपने आप को जिला जौनपुर का निवासी बताया। बताया कि मैं दिल्ली में रहने वाले अपने मम्मी पापा के पास मिलने जा रही थी, गलती से गाड़ी पकड़ कर मैं मीरजापुर चली आई। सहायक उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने रेलवे हेल्पलाइन मीरजापुर से नितिन भार्गव की टीम को बुलाकर घटना से अवगत कराया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर लाकर लड़की को खाना खिलाया गया। इसके बाद रेलवे चाइल्ड लाइन हेल्पडेस्क स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति को सुपुर्द किया गया।

# सीडीओ की अध्यक्षता में आकांक्षात्मक विकास खण्डों की बैठक संपन्न


बैठक को संबोधित करतीं सीडीओ

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आकांक्षात्मक विकास खण्ड की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गयी। शासन द्वारा प्रदेश के 34 जनपदों के कुल 100 विकास खण्डों को आकांक्षात्मक विकास खण्ड के रूप में चयन किया गया है, जिसमें जनपद मीरजापुर के 5 विकास खण्ड हलिया, राजगढ़, पटेहराकला, पहाड़ी तथा नगर (सिटी) है।

समस्त सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आकांक्षात्मक विकास खण्ड से सम्बंधित प्रत्येक संकेतांक/इण्डिकेटर्स की प्रगति राज्य के औसत प्राप्तांक से कम न हो। इसका नियमित रूप से प्रभावी अनुश्रवण करते हुए शत-प्रतिशत प्रगति अर्जित करने का प्रयास करें, ताकि जनपद का समग्र रूप से विकास हो सके। मुख्यमंत्री फेलोशिप का चयन आकांक्षात्मक विकास खण्डों के निर्दिष्ट इण्डीकेटर्स में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु किया गया है। निर्देशित किया गया वे पूर्ण मनोयोग के साथ समस्त इण्डीकेटर्स में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। समस्त शोधार्थियों को नियमित रूप से स्थलीय सत्यापन किये जाने के निर्देश दिये गये।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी प्रकट करते हुये कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुये 01 दिन का वेतन अवरुद्ध करने का निर्देश दिया गया। सी.एम. फेलोशिप विकास खण्ड पहाड़ी ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत चन्दईपुर की आशा वी.एच.एन.डी. में अनुपस्थित रहीं. मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को इनके विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. अनय मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिव विवाह का प्रसंग सुन श्रोता भावविभोर

**हलिया।** क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथावाचिका साध्वी ऋचा मिश्रा ने शिव विवाह का सुंदर प्रसंग सुनाया। कथावाचिका ने कहा कि भगवान शिव के प्रति जिनकी प्रीत नही है वे श्रीराम को स्वप्न में भी अच्छे नही लगते हैं। शिव प्रसंग सुनाते हुए कहा कि माता पार्वती बचपन से भगवान की अनन्य भक्त थीं। हमेशा भगवान शिव की आराधना करती रहती थी। एक दिन पर्वतराज हिमाचल के घर देवर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान शिव के साथ माता पार्वती के विवाह की भविष्यवाणी की। शुरू में तो देवर्षि नारद द्वारा कही गई बात से महारानी मैना विचलित हुई लेकिन देवर्षि नारद तथा देवताओं के समझाने पर कि भोलेनाथ की महिमा अपरम्पार है वह तीनों लोकों के स्वामी हैं मां मैना का संदेह दूर हुआ और भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की तैयारियां शुरू हो गई। इस दौरान राम चरण दास महाराज, भानु तिवारी, राकेश तिवारी ग्राम प्रधान चंद्रगढ़ सियाराम मिश्र, शिव प्रसाद, विनय, सत्येन्द्र, धीरज, भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

# शांति व्यवस्था के बीच मनायें होली का त्यौहार : एसडीएम चुनार

जनसंदेश न्यूज


बैठक को संबोधित करते एसडीएम चुनार

**अहरौरा।** आगामी महाशिवरात्रि और होली पर्व के मद्देनजर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। पीस कमेटी की बैठक में पहुंचे एसडीएम चुनार नीरज सिंह ने ग्रामीणों की समस्या को सुनकर समाधान करने को लेकर निर्देश दिया।

थाना पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में ग्राम प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बेलखरा गांव में होलिका दहन वाले स्थान के बगल में गेहूं की बुवाई करने को लेकर शिकायत दर्ज की गई, जिस पर एसडीएम चुनार ने कहा कि किसान को बुलाकर होलिका दहन वाली जगह पर फसल काटने को लेकर निर्देश दिया गया है। इस मौके पर एसडीएम चुनार नीरज सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार की त्यौहार पर समस्या होने पर तत्काल पुलिस को फोन करें, वही उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराएं। कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाई की जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार अरुण कुमार, थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह, अहरौरा सीएचसी प्रभारी अवधेश कुमार सिंह, बिजली विभाग के जेई राकेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य पंकज उपाध्याय, किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव सिद्धनाथ सिंह, सिद्धार्थ उर्फ मिक्की सिंह, अमरेश सिंह, ग्राम प्रधान निरंजन यादव, राजेश कुमार सिंह, आदि मौजूद रहे।

# 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे नहीं, अपितु मातृ पूजन दिवस मनाये युवा पीढ़ी


माता पिता को माल्यार्पण करते बच्चे

**मीरजापुर।** विंध्य योग सेवा धाम चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पिछले कई वर्षों से 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के रूप में नहीं, अपितु नन्हे नन्हे नौनिहालों व युवा पीढ़ियों के साथ मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में बच्चों के साथ मनाता है, जहां पर बच्चे अपने माता-पिता को तिलक लगाकर एवं उनका माल्यार्पण कर माता-पिता की एक साथ आरती कर आज के दिन विशेष आशीर्वाद प्राप्त कर, जीवन को सही राह पर ले जाकर एवं नेक कार्य करते हुए जीवन को उन्नत एवं उत्कृष्ट बनाने के लिए माता पिता के आशीर्वाद के साथ संकल्प लेते हुए कहा कि हमें अपने भारत के संस्कृति एवं परंपरा तथा गौरव का ध्यान रखते हुए जीवन को जीना है, जीना और जीवन में कभी कोई ऐसा कार्य नहीं करना है जिससे हमारी संस्कृति सभ्यता को ठेस पहुंचे। इस अवसर पर संस्थापक योग गुरु योगी भोलेनाथ कहा कि आज हमारी भारत के संस्कृति है वह सभ्यता के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है, जहां हम अपने बच्चों को संस्कारों से जोड़ने से वंचित होते जा रहे हैं।

प्रबंधक रतन कुमार जॉनसन ने कहा कि यह एक नई मुहिम कि शुरूआत है अगर छोटे-छोटे बच्चों को बाल्यावस्था से ही इस तरीके के संस्कार दिए जाएं तो हमारे बच्चे गिराने बहुत कुछ बड़ा एवं सुंदर कर सकते हैं।

इस अवसर रामायण प्रतियोगिता में प्रतिज्ञा तिवारी प्रथम, विवेक पाल द्वितीय, प्रतीक्षा तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की मांग

**लालगंज।** तहसील क्षेत्र के कोटा शिव प्रताप सिंह निवासी रमेश कुमार व बिजुरी गांव के अमरेश त्रिपाठी ने पत्रक देकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएस/ उपजिलाधिकारी नवनीत सेहरा को कोटा शिव प्रताप सिंह में ब्रिटिश समय की प्राचीन डाक बंगला पर अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की। पत्रक देते हुए अमरेश त्रिपाठी ने कहा कि अति प्राचीन डाक बंगले पर गांव के सरहंग व्यक्तियों द्वारा अनाधिकार रूप से अतिक्रमण कर उक्त भूखंड पर मकान निर्माण किया जा रहा है।

जिससे ग्राम वासियों में रोष व्याप्त है, उक्त प्रकरण के बावत ग्राम वासियों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की गई थी। लेकिन उक्त प्रकरण पर निश्चित एवं ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कहा कि अतिक्रमण रोका जाना न्याय हित में आवश्यक है। पत्रक लेते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस/उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए एडीओ पंचायत व प्रधान सम्मानित



जनसंदेश न्यूज

**राजगढ़।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पूर्वांचल दौरे के दौरान मीरजापुर में विकास खंड राजगढ़ के धनसीरियां गांव में पहुंचे जहां उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न योजनाओं का जमीनी हकीकत जाना और सीधे जनता से संवाद स्थापित कर क्षेत्रीय अधिकारियों के बारे में पूछा। जिसमें ग्रामीणों ने अधिकारियों के सहयोग एवं कार्यों की प्रशंसा किया था।

वहीं कम्पोजिट विद्यालय एवं पशु आश्रय स्थल के साथ साथ आवास एवं पेयजल संबंधी सुविधाओं के लिए सीधे जनता से रूबरू हुए थे। इस दौरान धनसीरियां गांव के विकास कार्यों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्राम प्रधान एवं अधिकारियों की सराहना किया था। जिसके लिए विकासखंड राजगढ़ के एडीओ पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी एवं धनसीरियां ग्राम प्रधान को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। जनपद स्तर के समीक्षा में राजगढ़ ब्लाक अपना स्थान बनाने में सफल हुआ है। ऐसे में सोमवार को जनपद के विकास भवन में धनसीरियां के ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह, विकासखंड राजगढ़ के एडीयो पंचायत फूलचंद, ग्राम विकास अधिकारी, संजय पांडेय को मुख्य विकास अधिकारी बीएस लक्ष्मी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उसी उपलक्ष्य में आज केक काटकर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिले के तमाम आलाधिकारी मौजूद रहे।

## पदोन्नति पर दी गई बधाई

**हलिया।** स्थानीय थाने में तैनात हेड कांस्टेबल को प्रशिक्षण के बाद मिली पदोन्नति के फलस्वरूप उपनिरीक्षक बनाये जाने पर प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने उप-निरीक्षक बने इन्द्र देव यादव को बैज और स्टार लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रभारी ने कहा कि लोगों की सुरक्षा और सेवा के प्रतिफल के रूप में प्राप्त पदोन्नति से थाना क्षेत्र में गौरवान्वित हुआ हूँ। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि इस उपलब्धि पर थाना परिवार से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। इन्द्र देव यादव को उपनिरीक्षक बनाये जाने के उपरांत स्थानीय प्रबुद्धजन एवं शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की है। इस दौरान उपस्थित उपनिरीक्षक विजय यादव व चौकी प्रभारी मतवार लल्लन यादव, विक्रम विशाल, जयप्रकाश यादव, कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### जन जाति प्रमाण पत्र से सम्बन्धित प्रकरणों पर डीएम ने की सुनवाई



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के द्वारा मंगलवार समाज कल्याण विभाग एवं तहसील स्तर पर लम्बित जन जाति प्रमाण पत्र से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों का कलक्ट्रेट में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर सुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा दोनों पक्ष की बातों को सुनते हुये अगली तिथि पुनः सुनवाई हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, सदर चन्द्र भानु सिंह, तहसीलदार सदर अरूण गिरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चन्द्र, तहसीलदार मड़िहान फूलचन्द्र उपस्थित रहें।

### उपनिरीक्षक बनाये जाने पर दी बधाई



**लालगंज।** स्थानीय थाने में तैनात हेड कांस्टेबल को प्रशिक्षण के बाद मिली पदोन्नति के फलस्वरूप उपनिरीक्षक बनाया गया। पुलिस उपाधीक्षक दीक्षांतराज ने उपनिरीक्षक बने राम अवतार यादव को बैज और स्टार लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपाधीक्षक ने कहा कि लोगों की सुरक्षा और सेवा के प्रतिफल के रूप में प्राप्त पदोन्नति से थाना क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। प्रभारी निरीक्षक झानू प्रिया ने कहा कि इस उपलब्धि पर थाना परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। राम अवतार यादव को उपनिरीक्षक बनाये जाने के उपरांत स्थानीय प्रबुद्धजन एवं शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की है। इस अवसर थाने के उपनिरीक्षक और कांस्टेबल उपस्थित रहे।

### डीएम के आदेश पर मिलावटखोरी के खिलाफ छापेमारी

**मीरजापुर।** डीएम दिव्या मित्तल के आदेश के अनुपालन के क्रम में आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने तथा मिलावट खोरी को रोकने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। मंगलवार को मिलावटी खाद्य पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष खाद्य पदार्थ दूध, खोया, पनीर, दाल, मसाले, कन्फेक्शरी, बेकरी, नमकीन, नमक, चाय, फूड, कलर तथा पान मसाला एवं शोध की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं जाने के उद्देश्य सहायक आयुक्त के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। जिसके तहत जनपद से 02 दुकानों से चाय व कुल 5 नमूने संग्रहित किए गए। इस मौके पर कृष्ण चौहान, आनंद कुमार, राजेश मौर्य, संदीप सिंह उपस्थित रहे।

### पोस्टमार्टम हाउस का ताला तोड़ना पड़ा महंगा

**मीरजापुर।** जाम लगाने, लोकसेवक के विरुद्ध हमलावर होकर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा सम्पत्ति नष्ट करने वाले 04 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना चुनार मीरजापुर पर 08 फरवरी को मर्चरीहाउस में रखें शव को निकालकर सड़क पर ले जाकर रख कर मार्ग अवरुध करने व लोकसेवक के विरूद्ध हमलावर होकर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा सम्पत्ति नष्ट करने के सम्बंध में थाना प्रभारी चुनार द्वारा 17 नामजद एवं 40-50 अन्य अज्ञात के विरुद्ध थाना चुनार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक चुनार को निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक त्रिवेणी लाल सेन थाना चुनार मय पुलिस बल द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित 04 आरोपियों सीता पुत्र रामअन्नत राजभर, राजबली पुत्र श्यामलाल राजभर, राजन भारती पुत्र राजेन्द्र व चन्द्रबली राजभर उर्फ चन्नी पुत्र श्यामलाल राजभर निवासीगण जगननाथपुर थाना चुनार मीरजापुर को पंजीकृत धारा 147,143 ,188,283,341,352,353,427,452 भादवि में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### मधुमक्खियों के हमले से छात्राएं हुई घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कलां ग्रामपंचायत के पचपेड़वा बस्ती में स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार सुबह पढ़ने के लिए जा रही कक्षा पांच व कक्षा चार की छात्राओं पर विद्यालय से सौ मीटर दूर तालाब के भीटे पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्राओं की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चादर और कंबल ओढ़ाकर किसी तरह से दोनों बालिकाओं को मधुमक्खियों के चंगुल से मुक्त कराया। मौके पर पहुंचे विद्यालय के शिक्षामित्र राजकुमार ने घटना की सूचना घायल बालिकाओं के परिजनों को दी और उपचार हेतु एंबुलेंस की मदद से दोनों छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया। जहां चिकित्सक हर्षवर्धन व फार्मासिस्ट सुभाष सिंह ने दोनों घायलों का उपचार किया। अहुगी कला गांव निवासी अनिल की कक्षा पांच में पढ़ रही 11 वर्षीया पुत्री संगीता व कक्षा चार में पढ़ रही रिंकू की 10 वर्षीया पुत्री अंशू मंगलवार सुबह नौ बजे के करीब पचपेड़वा प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने के लिए जा रही थी कि जैसे ही प्राथमिक विद्यालय सौ मीटर पहले तालाब के भीटे पर पहुंची कि मधुमक्खियों ने दोनों छात्राओं के ऊपर अचानक हमला कर दिया जिससे दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों छात्राओं का पीएचसी हलिया में उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य बताई जा रही है। इस संबंध में चिकित्सक हर्षवर्धन ने बताया कि मधुमक्खियों के हमले से घायल दोनों बालिकाओं का उपचार किया जा रहा है दोनों की हालत सामान्य है।

### प्रधान पति पर लगाया ग्राम पंचायत सहायक के चयन में धांधली का आरोप

**कलवारी।** विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी माफी में रिक्त चल रहे ग्राम पंचायत सहायक पद के चयन में धांधली बरती गई। प्रधान पति जवाहर सिंह पटेल व सेक्रेटरी विजय कुमार के मिलीभगत से प्रधान पति ने अपने चहेते को ग्राम पंचायत सहायक के पद पर नियुक्त करवाना चाहते हैं। प्रधान पति ने कागजों में हेराफेरी कर अंतिम तिथि के बाद प्रियंका पाल का फार्म जमा करवाया, फार्म में संलग्न शपथ पत्र पर 7 फरवरी तिथि अंकन है जबकि 2 फरवरी अंतिम तिथि थी। मंगलवार के दिन प्रधान पति के द्वारा ग्राम पंचायत भवन पर बैठक बुलाई गई। जिसमें प्रधान पति के द्वारा सेक्रेटरी विजय कुमार पर दबाव बनाकर अपने चहेते के नियुक्त के फिराक में थे जबकि उपस्थित अन्य आवेदिका प्रियंका, रामसखी ने विरोध किया। कहा कि अंतिम तिथि तक कार्यालय में केवल 2 फार्म जमा थे। तो यह तीसरा फार्म फर्जी है। दबंगई दिखाते हुए प्रधान पति ने फर्जी फार्म के अभ्यर्थिनी को सहायक ग्राम पंचायत के पद पर नियुक्त करने के लिए सेक्रेटरी विजय कुमार से कहा इस फर्जी नियुक्त पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सचिव विजय कुमार मोटी रकम लेकर फर्जी नियुक्ति कर रहे हैं। जबकि एडीओ पंचायत पूर्णेन चंद्र ने कहा था कि अंतिम तिथि के बाद प्राप्त फार्म को निरस्त कर दिया जाएगा। इस संबंध में सीडीओ श्री लक्ष्मी वीएस ने कहा यदि चयन में धांधली बरती गई है तो डीपीआरओ को निर्देशित कर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सीडीओ की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास मुख्यमंत्री आवास एवं पेंशन आदि से सम्बन्धित कार्यो की प्रगति समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन की समीक्षा में 12445 लम्बित आवेदन पत्रों को खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा गया कि लम्बित आवेदन पत्रों जांच कर तत्काल निस्तारण करायें। उन्होने कहा कि जिस विकास खण्ड में अधिक प्रकरण है उसका प्राथमिकता पर निस्तारण शीघ्र कराना सुनिश्चित करायें। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 1230 लक्ष्य के सापेक्ष 550 आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं। वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत आधार प्रमाणीकरण हेतु पेंशनरों की 3218 अवशेष हैं। जिसे अभियान चलाकर आधार प्रमाणीकरण कराने का निर्देश दिया गया। वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर 1605 आवेदन सत्यापन हेतु आधार कार्ड का हार्ड कापी उपलब्ध नही कराया गया हैं जिसे उपलब्ध करवाने हेतु सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. अनय मिश्रा, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार, समस्म खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### एक रक्तदान शहीदों के नाम, किया स्वैच्छिक रक्तदान

**मीरजापुर।** विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित मीरजापुर ब्लड डोनर क्लब द्वारा जिला मण्डलीय रक्तकोष में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। मंगलवार को एक रक्तदान शहीदों के नाम पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसमें कुल 13 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया मेडिकल स्क्रीनिंग के बाद 10 लोगों ने सफल रक्तदान करके रक्तदान शिविर को सफल बनाया। क्लब के संस्थापक कृष्णानन्द हैहयवंशी व प्रवी कसेरा के अलावा अन्य सभी ने सबसे पहले वीर जवानों के तश्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उसके बाद बारी बारी से सभी रक्तदान किया। गुडडू खान ने अपना 20वां रक्तदान करके शिविर का उद्धघाटन किया। शिविर में क्लब के कॉर्डिनेटर अभिषेक साहू ने बताया कि मातृ शक्ति श्रेया अग्रवाल ने भी अपना पहला रक्तदान किया। आज सफलता के साथ रक्तदान करके रक्तविरांगना की उपाधि प्राप्त की। क्लब के कार्यालय प्रभारी सौरभ सिंह ने होमी भाभा कैन्सर हॉस्पिटल वाराणसी जाकर अपना रक्तदान करके 51वां डोनेशन पूरा किया। रक्तदान करने वालों में टीपू सुल्तान, विशाल, निशान्त, श्रेया, अजय, आशीष, तारिक, सुजीत, गौतम, बसन्त, आशुतोष, अमित, अमोल, अनूप, डॉ राजन कुमार ( रक्तकोष प्रभारी, रामकुमार गुप्ता लैब टेक्नीशियन, रामसागर तिवारी एवं शैलेन्द्र कुमार वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

### रणजी ट्राफी : अरुण लाल को उम्मीद, इस बार रणजी ट्रॉफी जीतने में सफल रहेगा बंगाल

**कोलकाता।** बंगाल की रणजी ट्रॉफी फाइनल में 32 साल पहले दर्ज की गई आखिरी जीत के नायक रहे अरुण लाल को उम्मीद है कि 2020 और 2022 में नाकाम रहने के बाद इस बार उनके राज्य की टीम इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप को जीतने में सफल रहेगी। वर्तमान सत्र से पहले बंगाल के मुख्य कोच पद से इस्तीफा देने वाले 67 वर्षीय अरुण लाल का मानना है कि बंगाल की टीम काफी मजबूत है और वह अगले पांच वर्षों में कम से कम दो बार खिताब जीत सकती है। अरुण लाल ने मंगलवार को कहा, बंगाल दुर्भाग्यशाली रहा जो 2020 और 2022 में नहीं जीत पाया। टीम बहुत अच्छी थी और उसे इन दोनों अवसरों पर जीतना चाहिए था। उम्मीद है कि तीसरी बार भाग्य टीम का साथ देगा और वह खिताब जीतने में सफल रहेगी।



## अक्षदीप सिंह-प्रियंका गोस्वामी ने 20 किमी पैदल चाल में जीता स्वर्ण, पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए किया क्वालीफाई

### पंजाब के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने एक घंटा 19 मिनट और 55 सेकंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया



**रांची।** अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय पैदल चाल चैंपियनशिप में 20 किलोमीटर स्पर्धा में पुरुष वर्ग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करते हुए मंगलवार को स्वर्ण पदक जीतने के साथ इस साल की विश्व चैंपियनशिप और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पंजाब के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने एक घंटा 19 मिनट और 55 सेकंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। पिछला रिकॉर्ड अनुभवी संदीप कुमार के नाम था जिनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड एक घंटा 20 मिनट और 16 सेकंड का था। संदीप ने हालांकि मंगलवार को निराशाजनक प्रदर्शन किया। वह एक घंटे 23 मिनट और 28 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रहे। उत्तराखंड के सूरज पंवार एक घंटा 20 मिनट और 11 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जो विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक क्वालीफाइंग समय को हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गए। दिल्ली के विकास सिंह एक घंटा 21 मिनट और आठ सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहें। इस स्पर्धा को 48 खिलाड़ियों ने पूरा किया। अगस्त में बुडापेस्ट में होने वाली दोनों विश्व चैंपियनशिप और 2024 ओलंपिक के लिए पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल का क्वालीफाइंग समय एक घंटा 20 मिनट 10 सेकंड है। इस आश्चर्यजनक परिणाम से पहले अक्षदीप का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ एक घंटा 23 मिनट 14 सेकंड था जो उन्होंने इसी चैंपियनशिप में पिछली बार हासिल किया था।

महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक मेरठ की प्रियंका गोस्वामी ने एक घंटा 28 मिनट 50 सेकंड के समय के साथ विश्व चैंपियनशिप और 2024 ओलंपिक दोनों के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने स्वर्ण पदक जीता लेकिन अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड एक घंटा 28 मिनट 45 सेकंड में सुधार करने से चूक गई। उन्होंने यह रिकॉर्ड 2021 में बनाया था। टोक्यो ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी 26 वर्षीय प्रियंका ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की 10,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत जीता था।

राजस्थान की भावना जाट एक घंटा 29 मिनट 44 सेकंड समय के साथ दूसरे और उनकी राज्य की सोनल सुखवाल एक घंटा 31 मिनट तीन सेकंड समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अगस्त में बुडापेस्ट में होने वाली दोनों विश्व चैंपियनशिप और 2024 ओलंपिक के लिए महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल का क्वालीफाइंग समय एक घंटा 29 मिनट 20 सेकंड है। ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाइंग समय (31 दिसंबर, 2022) शुरू होने के बाद अक्षदीप और प्रियंका एथलेटिक्स से 2024 खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय हैं।

स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और 3000 मीटर स्टीपलचेज एथलीट अविनाश साबले ने भी विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है, लेकिन उन्हें 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना बाकी है। दस हजार मीटर दौड़, मैराथन, संयुक्त स्पधाओं और पैदल चाल के अलावा व्यक्तिगत स्पधाओं के लिए 2024 ओलंपिक क्वालिफिकेशन विंडो एक जुलाई, 2023 से 30 जून, 2024 तक है।

किसान पिता और गृहिणी मां के बेटे अक्षदीप ने पटियाला यूनिवर्सिटी में जाने-माने कोच गुरदेव सिंह की देख रेख में शुरूआती प्रशिक्षण लिया। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में प्रवेश किया, जहां वह वर्तमान में खेलो इंडिया खेलों के माध्यम से राष्ट्रीय पैदल चाल कोच तात्याना सिबिलेवा की देख रेख में प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने पिछले साल बेंगलुरु में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल में स्वर्ण और गुजरात में राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक जीता था।

### सुमित नागल को मिला बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड, जानिए टूर्नामेंट निदेशक सुनील यजमान ने क्या कहा?



**बेंगलुरु।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को 20 फरवरी से यहां शुरू होने वाले बेंगलुरू ओपन टेनिस टूर्नामेंट के एकल मुख्य ड्रॉ के लिए मंगलवार को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया। पच्चीस साल के नागल भारत के पूर्व शीर्ष खिलाड़ी रहे हैं। वह इस प्रतिष्ठित एटीपी चैलेंजर स्पर्धा के पांचवें सत्र में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले पहले खिलाड़ी हैं। इस टूर्नामेंट का आयोजन कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए) द्वारा बेंगलुरु के केएसएलटीए स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। केएसएलटीए के संयुक्त सचिव और बेंगलुरु ओपन के टूर्नामेंट निदेशक सुनील यजमान ने कहा, नागल को पहला वाइल्ड कार्ड देकर हमें खुशी हो रही है। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और उन्होंने यहां अपना पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता है। हम अपने भारतीय खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट के माध्यम से टेनिस की दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ एक विश्व स्तरीय मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नागल ने 2017 में इस टूर्नामेंट में अपना पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता था। उन्होंने उसके बाद अपने करियर में कुछ प्रभावशाली प्रदर्शन किए। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 2018 और 2020 में अपने अन्य दो मुकाबलों के दौरान क्रमशः क्वार्टर फाइनल और प्री-क्वार्टर फाइनल का रास्ता तय किया।

## जेमिमा और ऋचा ने टी20 रैंकिंग में किया सुधार, स्मृति मंधाना टॉप तीन में बरकरार

### जेमिमा नाबाद 52 रन की पारी के दम पर 13वें से 11वें स्थान पर



**दुबई।** भारत की जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में सुधार के साथ क्रमशः 11वें और 36वें स्थान पर पहुंच गई हैं। महिला टी20 विश्व कप के शुरूआती मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाने के बाद जेमिमा और ऋचा की जोड़ी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहीं।

जेमिमा नाबाद 52 रन की पारी के दम पर 13वें से 11वें स्थान पर पहुंच गई है, तो वहीं ऋचा 31 रन की नाबाद पारी के बाद 42वें से 36वें स्थान पर पहुंच गयी है। उंगली की चोट के कारण इस मैच से बाहर रही उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे स्थान के साथ रैंकिंग में शीर्ष भारतीय बल्लेबाज है। स्मृति की सलामी जोड़ीदार शैफाली वर्मा इस रैंकिंग में 10वें स्थान पर बनी हुई है। पाकिस्तान के लिए इस मैच में नाबाद 68 रन की पारी खेलने वाली कप्तान बिस्माह मारूफ तीन स्थान के सुधार के साथ आठवें पायदान पर पहुंच गई है। गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन और दक्षिण अफ्रीका की नॉनकुलुलेको म्लाबा ने शीर्ष दो पायदान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। मौजूदा विश्व कप में छह विकेट के साथ एक्लेस्टोन टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज है। उनके नाम 776 रेटिंग अंक है, जबकि म्लाबा 17 रेटिंग अंक प्राप्त कर 770 रेटिंग अंक तक पहुंच गयी है।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ गेंदबाजी में सुधार करना चाहेगी भारतीय टीम



**केपटाउन।** भारतीय टीम महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ जीत से अपना अभियान शुरू करने के बाद बुधवार को यहां वेस्टइंडीज की चुनौती का सामना करने उतरेगी तो उसकी कोशिश आखिरी ओवरों की गेंदबाजी में सुधार करना होगा। उप-कप्तान स्मृति मंधाना के बिना भारतीय बल्लेबाजों ने टी20 विश्व कप में सबसे बड़े लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। मंधाना उंगली की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ मैच में नहीं खेल पायी लेकिन इस स्टार सलामी बल्लेबाज की वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम में वापसी होने की संभावना है।

वेस्टइंडीज को अपने पहले मुकाबले में इंग्लैंड से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय गेंदबाजों ने आखिरी 10 ओवर में 91 रन लुटा दिए थे। टीम इस मामले में सुधार करना चाहेगी। टूनार्मेंट के आगे बढ़ने उसके सामने मजबूत टीमों की चुनौती होगी। भारतीय टीम ने हाल में त्रिकोणीय श्रृंखला में वेस्टइंडीज को दो बार शिकस्त दी है, ऐसे में भारतीय गेंदबाजों को उनके बल्लेबाजों के बारे में अच्छे से पता है। गेंदबाजी के साथ-साथ पाकिस्तान के खिलाफ भारत की बल्लेबाजी में भी कई खामियां दिखी। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने 18वें ओवर में लगातार तीन चौके जड़ कर टीम को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला। ऋचा ने अगर यह पारी नहीं खेली होती तो भारत के लिए लक्ष्य हासिल करना और मुश्किल होता। बड़े शॉट लगने वाली युवा सालमी बल्लेबाज शैफाली वर्मा भी क्रीज पर सहज नहीं थी। अंडर-19 विश्व कप में चैम्पियन बनने वाली भारतीय टीम का नेतृत्व करने वाली शैफाली को पाकिस्तान के खिलाफ बड़े शॉट लगाने में परेशानी हो रही थी। स्मृति की जगह पारी का आगाज करने वाली यास्तीका भाटिया और कप्तान हरमनप्रीत कौर अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। जेमिमा रोड्रिग्स की लय में वापसी से भारत ने राहत की सांस ली होगी। जेमिमा ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छे से स्ट्राइक रोटेट किया लेकिन उन्हें इस प्रारूप में जरूरत के मुताबिक बड़े शॉट्स के लिए जोखिम लेने के लिए तैयार रहना होगा। टीम में स्मृति की वापसी से हालांकि बल्लेबाजी क्रम को मजबूती मिलेगी। वेस्टइंडीज की टीम टूनार्मेंट के अपने मैच में इंग्लैंड से हारने के बाद वापसी करने के लिए बेताब होगी। हेले मैथ्यूज की अगुआई वाली टीम अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। टीम की लगातार हार का सिलसिला पिछले 14 मैचों से चला आ रहा है। टीम को एक बार फिर से अपने कप्तान से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिसके पास अनुभव की कोई कमी नहीं है। मैथ्यूज को बड़े मैचों में दमदार प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। इस मैच में हार से वेस्टइंडीज की टीम क सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो जायेगी।

**टीमें** : भारत : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, रिचा घोष, जेमिमा रौड्रिग्स, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, अंजलि सरवानी, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़ , शिखा पांडे।

**वेस्टइंडीज:** हेले मैथ्यूज (कप्तान), शेमेन कैंपबेल (उपकप्तान), आलिया एलीने, शामिलिया कोनेल, अफी फ्लेचर, शबिका गजनबी, चिनेले हेनरी, ट्रिशन होल्डर, जैदा जेम्स, जिनाबा जोसेफ, चेडियन नेशन, करिश्मा रामहरैक, शकीरा सेलमैन, स्टेफनी टेलर , रशदा विलियम्स।

## दूसरे टेस्ट से भी बाहर हुए श्रेयस अय्यर

**नई दिल्ली।** सीरीज के पहले टेस्ट से बाहर रहे टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का दूसरे टेस्ट में भी खेलना तय नहीं है। वह पीठ की चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर हो गए थे। श्रेयस अय्यर अब भी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में 'रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन उन्हें टेस्ट मैच में उतारने का जोखिम नहीं उठा सकता है है। वहीं, बॉर्डर गावस्कर टेस्ट सीरीज से बाहर होने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब वनडे सीरीज से भी बाहर हो चुके हैं। दोनों ही खिलाड़ी अभी बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब कर रहे हैं। टीम इंडिया धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत चार टेस्ट मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया पर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट शुक्रवार से फिरोजशाह कोटला में खेला जाएगा और देखना होगा कि अय्यर टीम से जुड़ते हैं या नहीं।



*ईरानी ट्रॉफी में खेल सकते हैं अय्यर*

अब यह देखना होगा कि चेतन शर्मा की अगुआई वाली चयन समिति 1 से 5 मार्च तक मध्य प्रदेश के खिलाफ होने वाले ईरानी कप मैच के लिए अय्यर को फिटनेस साबित करने के लिए शेष भारत टीम में शामिल करती है या नहीं। चयन समिति ने रविंद्र जडेजा को फिटनेस साबित करने के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के लिए कहा था

### जसप्रीत बुमराह की कब होगी वापसी?

*आईपीएल में वापसी करेंगे चोटिल जसप्रीत बुमराह*

वहीं भारतीय टीम प्रबंधन चार मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले तीन वनडे में जसप्रीत बुमराह को खिलने का जोखिम नहीं उठाएंगे। अब ये गेंदबाज सीधा इंडियम प्रीमियर लीग में खेलता हुआ नजर आएगा। बता दें कि आगामी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल और भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के चलते बुमराह की फिटनेस का खासा ध्यान रखा जा रहा है।

### फैंस में गजब का जोश, दिल्ली में खेले जाने वाले भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट के सभी टिकट बिके

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से यहां शुरू हो रहा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट खचाखच भरे स्टेडियम में खेला जाएगा। दिल्ली दिसंबर 2017 के बाद पहली बार टेस्ट की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम ने नागपुर में खेले गये पहले टेस्ट मैच को तीन दिनों के अंदर जीतकर चार मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त कायम कर ली है। डीडीसीए (दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ) के संयुक्त सचिव राजन मनचंदा ने मंगलवार को कहा, टिकट बिक चुके हैं और हम मैदान के खचाखच भरे रहने की उम्मीद कर रहे हैं। मैच को लेकर काफी दिलचस्पी है क्योंकि दिल्ली में लंबे समय बाद टेस्ट मैच खेला जा रहा है। अरुण जेटली स्टेडियम में 40,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है।

इस मैच के लिए 24,000 टिकट बिक्री के लिए रखे गए जबकि 8000 टिकट डीडीसीए सदस्यों के बीच वितरित किए गए, जो कि सामान्य है। शेष सीटों का उपयोग खेल में भाग लेने वाले गणमान्य व्यक्तियों के लिए किया जाएगा। मैच के दौरान सुरक्षा प्रदान करने वाले परिवारों के लिए स्टैंड का एक भाग आरक्षित है। नागपुर में श्रृंखला के पहले मैच के दौरान भी मैदान दर्शकों से भरा हुआ था।

## क्लो ट्रायोन का शानदार प्रदर्शन, न्यूजीलैंड को हराकर दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल की दौड़ में

**पार्ल।** क्लो ट्रायोन के हरफनमौला प्रदर्शन से मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने महिला टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड पर 65 रन की बड़ी जीत से सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। ट्रायोन ने 34 गेंद में 40 रन की शानदार पारी खेली जिससे दक्षिण अफ्रीका शुरूआती झटकों से उबर कर छह विकेट पर 132 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। उन्होंने इसके बाद तीन ओवर में 12 रन देकर दो विकेट चटकाये। ट्रायोन को गेंदबाजी में नॉनकुलुलेको म्लाबा (4-0-10-3) का शानदार साथ मिला। बायें हाथ के इन स्पिन गेंदबाजों की फिरकी की सामने न्यूजीलैंड की टीम 67 रन पर आउट हो गयी। इस जीत ने दक्षिण अफ्रीका के नेट रन रेट (1.550) में सुधार हुआ। टीम ग्रुप एक तालिका में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गयी। शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। लगातार दो हार झेलने के बाद न्यूजीलैंड तालिका में सबसे निचले पायदान पर है और टीम के लिए अंतिम-चार में पहुंचने की संभावना अब खत्म हो गयी है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन न्यूजीलैंड को ऑफ स्पिनर ईडन कार्सन (23 रन पर दो विकेट) से गेंदबाजी की शुरूआत करने का फायदा हुआ। उन्होंने पहले ओवर में ही ताजमिन ब्रिट्स को एक रन पर पगबाधा कर दिया। मरीजान काप की नौ रन की पारी को लिया ताहुहू ने खत्म किया। सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वाड्र्ट और सुने लुस ने पावरप्ले ने कुछ अच्छे शॉट लगाये जिससे छह ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 44 रन बना लिये। कप्तान लुस 17 गेंदों में 22 रन बनाकर रन आउट हो गयी। वोल्वाड्र्ट (13) तहुहू का दूसरा शिकार बनी।



डेलमी टकर को कार्सन ने चलता किया जिससे दक्षिण अफ्रीका की आधी टीम 12.3 ओवर में पवेलियन लौट गयी। ट्रायोन ने इसके बाद मोर्चा संभाला और निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका के स्टार स्पिनर म्लाबा ने नयी गेंद से शुरूआत की और न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाजों को शून्य पर आउट कर दिया। मरीजान ने इसके बाद एक और विकेट चटकाया जिससे टीम का स्कोर तीन विकेट पर 13 रन हो गया। कप्तान सोफी डिवाइन (16) ने पारी का आगाज करने की जगह पांचवें नंबर पर आयी लेकिन टीम को इसका फायदा नहीं हुआ। न्यूजीलैंड ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाना जारी रख रही और पूरी टीम 18.1 ओवर में आउट हो गई।

### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले न्यूजीलैंड को झटका, काइल जैमीसन और मैट हेनरी बाहर



**वेलिंगटन।** इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड को तेज गेंदबाज काइल जैमीसन की सेवाएं नहीं मिलेंगी जो पीठ में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' के कारण टीम से बाहर हो गये है। 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' आमतौर पर तब होता है किसी एक जगह की हड्डी पर लगातार दबाव बनता है। जैमीसन के साथी तेज गेंदबाज मैट हेनरी भी अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए परिवार से साथ होने के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं है। इन दोनों की जगह नये गेंदबाज स्कॉट कुगलेइजन और जैकब डफी को टीम में शामिल किया गया है। जैमीसन पिछले साल जून से इस चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे थे। वह पिछले सप्ताह दो दिवसीय अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड एकादश के लिए मैदान पर उतरे थे लेकिन उनकी चोट फिर से उभर आयी। टीम ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह माउंट माउंगानुई में खेले जाने वाले पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, काइल के लिए ऐसा होना वास्तव में बहुत ही निराशाजनक है, क्योंकि उसने वापसी के लिए कड़ी मेहनत की थी। जून में चोटिल होने के बाद से वह चिकित्सा दल की निगरानी में थे। उन्होंने कहा, काइल को कोई दर्द नहीं हो रहा था लेकिन स्कैन (जांच) में स्ट्रेस फ्रैक्चर दिख रहा था। शुक्रवार को एक और जांच के बाद हम चोट की गंभीरता को देखते हुए आगे के बारे में सोचेंगे।

# हिंडनबर्ग मामले पर कांग्रेस नेता ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, अदाणी समूह के खिलाफ जांच की मांग

## कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने जांच की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की, एलआईसी और एसबीआई की भूमिका की भी जांच की मांग



**नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा किए गए खुलासे के क्रम में अदाणी समूह की कंपनियों के खिलाफ जांच की मांग के लिए कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने एक मौजूदा न्यायाधीश की देखरेख में जांच की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है। इतना ही नहीं, कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने अपनी याचिका में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अदाणी एंटरप्राइजेज के एफपीओ में 3,200 रुपए प्रति शेयर की दर से सार्वजनिक धन का निवेश करने के निर्णय के लिए उनकी भूमिका की जांच करने की भी मांग की गई है, जबकि सेकेंडरी बाजार में अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों का मूल्य लगभग 1,800 रुपये प्रति शेयर थी। याचिका में कहा गया है कि 24 जनवरी, 2023 को प्रकाशित हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट ने कंपनी पर सवालिया निशान लगाया है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के निष्कर्षों ने संकेत दिया कि अदाणी समूह की कंपनियों ने अपनी विभिन्न कंपनियों के शेयर की कीमत बढ़ा दी और बढ़ी हुई कीमत का उपयोग करके उन्होंने विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों और निजी बैंकों से 82,000 करोड़ रुपए के ऋण प्राप्त किए हैं।

*फर्जी कंपनी बनाने का आरोप*

याचिका में आरोप लगाया गया है कि कंपनी और उनके सहयोगियों ने मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर और कैरेबियाई द्वीपों जैसे टैक्स हेवन में हवाला के माध्यम से धन हस्तांतरण के लिए विभिन्न फर्जी कंपनी की स्थापना की है। ऐसे में यह मनी लॉन्ड्रिंग का भी मामला बनता है।

कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने की ये मांग

मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव जया ठाकुर ने कहा है कि जनता के लाखों करोड़ों की ठगी करने वाले अदाणी समूह की कंपनियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ शीर्ष न्यायालय के वर्तमान जज की देखरेख और निगरानी में सीबीआई, ईडी, डीआरआई, सेबी, आरबीआई, एसएफआई आदि एजेंसियों की ओर से जांच की जानी चाहिए।

*केंद्र ने जताई थी सहमति*

गौरतलब है कि इससे पहले सोमवार को केंद्र सरकार ने हिंडनबर्ग-अदाणी प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच समिति बनाने पर सहमति जताई थी। अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद पर सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार को भविष्य में निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक समिति नियुक्त करने पर कोई आपत्ति नहीं है और सेबी स्थिति से निपटने के लिए सक्षम है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से शुक्रवार (17 फरवरी 2023) को फिर आने और समिति बनाने के बारे में जानकारी देने को कहा है।

### अमेरिका ने एयरो इंडिया 2023 में दो बी-1बी लैंसर बमवर्षक विमानों को किया शामिल

**बेंगलुरु।** भारत और अमेरिका के बीच गहरे सामरिक संबंधों को प्रदर्शित करते हुए अमेरिकी वायुसेना के दो बी-1बी लांसर बमवर्षक विमान मंगलवार को यहां येलहांका वायुसेना अड्डे पर एयरो इंडिया 2023 में शामिल हुए। बी-1बी लांसर अमेरिका स्थित अपने अड्डों और अग्रिम मोर्चों से विश्वभर में मिशन को अंजाम देने में सक्षम है। यह निर्देशित और गैर-निर्देशित, दोनों तरह के सबसे बड़े पारंपरिक आयुध ले जाने में सक्षम है तथा इसे अमेरिका की लंबी दूरी के हमलावर बल (वायुसेना) का मेरुदंड माना जाता है। यूक्रेन में संघर्ष की पृष्ठभूमि में तथा भारत और अमेरिका के अपनी रक्षा एवं सुरक्षा साझेदारी प्रगाढ़ करने के नये संकल्प के बीच विश्व में सर्वाधिक घातक माने जाने वाले दो लड़ाकू विमान यहां आये हैं। अमेरिकी वायुसेना के सहायक उप अवर सचिव मेजर जनरल जूलियन सी चीटर ने कहा, बी-1 वरिष्ठ नेताओं और लड़ाकू कमांडरों को विकल्प उपलब्ध कराता है। क्षेत्र में हमारे साझेदारों के साथ व्यापक समन्वय व्यापक अंतरनिर्भरता की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

### भूमि पेडनेकर ने सिंपल लुक में लगाया हॉटनेस का तड़का, रिवीलिंग ब्लाउज ने खींचा सबका ध्यान



**नई दिल्ली।** भूमि पेडनेकर बॉलीवुड की एक जानी मानी अभिनेत्री हैं। हाल ही में भूमि लाइट ब्राउन कलर की नेट की साड़ी पहनकर कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के वेडिंग रिसेप्शन में पहुंचीं। भूमि ने इस साड़ी के साथ इतना रिवीलिंग ब्लाउज पहना है कि वो उनके लुक को और भी ज्यादा कातिलाना बना रहा है।

एक्ट्रेस ने इस किलर लुक के साथ रेड कार्पेट पर एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज दिए। अब भूमि पेडनेकर की हॉट लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही हैं। इस रिवीलिंग ब्लाउज के साथ भूमि रेड कार्पेट पर जैसे ही पहुंचीं तो हर तरफ उनके लुक के चर्चे होने लगे। इतना ही नहीं भूमि ने पैपराजी के सामने बेबाक अंदाज में एक से बढ़कर एक किलर पोज दिए। भूमि ने रिवीलिंग ब्लाउज के ऊपर से साड़ी का पल्ला नहीं बल्कि एकदम साइड से लिया, जो फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। भूमि ने अपने रिवीलिंग आउटफिट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। साथ ही कैप्शन में लिखा- 'फॉर सिडकियारा' इसके साथ ही हॉर्ट वाला आइकन शेयर किया।

## खास खबर

### एचएसआरपी लगाने की अंतिम तारीख, नहीं तो देना होगा कई गुना जुर्माना

**लखनऊ।** परिवहन विभाग की तरफ से हाई सेक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगवाने के लिए दी गई समय सीमा कल यानि 15 फरवरी को समाप्त हो रही है। अगर अभी तक आपने नंबर प्लेट चेंज नहीं की है तो जल्दी करें नहीं तो इसको लेकर तगड़ा जुमार्ना देना पड़ेगा। परिवहन विभाग की तरफ से पूर्व में जारी निर्देशों के अनुसार एचएसआरपी न लगाने पर कम से कम 5 हजार रुपये का जुमार्ना वहां चालक को अदा करना होगा। बताते चलें कि परिवहन विभाग ने 31 मार्च 2019 से पहले खरीदे गए वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया था। तय तारीख के अंदर गाड़ी नंबर के हिसाब से नंबर प्लेट नहीं लगवाई तो भारी भरकम जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। विभाग की तरफ से दोपहिया और चार पहिया वाहनों में 15 फरवरी 2023 तक सभी नए और पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगाना अनिवार्य है। तय अवधि के बाद वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगे पाए जाने पर चालान के निर्देश है। परिवहन विभाग के प्रवर्तन दस्ते नंबर प्लेट न लगे होने पर 5 हजार रुपये तक का चालान कर सकते हैं।

### अंतरिक्ष में इतिहास रचने को तैयार भारत, इसरो ने किया गगनयान मिशन का टेस्ट

नई दिल्ली। दुनिया भर की स्पेस एजेंसीज अंतरिक्ष में नई-नई खोज को लेकर समय-समय पर सामने आती रहती हैं। इसी कड़ी में इस बार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्था अंतरिक्ष में एक नया इतिहास रचने तैयार है। इसके लिए इसरो ने हाल ही में एक टेस्ट किया है, जिससे भविष्य की रणनीति बनाई गई है। आइये विस्तार से जानते हैं इस मिशन के बारे में और क्या है यह पूरा मामला। इसरो गगनयान मिशन पर जोरों-शोरों से काम कर रहा है। इसरो का यह मिशन यदि कामयाब होता है तो अंतरिक्ष में भारत का नाम इतिहास के पन्नों पर हमेशा के लिए दर्ज हो जाएगा।

## पुलवामा हमले में शामिल थे 19 आतंकी एडीजीपी बोले- 8 हो चुके हैं ढेर, 7 गिरफ्तार

### पूरा देश पुलवामा हमले की चौथी बरसी मना रहा




**जम्मू।** आज पूरा देश पुलवामा हमले की चौथी बरसी मना रहा है। पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी जा रही है। इसी बीच एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने दावा किया है कि पुलवामा हमले के 19 गुनहगारों में से आठ को मार गिराया गया है। मंगलवार को पत्रकारों से बाद करते हुए एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने कहा कि पुलवामा हमले के 19 गुनहगारों में शामिल आठ आतंकी मारे जा चुके हैं। सात गिरफ्तार किए गए हैं और चार जिंदा बचे आतंकियों में तीन पाकिस्तानी हैं। मंगलवार को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए 40 जवानों को एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इन सपूतों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि आतंकियों पर अब लगातार कार्रवाई हो रही है और आने वाले समय में आतंक पर लगाम लगेगी। सीआरपीएफ के 40 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कश्मीर में इस समय 37 स्थानीय आतंकी सक्रिय हैं। स्थानीय आतंकियों में फारूक नल्ली और रियाज ही सबसे पुराने हैं जबकि शेष अन्य बीते कुछ माह के दौरान ही आतंकी बने हैं।

*जैश के 15 आतंकी सक्रिय*

एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने कहा क इस समय जैश ए मोहम्मद के लगभग 15 आतंकी सक्रिय हैं और इनमें से छह पाकिस्तानी हैं। इन सभी आतंकियों की कमान मूसा सुलेमानी नामक पाकिस्तानी आतंकी ने संभाल रखी है। उसे भी सुरक्षाबल जल्द ही मार गिराएंगे। सेना लगातार आतंकियों का सफाया कर रही है।

### जी20 शिखर सम्मेलन : तैयारियों पर दिल्ली सरकार 1,000 करोड़ रुपये से अधिक करेगी खर्च

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में आगामी महीनों में जी20 शिखर सम्मेलन और इससे संबंधित कार्यक्रमों की तैयारियों पर दिल्ली सरकार की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 1,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाने का अनुमान है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने सोमवार को बताया कि नागरिक बुनियादी ढांचे के उन्नयन के अलावा दिल्ली सरकार और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के विभिन्न विभागों द्वारा सौंदर्यीकरण कार्य और ऐसी अन्य तैयारियों पर 1,084 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दिल्ली जी20 (20 देशों का समूह) देशों की मुख्य शिखर बैठक और सात अन्य संबंधित कार्यक्रमों की मेजबानी करेगी। राष्ट्रीय राजधानी में जी20 के कार्यक्रम मार्च से आयोजित होंगे। इस महीने की शुरूआत में, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केंद्र को पत्र लिखकर जी20 शिखर सम्मेलन के लिए विशेष विकास परियोजनाओं को शुरू करने के लिए 927 करोड़ रुपये का अनुदान मांगा था। अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली सरकार के 26 विभाग और केंद्रीय एजेंसियां शिखर सम्मेलन की तैयारियों पर काम कर रही हैं।

# राष्ट्रपति चुनाव के लिए निक्की हेली ने पेश की दावेदारी, ट्रंप को दी चुनौती

## बुधवार को पेश करेंगी पूरी योजना



**लंदन।** भारतीय मूल की रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने अमेरिका में 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर दावेदारी पेश कर दी है। निक्की हेली की ओर से जारी किए गए एक वीडियो में वह यह कहती दिखाई दे रही हैं कि ₹मैं निक्की हेली हूं और मैं राष्ट्रपति के लिए दौड़ रही हूं।

हेली ने अपने वीडियो में कहा, यह नई पीढ़ी के नेतृत्व का समय है। राजकोषीय जिम्मेदारी को फिर से खोजने, हमारी सीमा को सुरक्षित करने और हमारे देश, हमारे गौरव और हमारे उद्देश्य को मजबूत करने का समय है। उन्होंने कहा, चीन और रूस मार्च पर हैं। वे सभी सोचते हैं कि हमें धमकाया जा सकता है, लेकिन आपको बारे में यह पता होना चाहिए कि मैं बदमाशों के साथ नहीं रहती।

जानकारी के मुताबिक, निक्की हेली बुधवार को दक्षिण कैरोलिना के चार्ल्सटन में एक भाषण के दौरान अपने चुना अभियान की योजना पेश करेंगी। वह पार्टी के अंदर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने बड़ी चुनौती मानी जा रही हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी नेता हेली (51 वर्षीय) दो बार साउथ कैरोलिना राज्य की गवर्नर रह चुकी हैं। इसके अलावा वह संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत भी रही हैं। हेली रिपब्लिकन पार्टी की ओर से डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ खड़ी होने वालीं पहली दावेदार हैं। अभी तक ट्रंप अपनी पार्टी की ओर से चुनाव में दावेदारी ठोकने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे।

*अन्य भी हैं रेस में*

रिपब्लिकन पार्टी की ओर से 2024 राष्ट्रपति चुनाव के लिए अन्य हाईप्रोफाइल दावेदार भी हैं। इनमें फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसांटिस, पूर्व उप राष्ट्रपति माइक पेंस, दक्षिण कैरोलिना के अमेरिकी सीनेटर टिम स्कॉट, न्यू हैम्पशायर के गवर्नर क्रिस सुनुनू और अरकंसास के पूर्व गवर्नर आसा हचिंसन शामिल हैं।

*पहले ही दिए थे चुनाव लड़ने के संकेत*

निक्की हेली ने पूर्व में ही जो बाइडन के खिलाफ चुनाव लड़ने को लेकर संकेत दिए थे। बीते दिनों एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि उन्होंने गवर्नर और राजदूत के रूप में बहुत अच्छा काम किया। राज्यपाल के तौर पर मैंने बेरोजगारी से जूझ रहे राज्य की चुनौती को स्वीकार किया और इसे सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाया। राजदूत के रूप में, मैंने दुनिया को तब आड़े हाथों लिया जब उन्होंने हमारा अनादर करने की कोशिश की। मुझे लगता है कि मैंने दिखाया कि मैं संयुक्त राष्ट्र में क्या करने में सक्षम हूं। हेली ने कहा, मैं कभी रेस नहीं हारी। मैंने तब यही कहा था। मैं अब भी यही कहती हूं। मैं अब हारने वाला नहीं हूं। लेकिन देखते रहिए।

## रक्षा एवं सुरक्षा आधारित मुद्दों पर मित्र देशों के साथ जुड़ना चाहता है भारत : राजनाथ सिंह

### एयरो इंडिया 2023 के हिस्से के रूप में आयोजित बैठक में बोले



**बेंगलुरु।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत सिर्फ असेंबली कार्यशाला बने रहना नहीं बल्कि मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड के तहत विशेषज्ञता तथा क्षमताओं को साझा करने के वास्ते रक्षा एवं सुरक्षा आधारित मुद्दों पर मित्र देशों के साथ जुड़ना चाहता है। उन्होंने यहां एयरो इंडिया 2023 के हिस्से के रूप में आयोजित बैठक में स्थानीय और वैश्विक मूल उपकरण निमार्ताओं (ओईएम) के 70 से अधिक मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने साझा वैश्विक शांति तथा समृद्धि प्राप्त करने के समग्र उद्देश्य के साथ रक्षा में पूर्ण 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने के लिए देश के भीतर महत्वपूर्ण तकनीकों का उपयोग करते हुए अत्याधुनिक उत्पादों के डिजाइन, विकास और निर्माण के लिए सरकार के प्रयास का समर्थन करने के लिए भारतीय और वैश्विक उद्योग के नेताओं का आह्वान किया। उन्होंने उद्योगपतियों को आश्वासन दिया कि सरकार नए विचारों के लिए खुली है और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में ऊर्जा, उद्यमशीलता की भावना तथा निजी क्षेत्र के भागीदारों की क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजनाथ ने बाधाओं को दूर करने और व्यवसायों को सुविधाजनक बनाने की दिशा में सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग तथा समर्थन का आश्वासन भी दिया।

## भारत को आत्मनिर्भर बना सकते हैं हिंद महासागर में पाए जाने वाले खनिज : आईएसए

### अधिकांश इलेक्ट्रिक वाहनों में उपयोग की जाने वाली लिथियम-आयन बैटरी में निकेल और कोबाल्ट महत्वपूर्ण तत्व



**गांधीनगर।** हिंद महासागर में खनिजों का विशाल भंडार भारत को निकेल और कोबाल्ट धातु के मामले में आत्मनिर्भर बना सकता है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री प्राधिकरण (आईएसए) के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकांश इलेक्ट्रिक वाहनों में उपयोग की जाने वाली लिथियम-आयन बैटरी में निकेल और कोबाल्ट महत्वपूर्ण तत्व हैं। आईएसए के महासचिव माइकल डब्ल्यू लॉज ने डीप ओशन मिशन के माध्यम से इस दिशा में भारत सरकार की ओर से किए गए प्रयासों की प्रशंसा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भारत गहरे समुद्र में खनन में एक वैश्विक भूमिका निभा सकता है। माइकल डब्ल्यू लॉज ने गांधीनगर में गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आयोजित 'समुद्रतल खनन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन' से इतर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। आईएसए के महासचिव ने कहा, 1980 के दशक से भारत गहरे समुद्र में खनन के क्षेत्र में शुरूआती अग्रणी निवेशकों में से एक था। हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में भारी प्रगति हुई है। 'डीप ओशन मिशन' के तहत भारत की प्रगति अभूतपूर्व रही है। भारत में गहरे समुद्र में खनिज अन्वेषण और दोहन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करने की क्षमता है। आईएसए 167 सदस्य देशों और यूरोपीय संघ का एक अंतर सरकारी निकाय है, जिसका मुख्यालय जमैका के किंग्सटन में स्थित है। माइकल डब्ल्यू लॉज ने कहा कि वह भारत में इसे लेकर राजनीतिक, वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर प्रतिबद्धता से बेहद प्रोत्साहित हुए हैं और भारत इस क्षेत्र में किसी भी अन्य देश के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकता है। उन्होंने कहा, भारत निकेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं है, और यह भारत के लिए एक बड़ी समस्या पैदा कर सकता है, जब तक कि आप घरेलू आपूर्ति विकसित नहीं कर लेते। लेकिन, समुद्र तल में भारत की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए निकेल पर्याप्त मात्रा में है। यदि भारत वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में अग्रणी बनना चाहता है, तो भारत के पास ऐसा करने की क्षमता है। इसी तरह, भारत के पास कोबाल्ट के लिए कोई सुरक्षित स्त्रोत नहीं है। लेकिन, समुद्र तल वह स्त्रोत प्रदान करता है।

## भाजपा को मिले चंदे में पिछले साल हुआ 28 फीसदी का इजाफा

### विपक्षियों के मुकाबले भाजपा को कहीं ज्यादा मिला चंदा




**नई दिल्ली।** पिछले साल राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक दलों को मिले चंदों पर एडीआर ने मंगलवार एक रिपोर्ट जारी की। 20 हजार या इससे अधिक राशि के घोषित राजनीतिक चंदे की बात करें, तो इन दलों को पिछले साल के मुकाबले इस साल 31.50 फीसदी अधिक चंदा प्राप्त हुआ है। केंद्र की सत्ताधारी भाजपा को सबसे ज्यादा 614.626 करोड़ रुपये का राजनीतिक चंदा मिला है। कांग्रेस इस मामले में दूसरे नंबर पर है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय दलों को मिलने वाले चंदों में 2020-21 की तुलना में 187.026 करोड़ (31.50 फीसदी) रुपए की बढ़ोतरी हुई है। इन दलों को पूरे देश से 780.774 करोड़ बतौर चंदे के रूप में मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह राशि 20 हजार से अधिक वाले कुल 7,141 दान द्वारा प्राप्त हुई है। राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाले चंदे में पहला नाम भाजपा का है। पिछले साल पार्टी को 4,957 दान द्वारा 614.626 करोड़ रुपए का दान प्राप्त हुआ। धनराशि के हिसाब से बीजेपी के दान में 28.71 फीसदी की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान भाजपा को 477.545 करोड़ रुपए का दान मिला था। बीजेपी का कुल दान बाकी छह राष्ट्रीय दलों (कांग्रेस, एनसीपी, सीपीआई, सीपीएम, एनपीईपी और तृणमूल कांग्रेस) के कुल दान से तीन गुना से भी ज्यादा है।

# अनुच्छेद-370 के निरस्त होने के बाद आतंकवादी घटनाओं में काफी कमी आई : अमित शाह

## हरियाणा पुलिस को उसकी असाधारण सेवा के लिए राष्ट्रपति निशान प्रदान किया



**करनाल (हरियाणा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अनुच्छेद-370 निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में काफी कमी आई है और रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक केंद्र शासित प्रदेश की यात्रा कर रहे हैं।

अमित शाह ने मंगलवार को हरियाणा पुलिस को उसकी असाधारण सेवा के लिए राष्ट्रपति निशान प्रदान किया और अपने संबोधन में यह बात कही। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले आठ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों तथा पूर्वोत्तर में उग्रवाद और वामपंथी उग्रवाद समेत देश की आंतरिक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला किया है। उन्होंने कहा, आज मैं संतोष के साथ कह सकता हूं कि अनुच्छेद-370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में काफी कमी आई है और रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक जम्मू-कश्मीर आते हैं। यह बेहद संतोष देने वाला है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे अपराधों के संबंध में फॉरेंसिक जांच को अनिवार्य बनाने के लिए आपराधिक प्रक्रिया संहिता, भारतीय दंड संहिता और साक्ष्य अधिनियम में बदलाव लाएगी, जिनके लिए छह साल अथवा उससे अधिक की सजा का प्रावधान है। शाह ने करनाल के मधुबन में हरियाणा पुलिस अकादमी में एक समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की ओर से यह सम्मान प्रदान किया। राष्ट्रपति निशान एक सैन्य, अर्धसैनिक या पुलिस इकाई को उसकी सेवाओं के लिए दिया जाने वाला एक विशेष ध्वज है। हरियाणा पुलिस को प्रदान किए गए ध्वज की प्रतिकृति को सभी अधिकारियों और बल के रैंक धारक जवानों द्वारा उनकी वर्दी पर प्रतीक चिन्ह के रूप में लगाया जा सकता है। शाह ने अपने संबोधन में कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गृह विभाग कई आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट रहा है। इन चुनौतियों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद, जिसका दर्द देश कई दशकों से झेलता आ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर लगाम लगाने में बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पूर्वोत्तर में 8,000 से अधिक हथियारबंद युवकों ने आत्मसमर्पण किया और उन्हें मुख्यधारा में लाया गया है। शाह ने कहा कि पूरे पूर्वोत्तर भारत में शांति है और वहां विकास और विश्वास का नया माहौल बना है। उन्होंने वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को लेकर कहा कि 2021 में ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट करने वाले जिलों की संख्या 96 से गिरकर 46 हो गई है। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद के तहत हर तरह की हिंसा में 70 फीसदी की कमी आई है। शाह ने कहा, इससे पता चलता है कि देश बहुत कम समय में वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर पूरी तरह से काबू पा लेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नशा मुक्त अभियान के तहत गृह विभाग विभिन्न राज्यों की सरकारों के साथ समन्वय कर इसे आगे बढ़ा रहा है। शाह ने मधुबन में आयोजित परेड की सलामी भी ली। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, गृह मंत्री अनिल विज, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



**दस लाख फॉलोअर होने की खुशी में हनीप्रीत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लाइव आकर डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम का हाथ पकड़कर केक काटा और बोली जिंदगी न होती इतनी खूबसूरत अगर आप न मिलते। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। रोहतक की सुनारिया जेल में दुष्कर्म व हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम तीसरी बार 40 दिन का पैरोल लेकर बरनावा के डेरा सच्चा सौदा आश्रम में आया हुआ है। उसके साथ उसकी मुहंबोली बेटी हनीप्रीत और परिवार के सदस्य भी है।**

# दो दिनों की गिरावट के बाद बाजार में हरियाली लौटी, सेंसेक्स 600 अंक मजबूत हुआ

## सेंसेक्स 600.42 अंकों की बढ़त के बाद 61,032.26 अंकों के लेवल पर बंद



**नई दिल्ली।** बीते दो दिनों की गिरावट के बाद सेंसेक्स में मंगलवार को मजबूती दिखी। मंगलवार के कारोबारी सेशन के बाद सेंसेक्स 600.42 अंकों की बढ़त के बाद 61,032.26 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर निफ्टी 158.95 अंकों की बढ़त के साथ 17929.85 अंकों के लेवल पर बंद हुआ।
हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बाजार की बढ़त में आईटी, बैंकिंग और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में मजबूती दिखी। निफ्टी में जिन शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त दिखी उनमें यूपीएल और आईटीसी के शेयर प्रमुख रहे। दोनों ही शेयरों में तीन-तीन प्रतिशत की मजबूती दिखी। वहीं अपोलो हॉस्पिटल और आयशर मोटर्स के शेयरों में दो-दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।
मुंबई। शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स ने 222 अंकों की उछाल मारी। एशियाई और वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेतों से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 222 अंक या 0.37 प्रतिशत की बढ़त से 60,654.72 अंक पर आ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 56.40 अंक या 0.32 प्रतिशत की बढ़त से 17,827 अंक पर कारोबार कर रहा था।
सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 फायदे में कारोबार कर रहे थे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर लाभ मे थे। खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी महीने में तीन महीने के उच्च स्तर 6.52 प्रतिशत पर पहुंच गयी। इसके साथ ही महंगाई दर एक बार फिर रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर की उच्चतम सीमा से ऊपर चली गयी है।

### एक दिन सस्ता होने के बाद आज सोना फिर आसमानी

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत में तेज बढ़त का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक दिन सस्ता होने के बाद आज सोना फिर आसमानी हो गया है। अमेरिकी में महंगाई के आंकड़े जारी होने से पहले बाजार में अनिश्चितता देखी जा रही है। इसके कारण भारत में सोने की कीमतों में मंगलवार को तेजी आई। मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में मंगलवार को सोना 225 रुपये की तेजी के साथ 56,722 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में, अप्रैल डिलीवरी के लिए सोने का अनुबंध 14,516 लॉट के कारोबार में 225 रुपये या 0.4 प्रतिशत बढ़कर 56,722 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। कारोबारियों के सौदे कम करने से मंगलवार को चांदी का वायदा भाव पांच रुपये की मामूली गिरावट के साथ 66,139 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के मार्च डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत पांच रुपये या 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 66,139 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जिसमें 14,521 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

## 1.5 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन अब न्यू नॉर्मल: सीबीडीटी चेयरमैन



**नई दिल्ली।** सीबीआईसी के चेयरमैन विवेक जौहरी ने कहा है कि 1.5 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन अब न्यू नॉर्मल हो गया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड को भरोसा है कि आने वाले वर्षों में जीएसटी कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ के आंकड़े को भी पार कर जाएगा।
बता दें कि जनवरी 2023 में जीएसटी कलेक्शन 1,55,922 करोड़ रुपये रहा। चालू वित्तीय वर्ष में तीसरी बार जीएसटी कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार रहा। अप्रैल 2022 के बाद जनवरी 2023 में सबसे अधिक जीएसटी कलेक्शन किया गया। सीबीआईसी के चेयरमैन विवेक जौहरी ने कहा, 'हम औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.45 लाख करोड़ रुपये से 1.5 लाख करोड़ रुपये मान सकते हैं। उन्होंने कहा, ₹1.5 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन न्यू नॉर्मल बन गया है। हमें विश्वास है कि हम आने वाले वर्ष में इस आंकड़े को पार कर लेंगे। जौहरी ने कहा कि जीएसटी संग्रह बढ़ने का सबसे बड़ा कारण यह है कि आयकर रिटर्न दाखिल करने और अनुपालन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। केंद्र और राज्य दोनों सरकारों ने मिलकर काम किया है। उन्होंने कहा कि रिटर्न दाखिल करने का प्रतिशत काफी बढ़ा है और इसके साथ ही अर्थव्यवस्था में भी तेजी आई है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और कोविड का प्रभाव खत्म हो गया है। उन्होंने कहा, 'मुद्रास्फीति के कारण भी जीएसटी कलेक्शन में कुछ वृद्धि हुई है। जौहरी ने कहा, 'हमने निश्चित तौर पर सिगरेट पर राष्ट्रीय आपदा आकस्मिक शुल्क (एनसीसीडी) बढ़ाया है, इसमें करीब 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इसे इसलिए बढ़ाया गया है क्योंकि सिगरेट के सेवन से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। सीबीआईसी के चेयरमैन ने कहा कि पिछले तीन साल से सिगरेट पर टैक्स में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

### यूट्यूब ने लाइसेंसशुदा म्यूजिक से कमाई करने के लिए यूजर्स को क्रिएटर म्यूजिक पेश किया

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने अपना नया मार्केटप्लेस, क्रिएटर म्यूजिक लॉन्च किया है, जो यूएस में यूट्यूब पार्टनर प्रोग्राम (वाईपीपी) में क्रिएटर्स के लिए एक नया और आसान तरीका है, ताकि वे सक्षम होते हुए भी अपने वीडियो में उपयोग के लिए संगीत के बढ़ते कैटलॉग तक पहुंच सकें।यूट्यूब हेल्प पेज के अनुसार, हम आने वाले हफ्तों में अमेरिका में मुद्रीकरण करने वाले क्रिएटर्स के लिए इसे शुरू करने के लिए उत्साहित हैं और 2023 में और अधिक देशों में विस्तार का पता लगाना जारी रखेंगे। इस पोस्ट सब्सक्राइब करें और हम आपको अपनी रिलीज योजनाओं के बारे में अपडेट रखेंगे। पिछले साल सितंबर में, कंपनी ने क्रिएटर म्यूजिक पेश किया था, ताकि यूट्यूब क्रिएटर्स को उनके लॉन्ग-फॉर्म वीडियो में इस्तेमाल के लिए म्यूजिक के लगातार बढ़ते कैटलॉग तक आसानी से पहुंचा जा सके। इससे जो क्रिएटर्स पहले से लाइसेंस नहीं खरीदना चाहते हैं, वे गाने का इस्तेमाल कर सकेंगे और ट्रैक के कलाकार और संबंधित अधिकार धारकों के साथ राजस्व साझा कर सकेंगे।

## दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा 820 करोड़ रुपये पर पहुंचा, इबीआइटीडीए में 101% का इजाफा



**नई दिल्ली।** अदाणी एंटरप्राइजेज ने मंगलवार को दिसंबर तिमाही के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार समूह को 820 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। पिछले वर्ष इसी अवधि में समूह को 12 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। आंकड़ों के अनुसार एक साल पहले की तुलना में दिसंबर 2022 को समाप्त हुई तिमाही में कंपनी का राजस्व 42 प्रतिशत बढ़कर 26951 करोड़ रुपये हो गया है।
कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा है कि उसका इबीआइटीडीए एक साल पहले की तुलना में 101 प्रतिशत बढ़कर 1968 करोड़ हो गया है। दिसंबर तिमाही दौरान कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 26171 करोड़ हो गया, जबकि एक साल पहले इस अवधि में कंपनी का कुल खर्च 19,047.7 करोड़ था। वित्तीय वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही (सितंबर 2022) में कंपनी को 460 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।
दूसरी ओर बेहतर नतीजों के बाद कंपनी के शेयरों में नौ फीसदी तक की तेजी दर्ज की गई है। मंगलवार के कारोबारी सेशन के बाद अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 1889 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बंद हुए। इससे पहले सोमवार को कंपनी के शेयर 1718 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बंद हुए थे। बता दें कि कंपनी के शेयर अपने एक वर्ष के उच्चतम स्तर के मुकाबले 60 फीसदी तक कमजोर हो चुके हैं। कंपनी के शेयर हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से 24 जनवरी को जारी उस रिपोर्ट के बाद लगातार कमजोर हुए हैं जिनमें अदाणी समूह के शेयरों और खातों में गड़बड़ी के दावे किए थे। फिलहाल इससे जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई चल रही है।

### टेक, बायोटेक कंपनियां सिलिकॉन वैली में नए सिरे से छंटनी की बना रही योजना

**सैन फ्रांसिस्को।** वैश्विक श्रमिकों के लिए और बुरी खबर है, अमेरिका में सिलिकॉन वैली में टेक और बायोटेक कंपनियां नई नौकरियों में कटौती की तैयारी कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।आज तक, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, इंटेल, ट्विटर, सेल्सफोर्स, पेपाल, रिंगसेंट्रल और जीमर्जन ने सभी वार्न नोटिस दायर किए हैं जो कम से कम दो अलग-अलग दौर की छंटनी को दर्शाते हैं। वार्न नोटिस की समीक्षा से पता चला कि आठ में से छह कंपनियों ने इस साल नियोजित नौकरी में कटौती का खुलासा किया। रिपोर्ट में कहा गया, 9 फरवरी तक, ये 10 सबसे हालिया वार्न नोटिस थे, जो टेक या बायोटेक कंपनियों ने खाड़ी क्षेत्र में नौकरी में कटौती का खुलासा करने के लिए दायर किए थे। टेक और बायोटेक कंपनियों ने खाड़ी क्षेत्र में कम से कम 19,500 नौकरियों में कटौती की योजनाएँ दायर की हैं, इस बात का कोई संकेत नहीं है कि नौकरी गंवाना शुरू हो गया है।

## अडाणी ग्रुप के शेयरों में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी, अडाणी एंटरप्राइजेज 5% टूटा

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनियों के प्रति बाजार में नकारात्मक धारणों के बीच उनके शेयरों में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी गिरावट जारी रही। सुबह के सत्र में अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर बीएसई में 4.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,633.5 रुपये प्रति शेयर पर रह गए। समूह की कुछ अन्य कंपनियां भी अपने निचले स्तर पर पहुंच गईं। अडाणी पावर का शेयर गिरकर 148.30 रुपये रह गया तो अडाणी ट्रांसमिशन का शेयर टूटकर 1,070.55 रुपये, अडाणी ग्रीन एनर्जी गिरकर 653.40 रुपये और अडाणी टोटल गैस के शेयर टूटकर 1,135.60 रुपये रह गए।
इसी तरह अडाणी विल्मर के शेयर गिरकर 393.60 रुपये प्रति शेयर पर रह गए जबकि एनडीटीवी के शेयर 188.35 रुपये रह गए। इन सभी कंपनियों के शेयरों में पांच-पांच प्रतिशत की गिरावट आई है।
अंबुजा सीमेंट के शेयर बीएसई पर 4.04 प्रतिशत गिरकर 328.55 रुपये, एसीसी के शेयर 2.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,786.75 रुपये और अडाणी पोर्ट्स एंड विशेष आर्थिक क्षेत्र (एपीएसईजेड) के शेयर 1.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 546.70 रुपये प्रति शेयर पर रह गए। सुबह के सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 295.3 अंक या 0.49 प्रतिशत की मजबूती के साथ 60,727.14 पर कारोबार कर रहा था।

### प्रल्हाद जोशी ने कोयला कंपनियों से उत्पादन बढ़ाने को कहा

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार को कोयला कंपनियों से ईंधन के उत्पादन को और बढ़ाने के लिए बाधाओं की पहचान कर उन्हें दूर करने का आग्रह किया।उन्होंने आवंटित ब्लॉकों से सूखे ईंधन उत्पादन की समीक्षा के लिए एक बैठक में यह बात कही। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 54 चालू कोयला ब्लॉकों से 92.3 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया जा चुका है। कोलकाता में कंपनी के मुख्यालय में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के अधिकारियों के साथ बैठक हुई, जहां सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के अधिकारी भी मौजूद थे। जोशी ने ट्वीट किया, वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में कंपनी के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बैठक के बाद ट्वीट किया, यह जानकर खुशी हुई कि सीआईएल ने न केवल जनवरी 2023 तक लक्षित कोयला उत्पादन का 100 प्रतिशत हासिल किया है।

## एयर इंडिया ने केबिन क्रू से कहा- नैतिक मानकों का पालन करें या अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करें



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपने केबिन क्रू से कहा है कि अगर उनके कार्यों से एयरलाइन की प्रतिष्ठा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, तो उन्हें नैतिक मानकों को बनाए रखना चाहिए या अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।सूत्रों ने बताया कि एयरलाइन के इन-फ्लाइट सुरक्षा विभाग ने सोमवार को निर्देश दिया था कि टीसीओसी (टाटा आचार संहिता) के खिलाफ किसी भी कार्य में शामिल न हों।
सूत्रों के अनुसार, यह आदेश हाल की एक घटना की पृष्ठभूमि के खिलाफ जारी किया गया, जहां विमान के पायलट को दिल्ली हवाई अड्डे पर कथित तौर पर दो आईफोन 14 के साथ पकड़ा गया था और उसे सीमा शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा गया था।
एयरलाइन ने संचार में कहा कि यह फीडबैक प्राप्त हुआ है कि कुछ केबिन क्रू विदेश से भारत लौटने पर वाणिज्यिक मात्रा में सामान ले जा रहे हैं, जो कि सीमा शुल्क नियमों के खिलाफ है। एयरलाइन ने कहा है कि चालक दल के सदस्य एक एयरलाइन के एंबेसडर होते हैं और उन्हें नैतिकता के मानकों का पालन करना चाहिए और टीसीओसी का पालन करना चाहिए क्योंकि उनका आचरण सीधे एयरलाइन की छवि को प्रभावित करता है।
एयरलाइन ने कहा, आप सभी को निर्देश दिया जाता है कि टीसीओसी के खिलाफ किसी भी तरह के कृत्य में शामिल न हों..किसी भी तरह के उल्लंघन पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## सेबी ने सुप्रीम कोर्ट में रखा पक्ष, कहा- बाजार की अस्थिरता से निपटने के लिए उसके पास मजबूत ढांचा



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार की नियामक संस्था सेबी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वह अदाणी प्रकरण में नियमों के किसी भी उल्लंघन का पता लगाने के लिए जांच कर रहा है। सेबी ने कहा है कि वह अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों के साथ-साथ रिपोर्ट जारी होने के तुरंत पहले और बाद की बाजार गतिविधियों की पड़ताल कर रहा है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने न्यायालय से यह भी कहा कि उसके पास अनवरत कारोबार सुनिश्चित करने और शेयर बाजार में अस्थिरता से निपटने के लिए मजबूत ढांचा है। सेबी ने दावा किया कि विकसित प्रतिभूति बाजार दुनिया भर में शॉर्ट सेलिंग को वैध निवेश गतिविधि के रूप में मानते हैं।
सेबी ने अदाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट के बाद दर्ज दो जनहित याचिकाओं (पीआईएल) पर सोमवार को सुनवाई कर रही प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि वह सेबी नियमों, शॉर्ट सेलिंग के नियमों के उल्लंघन की जांच के लिए हिंडनबर्ग के आरोपों और रिपोर्ट जारी होने से ठीक पहले और ठीक बाद की बाजार की गतिविधि, दोनों की जांच कर रहा है। सेबी ने कहा कि हाल ही में अदाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट से शेयर बाजार पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा है। सेबी ने कहा, भारतीय बाजार इससे पहले और भी बुरी अस्थिरता देख चुका है, विशेषकर कोरोना महामारी के समय, जब दो मार्च, 2020 से 19 मार्च, 2020 (13 कारोबारी दिवस) के बीच निफ्टी लगभग 26 प्रतिशत गिर गया था। बाजार अस्थिरता को देखते हुए सेबी ने 20 मार्च, 2020 को अपने मौजूदा बाजार तंत्र की समीक्षा की थी और कुछ बदलाव किए थे।

## इंश्योरेन्स देखो ने सीरीज ए फंडिंग में जुटाई 150 मिलियन डॉलर की राशि



**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख इंश्योरटेक प्लेयर इंश्योरेन्स देखो ने बताया कि कंपनी ने सीरीज ए में 150 मिलियन डॉलर की राशि जुटाई है, जिसमें इक्विटी और डेब्ट का मिश्रण शामिल है। यह एक भारतीय इंश्योरटेक कंपनी द्वारा अब तक का सबसे बड़ा सीरीज ए राउण्ड है। इस इक्विटी राउण्ड का नेतृत्व गोल्डमैन सैशेस असेट मैनेजमेन्ट एवं टीवीएस कैपिटल फंड्स ने किया। इन्वेस्टकोर्प, अवतार वेंचर्स एवं लीपफ्रॉग इन्वेस्टमेन्ट्स में भी इस फंडिंग में हिस्सा लिया। इंश्योरेन्स देखों की स्थापना साल 2016 में अंकित अग्रवाल और ईश बब्बर द्वारा की गई थी। अपनी शुरूआत के बाद से कंपनी ने उल्लेखनीय विकास दर्ज किया है और मार्च 2023 तक रु 3500 करोड़ की सालाना प्रीमियम रन रेट हासिल करने का लक्ष्य रखा है। अंकित अग्रवाल, सीईओ एवं सह-संस्थापक, इंश्योरेन्स देखो ने कहा, देश में बीमा सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की बात करें तो हमें शहरी क्षेत्रों के दायरे से बाहर जाने की आवश्यकता है। बीमा सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम अपनी पहुंच बढ़ा रहे हैं और आने वाले समय में भी अपने सशक्त अडवाइजर्स के साथ टेक-आधारित समाधान लाते रहेंगे, जो साल के अंत तक भारत के हर गांव और हर क्षेत्र को अपनी सेवाएं प्रदान कर सकें। ईश बब्बर, सीटीओ एवं सह-संस्थापक, इंश्योरेन्स देखो ने कहा, भारत में बीमा सेवाओं का वितरण एक जटिल समस्या है, जिसे हल करने के लिए आधुनिक समाधान लाने की आवश्यकता है। इस राउण्ड में जुटाई गई राशि के द्वारा हम डेटा एनालिटिक्स, आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स, लास्ट माईल सर्विसिंग एवं क्लेम मैनेजमेन्ट के क्षेत्र में इंश्योरेटेक समाधानों का पैमाना बढ़ाएंगे। अमित जैन, सीईओ एवं सह-संस्थाक, कारदेखो ग्रुप ने कहा, उद्यमिता की भावना एवं सशक्त मूल्यों के साथ कारदेखो ग्रुप ने हाउस ऑफ फाउंडर्स की अवधारणा को बढ़ावा दिया है, जो अपने आधुनिक विकचारों के साथ इन कारोबारों में स्थायी विकास और मुनाफे को सुनिश्चित करते हैं। रजत सूद, मैनेजिंग डायरेक्टर, गोल्डमैन सैशेस असेट मैनेजमेन्ट ने कहा, तकनीकी इनोवेशन्स के साथ भारतीय बीमा उद्योग में बदलाव आ रहे हैं, जिसके चलते बीमा कवरेज लेना आज अधिक सुलभ एवं किफायती हो गया है। प्रवीण श्रीधरन, पार्टनर, टीवीएस कैपिटल फंड्स ने कहा, हर किसी की आर्थिक सुरक्षा के लिए बीमा बहुत जरूरी है, इसके बावजूद भारत में बीमा की पहुंच जीडीपी की मात्र 4.2 फीसदी है, जबकि विश्वस्तरीय औसत 7.4 फीसदी है। ऐसे में भारत के 1000 नगरों में रहने वाले 400 मिलियन मध्यम एवं निम्न आय वर्ग वाले उपभोक्ताओं तक बीमा सेवाओं की सुलभता बढ़ाना जरूरी है।

## संक्षेप

### थोक महंगाई दर जनवरी में घटकर 4.73 फीसदी हुई, यह दो साल में सबसे कम

**नई दिल्ली।** थोक मुद्रास्फीति यानी महंगाई दर जनवरी में 4.73 फीसदी पर आ गई है। यह लगातार आठवें महीना है, जब थोक महंगाई दर घटी है। यह दो साल के निचले स्तर आ गई है। हालांकि, यह बात जरूर है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल देखा गया है। थोक महंगाई दर बनाए गई वस्तुओं, ईंधन और बिजली की कीमतों में कमी आने से नीचे आई है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर दिसंबर 2022 में 4.95 फीसदी और जनवरी 2022 में 13.68 फीसदी थी। हालांकि, जनवरी महीने में फूड इन्फ्लेशन 2.38 प्रतिशत बढ़ा है, दिसंबर महीने में इसमें 1.25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2023 में थोक महंगाई दर में होने वाली गिरावट में मिनिरल ऑयल, केमिकल व केमिकल उत्पादों, वस्त्रों, क्रूड पेट्रोलियम और नैचुरल गैस और खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी का योगदान रहा। अनाज के मामले में थोक महंगाई दर में 2.41 प्रतिशत का इजाफा हुआ। सब्जियां 26.48 प्रतिशत तक सस्ती हुईं। ऑयल सीड्स की कीमतों में जनवरी 2023 में 4.22 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। ईंधन और ऊर्जा बास्केट में थोक महंगाई दर 15.15 प्रतिशत दर्ज की गई। दिसंबर महीने में यह 18.09% थी। निर्माण क्षेत्र के उत्पादों के मामले में यह 2.99 प्रतिशत रही, जो दिसंबर महीने में 3.37 प्रतिशत थी। देश में गेहूं उत्पादन 2022-23 फसल वर्ष (जुलाई-जून) नए रिकॉर्ड पर पहुंच सकता है। बताया जा रहा है कि इस दौरान गेहूं का उत्पादन 112.18 मिलियन टन के आंकड़े को छू सकता है। यह पिछले साल से 4.40 मिलियन टन ज्यादा है। बीते साल कुछ राज्यों में लू की वजह से गेहूं का उत्पादन 107.74 मिलियन टन ही रह गया था। इससे पहले 2020-21 में सबसे ज्यादा 109.59 मिलियन टन गेहूं का उत्पादन हुआ था।

### टॉरेंट पावर का दिसंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 88 प्रतिशत बढ़कर 694.54 करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** विभिन्न कारोबार से जुड़े टॉरेन्ट समूह की कंपनी टॉरेंट पावर का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर में समाप्त तिमाही में 88 प्रतिशत के उछाल के साथ 694.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 369.45 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 6,526.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,833.14 करोड़ रुपये रही थी। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 5,549.01 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 3,324.02 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 22 रुपये प्रति शेयर (13 रुपये प्रति शेयर के विशेष लाभांश सहित) के अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी है।

### बुनियादी ढांचे पर सरकार का खर्च बढ़ने से (ईपीसी) कंपनियों का मुनाफा 17-20 प्रतिशत बढ़ेगा : रिपोर्ट

**मुंबई।** सरकार के अगले वित्त वर्ष में बुनियादी ढांचा खर्च में बढ़ोतरी से इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कंपनियों के राजस्व में 17-20 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इससे इन कंपनियों का मुनाफा महामारी-पूर्व स्तर पर पहुंच जाएगा। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। सरकार ने बजट 2023-24 में विनिर्माण क्षेत्र पर पूंजीगत व्यय 7.5 लाख करोड़ रुपये से 33 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने एक रिपोर्ट में ज्यादा आमदनी और मुनाफे का अनुमान जताते हुए उनके साख परिदृश्य को सकारात्मक रखा है। हालिया बजट में बुनियादी ढांचा पर सरकार के जोर से इन कंपनियों के ऑर्डर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बड़ी ईपीसी कंपनियों की लाभप्रदता बेहतर हो रही है और अगले वित्त वर्ष में यह कोरोना-पूर्व के स्तर के 10-10.5 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी, जो इस साल 9-9.5 प्रतिशत है।

### भारत को अगले दो दशक में 2,210 नए विमानों की जरूरत होगी: बोइंग

**नई दिल्ली।** भारत को अगले दो दशक में लगभग 2,210 नए विमानों की जरूरत पड़ेगी। बोइंग ने मंगलवार को कहा कि इनमें से 1,983 विमान एकल-गलियारे वाले विमान होंगे। बोइंग का अनुमान है कि देश में 2041 तक सालाना आधार पर घरेलू हवाई यातायात सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। भारत के लिए अपने 2022 वाणिज्यिक बाजार परिदृश्य (सीएमओ) का अनावरण करते हुए बोइंग ने कहा कि देश का हवाई यातायात पुनरुद्धार से वृद्धि की राह पर है। इसमें घरेलू हवाई यातायात का बड़ा योगदान है जो महामारी-पूर्व के 98 प्रतिशत पर पहुंच चुका है। घरेलू बाजार में इस दशक के अंत तक दोगुना जाएगा। बोइंग ने बयान में कहा, भारतीय एयरलाइन कंपनियां की 2023 की पहली छमाही में आपूर्ति में सात प्रतिशत की और वृद्धि होगी। घरेलू मार्गों पर तेज वृद्धि के चलते बोइंग का अनुमान है कि देश में 90 प्रतिशत नए विमानों की आपूर्ति छोटे एकल गलियारे वाले विमानों की होगी।

### फोनपे ने 12 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर अतिरिक्त 10 करोड़ डॉलर जुटाए

**बेंगलुरु।** प्रमुख फिनटेक कंपनी फोनपे ने मंगलवार को घोषणा की है कि उसने रिबिट कैपिटल, टाइगर ग्लोबल और टीवीएस कैपिटल फंड्स से 12 अरब डॉलर के प्री-मनी वैल्यूएशन पर प्राथमिक पूंजी में 10 करोड़ डॉलर जुटाए हैं।नया निवेश हाल ही में एक प्रमुख वैश्विक विकास इक्विटी फर्म, जनरल अटलांटिक से 35 करोड़ डॉलर के प्राथमिक धन उगाहने के बाद आया है, जिसे जनवरी में फोनपे ने बंद कर दिया था।
फोनपे के सीईओ और संस्थापक समीर निगम ने कहा, हमारे पास मौजूदा और नए अग्रणी वैश्विक निवेशकों का एक बड़ा समूह है, जो भारत में बड़े पैमाने पर वित्तीय और डिजिटल समावेशन लाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों के निर्माण के हमारे मिशन में विश्वास करते हैं।
फोनपे ने अपने अधिवास को भारत में स्थानांतरित करने के बाद पूंजी में 1 अरब डॉलर तक जुटाने के लक्ष्य के साथ अपना लेटेस्ट फंडरेज शुरू किया था। इस दूसरी किश्त के साथ, कंपनी ने प्रमुख निवेशकों से छह सप्ताह के भीतर पहले ही 45 करोड़ डॉलर जुटा लिए हैं। यह उम्मीद करता है कि प्रमुख वैश्विक, साथ ही प्रमुख उच्च निवल मूल्य वाले भारतीय निवेशक नियत समय में और अधिक निवेश करेंगे। रिबिट कैपिटल के संस्थापक मिकी मलका ने कहा, फोनपे उन्हीं मूल्यों पर चलता है जैसे हम रेड्डिट में जीते हैं। हम दोनों का मानना है कि बेहतर पैसा जीवन को बेहतर बनाता है। पूरे भारत में उपभोक्ताओं और व्यवसायों की सेवा करने के लिए फोनपे का इस सिद्धांत का निरंतर पालन करना एक मिशन है जिसके लिए जीना है। दिसंबर 2015 में स्थापित, फोनपे के 44 करोड़ रजिस्टर्ड यूजर्स हैं और चार भारतीयों में से एक अब फोनपे पर है। कंपनी ने देश भर में फैले 3.5 करोड़ ऑफलाइन व्यापारियों को सफलतापूर्वक डिजिटाइज किया है, जिसमें देश के 99 प्रतिशत पिन कोड शामिल हैं। फोनपे भारत बिल पे सिस्टम (बीबीपीएस) में भी अग्रणी है, जो बीबीपीएस प्लेटफॉर्म पर 45 प्रतिशत से अधिक लेनदेन को संसाधित करता है।

### मप्र में नीले गेहूं का उत्पादन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में खेती के क्षेत्र में नवाचार का दौर जारी है। इसी क्रम में नीले गेहूं का भी उत्पादन शुरू हो गया है। इस गेहूं का उपयोग बेकरी के कारोबार में होता है। इस गेहूं की मांग दुनिया के अन्य देशों में भी है।राज्य की व्यापारिक नगरी इंदौर में जी-20 के कृषि समूह की बैठक चल रही है। इस बैठक में हिस्सा लेने आए प्रतिनिधियों की राज्य के कृषि क्षेत्र में जारी नवाचारों की तरफ दिखी रुचि का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संवाददाताओं से कहा है कि जी-20 के कृषि समूह की बैठक में विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों का प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में नीला गेहूं, शुगर फ्री आलू और बीज बैंक के रूप में हुए नवाचारों ने ध्यान आकर्षित किया है।

# हनुमानगढ़ी मंदिर की दान पेटिका से चोरी

**प्रदर्शन**

एसपी से गश्त बढ़ाने और मन्दिर के आस-पास की सुरक्षा की मांग

जनसंदेश न्यूज



हनुमानगढ़ी मंदिर में प्रदर्शन करते कमेटी के लोग

**लालानगर।** गोपीगंज नगर के काली मुहाल स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने लगा दान पेटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए उड़ा दिया। बताया जाता है कि इसके पूर्व भी हनुमानगढ़ी मंदिर की दानपेटी से चोरी हुई थी जिसका खुलासा आज तक पुलिस नहीं कर सकी। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि हनुमानगढ़ी तालाब पर हनुमान मंदिर के सामने लगा दान पेटी का ताला तोड़कर जहां चोरों ने हजारों रुपए उड़ा दिए वही बगल में शनि देव के मंदिर के भी दान पेटी का ताला तोड़ने का असफल प्रयास चोरों द्वारा किया गया। इन दिनों नगर में चोरी का सिलसिला जारी है। बीते दिनों सभासद अनूप जायसवाल की हीरो होंडा मोटरसाइकिल चोरों ने चोरी कर ली जिसका एफआईआर अभी तक पुलिस ने नहीं लिखा है। इसी तरह वार्ड नंबर 14 से मारुति कार सवार चोरो ने आधी रात को बकरी चोरी कर लिया जो घटना सीसीटीवी में कैद हो गया। इस चोरी की भी चर्चा नगर में बनी हुई है। हनुमानगढ़ी कमेटी के जगदीश्वर जायसवाल, कवि मोदनवाल, संजय साहू, सूरज पंडा, प्रदीप मोगिया, अजय गुप्ता, पिंटू साहू आदि लोगों ने पुलिसिया कार्य प्रणाली से नाराज होकर प्रदर्शन करते हुए पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि तत्काल पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ मंदिरों की सुरक्षा का पुख्ता किया जाय।

### बंदरों के आतंक से विवाहिता महिला की छत से गिरकर मौत

**गोपीगंज।** मंगलवार को ग्राम भगवतपुर में बंदरों के आतंक से एक विवाहिता महिला रोमन सिंह 30 की छत से गिरकर मौत हो गयी। ग्रामीण अंचलों के साथ ही अब नगरीय क्षेत्रों में भी बंदरों का आतंक बढ़ता चला जा रहा है। मंगलवार को बंदरों ने ऐसा आतंक मचाया कि एक विवाहित महिला की जान चली गई। यहां के लोगों ने बताया कि आसपास के बंदर इकट्ठा होकर के लोगों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। यहां तक कि बच्चों को देखकर उन पर झपट पड़ते हैं। मकानों पर लगे पाइपों को तोड़ देते हैं, पानी की टंकी तोड़ देते हैं। इसी तरह भगवतपुर निवासी मोहित सिंह की पत्नी रोमन सिंह 30 वर्षीय छत पर काम कर रही थी उसी समय बंदरों का समूह उनको काटने के लिए दौड़ा जिस पर वह अपनी जान बचाने के लिए भागी और छत से गिर गई। नीचे मोटरसाइकिल खड़ी थी उसी पर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हुई जिन्हें तत्काल स्थानीय निजी नर्सिंग होम में ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बंदरों के आतंक से नगर व आसपास के इलाकों में काफी दहशत व्याप्त है। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका परिषद व डीएफओ से मांग की है कि तत्काल बंदरों को पकड़ने का इंतजाम किया जाए।

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज



सीएचसी गोपीगंज परिसर में आयोजित शिविर में मौजूद लोगों को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

**गोपीगंज।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सीएचसी गोपीगंज परिसर में आयोजित शिविर का शुभारंभ फीता काटकर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विनय कुमार श्रीवास्तव ने किया।इसमें मानसिक रोग विशेषज्ञ डा. अभिनव पांडेय व इसी अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष पांडेय, चिकित्सक डॉ. मोहम्मद अनीस, डाक्टर विजय गौतम, डाक्टर असलम अंसारी, डाक्टर नंद लाल प्रसाद ने आए हुए मरीजों को देखा और बाद में उन्होंने बताया कि आज विभिन्न मानसिक रोगों से ग्रसित लगभग 100 मरीजों को देखा और उनका उपचार किया गया। डॉ. अभिनव पांडेय मानसिक रोग विशेषज्ञ ने बताया कि मानसिक रोग नींद न आना, तनाव, उलझन, घबराहट, जीवन के प्रति निराश रहना, आत्मविश्वास की कमी महसूस करना, छोटी-छोटी बातों मैं अपने आप को दोषी ठहराना, भूत प्रेत देवी देवता इत्यादि की छाया का भ्रम होना, यह सब मानसिक रोग के लक्षण है। इसके लिए आप अपने नजदीकी चिकित्सक से सलाह ले, छोटी सी मानसिक समस्या आपके पूरे जीवन को अंधकार मय कर सकती है। इनसे अपने आपको उबारें। यह किसी जादू टोना से ठीक नहीं होता। उक्त शिविर सीएचसी में यह शिविर प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को आयोजित किया जाता है।

### वृक्ष से जनजीवन स्वच्छ और पर्यावरण रहता है उत्तम

**सुरियावां।** अनुश्री पी जी कॉलेज अभिया रोड कैड़ा सुरियावां में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिन स्वयंसेवकों ने शिविर की शुरूआत योग एवं प्राणायाम से शुरू किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा पर्यावरण के सन्दर्भ में रैली निकाली गई। रैली सुरियावां नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो में गई वहां जाकर स्वयंसेवकों ने पर्यावरण कैसे शुद्ध हो इसके बारे में बताया व वृक्षारोपण महत्व के बारे में बताया और लोगो को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात बावन बीघा तालाब पर स्थित बड़े हनुमान मंदिर पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया एवं पर्यावरण जागरूकता पर एक नुक्कड़ नाटक भी किया, जिसमें यह बताने का प्रयास किया कि वृक्ष से जनजीवन स्वच्छ और पर्यावरण उत्तम रहता है। इसके पश्चात, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भदोही के जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख व नेहरू युवा केन्द्र के जिला सलाहकार समिति के सदस्य रवि चन्द्र यादव ने शैक्षणिक सत्र मे पर्यावरण विषय पर स्वयंसेवकों को बताया एक एक वृक्ष का क्या महत्व होता है। वृक्ष हमारे लिए प्रकृति द्वारा दिया गया अनुपम वरदान है, और एक वृक्ष दस पुत्र के समान है। कार्यक्रम का निर्देशन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज सिंह के नेतृत्व में हुई और परिसर प्रभारी वीना सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# फरार शातिर लुटेरे को भदोही पुलिस ने मुंबई से दबोचा

**सफलता**

ट्रांजिस्ट रिमांड पर पुलिस टीम ने आकर जनपदीय न्यायालय के समक्ष किया प्रस्तुत

जान से मारने की नीयत से गोली मारकर लूट करने वाले गिरोह का है शातिर सदस्य

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत एसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर शातिर, पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। एसपी के निर्देश पर थाना चौरी व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित, विगत तीन माह से फरार चल रहे 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित आरोपी शिव प्रकाश सेठ उर्फ छन्नू पुत्र रामचंद्र सेठ निवासी मीराशाह पिंडरा थाना फूलपुर जनपद वाराणसी को अंधेरी ईस्ट, मुंबई से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने गिरफ्तारशुदा आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई से ले आकर जनपदीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तारशुदा शिव प्रकाश सेठ जान से मारने की नियत से गोली मारकर लूट करने वाले गिरोह का शातिर सदस्य है, जो गिरोह के साथ थाना चौरी क्षेत्र अंतर्गत स्वर्ण व्यवसायी के साथ लूट कांड में शामिल था। गिरोह में शामिल सभी लुटेरों को लूट के माल के साथ पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष चौरी मनोज कुमार, उपनिरीक्षक गिरजाशंकर यादव, आरक्षी राहुल गौड़ थाना चौरी भदोही व आरक्षी सुनील कनौजिया क्राइम ब्रांच शामिल रहें।

# योगाभ्यास कर भोजन पर ध्यान दें छात्राएं: डॉ. सोनाली

**आयोजन**

महाविद्यालय के सात दिवसीय शिविर का समापन

जनसंदेश न्यूज



मुख्य अतिथि को स्मृति चिंन्ह देकर सम्मानित करते कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार सिंह।

**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को भव्य कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई की महिला चिकित्साधिकारी डॉ. सोनाली मौर्या एवं विशिष्ट अतिथि प्रधान ग्राम सभा हमीदपट्टी संगीता गौतम एवं अन्य अतिथियों में पंचायत सचिव संजय कुमार मौर्य प्रधान प्रतिनिधि लाल बहादुर प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय हमीदपट्टी अंशुमालि चतुर्वेदी आदि रहे। समापन दिवस के प्रथम सत्र में शिविरार्थियों ने प्रार्थना एवं सूर्य नमस्कार के साथ शिविर का शुभारंभ किया। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय हमीदपट्टी के प्रांगण में ईंट हटाने का काम एवं पौधों के चारों तरफ थाला बनाने एवं पौधों को पानी देने का काम किया। समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार सिंह ने सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण मोमेंटो देकर एवं स्वागत भाषण से किया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सोनाली मौर्या ने अपने उद्बोधन में छात्राओं से योगाभ्यास करने भोजन पर ध्यान देने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डा. रमोद कुमार मौर्य, प्रकाश चंद्र गुप्त, डॉ. सुचिता वर्मा, विनोद कुमार, मोहम्मद आकिफ तौफीक आदि लोग पूरे समय उपस्थित रहे।

### अस्पताल के सामने बैरिकेडिंग कर बढ़ाई मरीजों की मुश्किलें

लालानगर। गोपीगंज कोतवाली अंर्तगत नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने राजमार्ग पर बना कट प्वाइंट बंद कर देने से अस्पताल आने वाले मरीजो की मुश्किल बढ़ गई है। अस्पताल पहुचने के लिए काफी दूर चक्कर लगाना पड़ रहा है। राजमार्ग बड़ा चौराहा पर पिलर में आई गड़बड़ी को दूर करने के लिए कार्यदाई संस्था गड़बड़ी ठीक कराने मे मे लगी है। इसके लिए ओवर ब्रिज से वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है। जिसके चलते राजमार्ग बड़ा चौराहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मीरजापुर तिराहा पर बने कट प्वाइंट बैरिकेडिंग करके बंद कर दिया गया है। कट प्वाइंट बंद होने से अपने वाहन के साथ मरीज, एंबुलेंस या कचहरी ज्ञानपुर जाने वालों को थाने के सामने से घूम कर ही आना जाना पड़ रहा है। इसी प्रकार ज्ञानपुर कचहरी से आ रहे लोगों को गोपीगंज मार्केट, मीरजापुर या प्रयागराज की तरफ जाना हो तो उसे काजी हाउस के सामने से घूम कर लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा है, जबकि हर कट पॉइंट पर पुलिस की ड्यूटी लगी हुई है लेकिन बैरिकेडिग करके पुलिस अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रही है।

# महाशिव रात्रि पर सजावट व साफ सफाई के लिए सभासदों ने दिया ज्ञापन

**भदोही।** नगर पालिका परिषद भदोही में आगामी अठारह मार्च को महाशिवरात्रि के पर्व पर गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के विभिन्न मंदिरो पर नगर पालिका परिषद भदोही द्वारा विद्युत लाइट सजावट व साफ सफाई चूना का छिड़काव के संबंध में नगर के सभासदों ने मंगलवार को अधिशाषी अधिकारी के नाम अवर अभियंता निर्माण दिनेश कुमार सिंह को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में सभासद महेंद्र कुमार बिंद, राधा देवी, जितेंद्र कुमार यादव, करुणाशंकर दुबे, गिरधारी जयसवाल, हेमंत सोनकर, संजय यादव, रंजीता देवी, रमेश चंद सरोज, महेंद्र सरोज, सुजीत यादव, मंदाकिनी देवी, रचना अरविंद मौर्या, राकेश गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, रमेश प्रजापति, गुड्डू अंसारी आदि समस्त सभासद उपस्थित रहे।



महाशिव रात्रि पर सजावट व साफ सफाई के लिए इओ को संबोधित ज्ञापन सौंपते सभासदगण

# भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे सहकारिता विभाग के अधिकारी



बैठक को सम्बोधित करते सपा जिला अध्यक्ष लाल बहादुर

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग के क्रय विक्रय समितियों के प्रबंधन समिति के सदस्य एवं सभापति उपसभापति चुनाव के संबंध में विशेष बैठक आयोजित की गयी।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहाकि समाजवादी पार्टी यह चुनाव बहुत गंम्भीरता से लड़ेगी। हमारे बूथ लेवल तक के कार्यकर्ता इस चुनाव में लगाकर काम किया जायेगा वहीं प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहाकि सहकारिता विभाग के अधिकारी यह चुनाव चोरी से कराना चाह रहे थे इस चुनाव के बारे में किसी भी राजनीतिक दल को किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं दिया। जब समाजवादी पार्टी ने चुनाव को संज्ञान लिया और अधिकारियों से वार्ता किया और जानकारी चाहा कि कितनी समिति हमारी चल रही, कितनी समिति बंद है और कितनी समितियों का चुनाव होना है इसकी जानकारी देने में वे आनाकानी कर रहे थे। लेकिन वहीं समाजवादी पार्टी ने सक्रियता दिखाते हुए आला अधिकारी पर जब दबाव बनाया तब जाकर सूची देने का काम किया। सहकारिता विभाग के अधिकारी भाजपा कार्यकर्ता के रूप में इस चुनाव में काम कर रहे हैं। लोकतंत्र में जिस तरह भाजपा हर चुनाव में सत्ता सरकार की हनक गुंडई के बल पर चुनाव कराना चाहती है लेकिन समाजवादी के लोग चुपचाप बैठ कर यह अत्याचार नहीं सहेगे। बैठक मे मुख्य रूप से उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, मुन्ना प्रमुख, अनवारुल गुड्डू, राजेंद्र टाइगर, सोचन राम विश्कर्मा, गुलाम यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला महाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

# छात्रों ने धार्मिक स्थल चित्रकूट का किया शैक्षिक भ्रमण



**सुजानगंज।** रामेष्ट पब्लिक स्कूल बेलवार के बच्चों का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण चित्रकूट में पहुंच कर हनुमान धारा, गुप्त गोदावरी, सती अनुसुइया, कामदगिरि, जगद्गुरु रामभद्राचार्य के विकलांग विश्वविद्यालय में काफी उत्साहित दिखाई दिए। बच्चों ने धार्मिक स्थल मंदिरों में दर्शन पूजन किया और पर्यटक स्थलों के ऐतिहासिक महत्व को संकलन किया। बच्चों ने बताया कि इस भ्रमण से हम सभी ने धार्मिक एवं पर्यटक स्थल के बारे में काफी जानकारियां हासिल की। हम लोगों का शैक्षिक भ्रमण बहुत ही बढ़िया रहा, इसके लिए पूरे विद्यालय परिवार को हम लोग थैंक्यू बोल रहे हैं। शैक्षिक भ्रमण से नए अनुभव मिलते हैं। कालेज के प्रबंधक मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होते हैं, इससे छात्रों में एक अनुभव जागृत होती है। 200 बच्चों के शैक्षिक भ्रमण की देखरेख के लिए बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। शैक्षिक भ्रमण में कालेज के प्रबंधक मनोज कुमार मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, डॉ. रामचंद्र मिश्र, मोहित कुमार शुक्ला, मीडिया प्रभारी पत्रकार एलसी निषाद मौजूद रहे।

# ब्लैक-डे पर बच्चों के साथ पौधरोपण कर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



पौधरोपण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग

**जौनपुर।** अल्फावेटज प्री स्कूल देवनगर रुहट्टा में जम्मू कश्मीर में चार साल पहले हुए पुलवामा हमले की बरसी पर मंगलवार को अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के तरफ से श्रद्धांजलि और वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अब्दुल्ला तिवारी ने बताया कि आज ट्रस्ट की तरफ से शहीदों की याद में वृक्षारोपण किया गया और कैंडल जलाकर मौन रखकर स्कूल के छात्र, शिक्षक और शिक्षिकाओं के साथ सभी सदस्यों ने श्रद्धांजलि दिया। उर्वशी सिंह ने कहा कि आज शहीद सैनिकों के सम्मान में उनको श्रद्धांजलि दी गई है। कहा कि आप सबका बलिदान समाज पर ऋण है। इसी क्रम में ट्रस्ट के दीपक श्रीवास्तव पत्रकार ने कहा कि मां भारती के अमर वीर सपूतों को शत-शत नमन करते है। आप सभी का त्याग और बलिदान हम सभी को आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट करता है। इनके परिजनों को भगवान दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। पुलवामा हमले में शहीद जवानों के परिवार वालों को सरकार द्वारा पूरी मदद की जानी चाहिए और समय-समय पर उनके परिवार जनों का भी हाल चाल लेते रहना चाहिए जिससे आने वाले समय में जवानों के परिजनों का मनोबल ऊंचा रहे। आज हम लोग स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों से उन शहीदों की बातों को साझा कर रहे हैं जिससे आने वाले समय में इन बच्चों को अपने देश की रक्षा करने वाले शहीद हुए जवानों को बताने की आवश्यकता ना हो। विद्यालय के प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक भारतीय को एक मजबूत और समृद्ध देश की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। इसी क्रम में अमर जौहरी ने कहा कि पुलवामा में आज के दिन अपनी जान गंवाने वाले हमारे सभी वीर जवानों को मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि। ट्रस्ट से राधिका सिंह और नागेंद्र नाथ सिंह ने सभी आए हुए अतिथि, विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रियंका श्रीवास्तव, अदिति श्रीवास्तव, दीक्षा सिंह, निशी मिश्रा, स्नेहा सिंह मुख्य रुप से भी मौजूद रही।

# परिश्रम ही सफलता की कुंजी है :आलोक गुप्ता

जनसंदेश न्यूज

**समारोह**

विदाई समारोह में छात्रों ने पेश किया मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम

जेईई मेन में चयनित छात्र समेत मेघावियों को किया गया सम्मानित



**मुंगराबादशाहपुर।** सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में इंटरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित होने वाली छात्र-छात्राओं के विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू) ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया।छात्र-छात्राओं में करिश्मा, ओम गुप्ता, वेदिका, पलक, आयुषी, शिवांगी, रानी, नैना, सागर व अंकिता आदि ने गीत संगीत, नित्य, पेपर डांस व चेयर डांस पेश कर लोगों को भावविभोर कर दिया। कृतिका व तृषा राय द्वारा प्रस्तुत विदाई गीत सुन श्रोताओं की आंखें नम हो गई। विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू), प्रधानाचार्य शिव चंद तिवारी व रमेश मिश्रा ने आईआईटी जेईई मेन में चयनित छात्रों में सागर यादव व आयुष यादव समेत मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल व उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्ता ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। परिश्रम द्वारा छोटे से छोटा मनुष्य बड़ा बन सकता है। परिश्रम के ही द्वारा सभी कार्य संभव है। कठोर परिश्रम करके ही मानव ने अनेक आविष्कार किए हैं जो मानव जीवन में बहुत ही उपयोगी है। शिक्षकों में शिव चंद तिवारी, किरण मौर्य, प्रज्ञा सिंह, कमलेश व कृपा गुप्ता ने छात्रों को सफलता के टिप्स दिए। छात्राओं में चेस्ठा साहू, तबस्सुम, नैना केसरी व भूमि केसरी आदि ने अपना अनुभव साझा किया। बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र छात्राओं को समारोह में तिलक लगाकर सम्मानित करते हुए उपहार देकर विदाई दी गई। पुलवामा कांड में शहीद सैनिकों को विद्यालय प्रबंधक आलोक गुप्ता ने श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य शिवचंद तिवारी व रमेश मिश्रा बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक तिवारी व रंजीत गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रज्ञा केसली, कृपा गुप्ता, रंजीत गुप्त, कमलेश मिश्रा, सुभाष मिश्रा, सलोनी, डीपी सिंह, पवन, नीरज मिश्रा, पल्लवी जायसवाल, बबीता, दीक्षा, शारीबा, सपना, उत्कर्ष, अरविंद, जेपी व जगत आदि लोग मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### बाजार में उपलब्ध हुआ सरकारी सस्ता आटा

**शाहगंज।** केन्द्र सरकार ने गेहूं के बढ़ते दाम से आम लोगों को राहत देने हेतु बड़ा फैसला किया है। अब आटा सस्ते दर पर उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त योजना राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) द्वारा चलाया जा रहा है। मंगलवार को गांधी नगर कलक्टरगजं में स्टाल लगाया गया। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ताखा पूरब गांव इंडस्ट्रीयल स्टेट स्थित फ्लोर मिल मोती आहार प्राइवेट लिमिटेड को सरकार ने आटा बनाने का टेंडर जारी किया। सरकार द्वारा 23 रुपये पचास पैसा प्रति किलो गेहूं उपलब्ध कराया जायेगा जिसे अधिकतम 29 रुपये पचास पैसे प्रति किलो बिक्री होगा। फ्लोर मिल के प्रबंध निदेशक शीतल प्रसाद अग्रवाल का कहना है कि जौनपुर व आजमगढ़ जनपद हेतु मिल को टेंडर मिला है। सरकार द्वारा पांच सौ टन गेहूं उपलब्ध कराया जायेगा। जिसे आटे में परिवर्तित कर बाजार में आपूर्ति करना होगा। दस किलो ग्राम पैकेट आटा का मूल्य 295 एवं तीस किलो का पैकेट 880 रुपये में जनता खरीद सकेगी। फिलहाल प्रतिदिन पच्चीस टन उत्पादन शुरू हो चुका है। अब तक दो सौ टन गेहूं सरकार से मिल चुका है।

# बच्ची के साथ दुष्कर्म व हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

जनसंदेश न्यूज

**न्याय**

मासूम के हत्यारे को भदोही पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर पुलिस मुठभेड़ में किया गया था गिरफ्तार

**भदोही।** गत 15 दिसम्बर को चौरी थाना क्षेत्र ममहर स्थित बहुतरा में नाबालिक के साथ दुष्कर्म व हत्या जैसे जघन्य अपराध की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग मु.अ.सं.130/2022 धारा 302, 377, 376ए धारा 375 ए.बी व धारा 5० एम/बी पाक्सो एक्ट में स्थानीय पुलिस द्वारा वैज्ञानिक विवेचना अचूक साक्ष्य संकलन व त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही के पश्चात मात्र 12 दिवस के अंदर आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया।

डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में वैज्ञानिक विवेचना कर दोषी को शीघ्र सजा दिलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बंधित अपराध में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा अधिकतम त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु स्थानीय पुलिस मॉनिटरिंग सेल व विशेष लोक अभियोजक डॉ. अश्वनी कुमार मिश्रा एवं कौलेश्वर नाथ पाण्डेय की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप विचरण शुरू करने के उपरांत मात्र 20 दिवस कार्य दिवस के अंदर आज न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो कोर्टसं0.1 भदोही द्वारा दोष सिद्ध अभियुक्त निवासी मईहरदोपट्टी थाना चौरी जिला भदोही को सत्र परीक्षण संख्या 9 सन 2023 मु.अ.सं. 130/2022 अन्तर्गत धारा 304-1 व पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत दोषसिद्ध करते हुए कठोर आजीवन कारावास व 75 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### अप्राकृतिक दुराचार का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत एक दुराचार के मामले फरार आरोपित युवक को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर चालान भेज दिया गया। क्षेत्र के नोनहटटा मोहल्ला निवासी शमशेर उर्फ मिथुन पुत्र फिरोज पर शनिवार को जबरदस्ती एक किशोर के साथ अप्राकृतिक दुराचार का पीड़ित द्वारा आरोप लगाया गया था जिसमें पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। फरार आरोपित युवक को मुखबिर की निशानदेही पर पीएनबी बैंक के समीप से सोमवार को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया।

### गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

पवांरा। पुलिस अधीक्षक अजयपाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के तहत गैरजमानती महिला वारंटी विमला देवी पत्नी समरबहादुर चौहान निवासी मुड़ाव थाना पवांरा को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने महिला कान्स्टेबल के साथ मंगलवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।



# घबराएं नहीं आपके द्वार खड़ी सरकार

### जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडेय कहते हैं : व्यापक स्तर पर महिलाओं व बच्चियों को कर रहे हैं जागरूक

### पहले केस बहुत कम दर्ज होते थे और वर्तमान में सजगता बढ़ने के कारण प्राथमिकी लिखाने की संख्या में हुई बढ़ोतरी

सुरोजीत चैटर्जी

वाराणसी। सरकार आपके घर तक है। आपकी रक्षा के लिए प्रोबेशन विभाग की पहुंच आपके घर के दरवाजे तक भी है। इसलिए महिलाएं व लड़कियां किसी मुसीबत में पड़ने पर घबराएं नहीं बल्कि निःशुल्क उपलब्ध हेल्प लाइन नंबरों में से किसी एक पर सूचना दें। जिससे तत्काल उनकी सहायता के लिए पहल हो सके। इस दिशा में व्यापक स्तर जागरूकता अभियान जारी है। खासकर शिक्षण संस्थाओं में लड़कियों को विभिन्न बिंदुओं पर सजग कर रहे हैं। सिर्फ वाराणसी में ही अबतक लगभग 18 लाख 37 हजार बालिकाओं को जागरूक किया जा चुका है। दूसरी ओर, महकमे के जुड़ी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचा रहे हैं। कुशीनगर के मूल निवासी और अयोध्या से शिक्षा-दीक्षा पूर्ण कर चुके जनपद के जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडेय ने 'खास मुलाकात' के दौरान यह बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में छात्राओं को जागरूक करने की मुहिम का सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि वह संबंधित बातें अपने घर व समाज में शेयर कर संदेश को आगे बढ़ाती हैं। जघन्य अपराधों में शामिल एसिड अटैक, रेप, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न आदि के मामलों में लड़कियों को उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष से तत्काल आर्थिक मदद देने का प्रावधान है। ऐसे मामलों में पीड़िता को स्वयं प्राथमिकी दर्ज नहीं करानी पड़ती। पुलिस स्तर से केस दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाती है। दूसरी ओर, यदि किसी भी इलाके की महिला या लड़की की गुहार किन्हीं कारणों से किसी थाने पर नहीं सुनी जा रही है तो पांडेयपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय परिसर में स्थित महिला पुलिस चौकी 'वन स्टॉप सेंटर' शिकायत कर सकती हैं। इस सेंटर के तय दिनों तक निःशुल्क प्रवास, खान-पान वगैरह के साथ ही मुफ्त कानूनी मदद दी जाती है। अपराध में बढ़ोतरी के सवाल पर श्री पांडेय कहते हैं कि ऐसा नहीं है। पहले केस बहुत कम दर्ज होते थे तो मामले कम दिखते थे। वास्तविकता यह है कि वर्तमान में जागरूकता में बढ़ोतरी के चलते प्राथमिकी लिखवाने की संख्या बढ़ी है। इसलिए अपराध बढ़ने का भ्रम होता है।



सुधाकर शरण पांडेय जिला प्रोबेशन अधिकारी

## खास मुलाकात

## सीएम कन्या सुमंगला योजना

बालिकाओं को उच्च शिक्षा के अवसर देने समेत उनके भविष्य को उज्वल बनाने के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना है। इसमें बालिकाओं को 15 हजार रुपये की आर्थिक मदद छह चरणों में देते हैं। जिसकी पहली श्रेणी में बालिका का जन्म होने पर दो हजार रुपये। दूसरी श्रेणी में एक साल की उम्र पूरी होने पर टीकाकरण पर एक हजार रुपये। तीसरी श्रेणी में कक्षा-1 में एडमिशन पर दो हजार रुपये। चौथी श्रेणी में कक्षा-6 में प्रवेश पर दो हजार रुपये। पांचवीं श्रेणी में कक्षा-9 में एडमिशन लेने पर तीन हजार रुपये। छठी श्रेणी में 10वीं/ 12वीं पास कर स्नातक/ दो वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश पर पांच हजार रुपये देते हैं। यह धनराशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजते हैं। इसके लिए लाभार्थी उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी हो। परिवार की सालाना अधिकतम आय तीन लाख रुपये हो। परिवार की अधिकतम दो बच्चियों के लिए इस स्कीम में लाभ मिलता है। आवेदन के लिए बालिका यदि वयस्क है तो स्वयं या माता/ पिता अथवा अभिभावक अर्जी दे सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन कॉमन सर्विस सेंटर/ साइबर कैफे/ अपने स्मार्ट फोन या कंप्यूटर से कर सकते हैं। यदि इस प्रकार आवेदन करने में कठिनाई हो तो कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी के दफ्तर से संपर्क किया जा सकता है।



## निराश्रित महिला पेंशन योजना

इस स्कीम को आम बोलचाल में 'विधवा पेंशन' ही कहते हैं। इसमें लाभार्थी को प्रति माह एक हजार रुपये पेंशन मिलता है। उसकी पात्रता के तहत वह यूपी की स्थायी निवासी हो, पति की मृत्यु हो गयी हो। लाभार्थी की उम्र 18 वर्ष से कम न हो। आवेदिका एवं उसके परिवार की सभी स्रोतों से सालाना आय दो लाख रुपये से अधिक न हो। आवेदिका को राज्य या केंद्र सरकार से अन्य किसी योजना से पेंशन न दी जा रही हो।


## इन पोर्टलों पर करें आवेदन

- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लिए https://mksy.up.gov.in
- निराश्रित महिला पेंशन योजना (विधवा पेंशन) के लिए sspy-up.gov.in



## संवासियों-संवासिनियों के हुनर की बढ़ रही डिमांड

जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री पांडेय बताते हैं कि विभाग की ओर से जैतपुरा में संचालित राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन परिसर में रखी गयी लड़कियों को कौशल विकास मिशन आदि के माध्यम से हुनरमंद बनाया जा रहा है। साथ ही रामनगर में संचालित राजकीय बालगृह (बालक) और राजकीय संप्रेक्षण गृह में रह रहे बालकों को भी विभिन्न विधा में पारंगत कर रहे हैं। ताकि वह भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। उनकी ओर से तैयार सामग्री लोग हाथों-हाथ खरीद रहे हैं। इन संस्थाओं में कई ऐसे संवासी और संवासिनियां हैं जो उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा से पढ़-लिख रही हैं। उन्हें उनकी रुचि के अनुसार शिक्षा ग्रहण करने का अवसर दे रहे हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि संप्रेक्षण गृह न तो कोई जेल है और न ही वहां रखे गये बच्चे कैदी। वह संस्था बच्चों के घर जैसा है। वहां रह रहे बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए कई कदम उठाए गये हैं।





## मदद के लिए करें मुफ्त कॉल

| | |
|---|---|
| पुलिस : | 112 |
| हेल्प लाइन : | 181 |
| वूमन पावर लाइन : | 1090 |
| चाइल्ड लाइन : | 1098 |

(इन सभी फोन नंबरों पर 24 घंटा सेवा उपलब्ध)





# राज्यपाल बनाए जाने पर पूर्व जज नजीर पर क्यों है सवाल

### जजों के पिछले फैसलों और उनके अगले ओहदे को लेकर जताई जा रही नाराजगी, लेकिन वो पहले ऐसे नहीं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जस्टिस (रिटायर्ड) एस अब्दुल नजीर को आंध्र प्रदेश का नया राज्यपाल नियुक्त किया है, जिस पर सवाल उठाए जा रहे हैं। मूल रूप से कर्नाटक के रहने वाले जस्टिस नजीर इसी साल 4 जनवरी को अपने पद से रिटायर हुए हैं।

सुप्रीम कोर्ट में जज रहते हुए वो कई अहम फैसले देने वाली खंडपीठों में शामिल रहे। नवंबर 2019 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद पर ऐतिहासिक फैसला देने वाली बेंच में भी जस्टिस नजीर शामिल थे। इसके अलावा सरकार के नोटबंदी के फैसले को सही ठहराने वाली बेंच का भी वो हिस्सा थे। सुप्रीम कोर्ट की जिस बेंच ने तीन तलाक को अवैध ठहराया था उसमें भी जस्टिस नजीर शामिल थे। जस्टिस नजीर को राज्यपाल बनाए जाने के फैसले पर विपक्षी दल सवाल उठा रहे हैं लेकिन जस्टिस नजीर ऐसे पहले जज नहीं हैं जिन्हें रिटायर होने के बाद अहम पद मिला है।

साल 2014 में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस पी सदाशिवम को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया था। सुप्रीम कोर्ट से रिटायर होने के बाद जस्टिस सदाशिवम अपने गांव लौट गए थे। सुप्रीम कोर्ट में उनका कार्यकाल निर्विवाद रहा और उन्होंने कई अहम फैसले दिए। लेकिन जब उन्हें राज्यपाल बनाया गया था तब न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर सवाल जरूर उठे थे। जस्टिस नजीर से पहले सुप्रीम कोर्ट की जज रह चुकीं और साल 1992 में रिटार हुईं जस्टिस फातिमा बीवी को 1997 में तमिलनाडु का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। साल 2002 में राज्यपाल के पद से रिटायर होने के कुछ महीने पहले ही उन्हें जयललिता को सरकार बनाने का न्यौता देने से पैदा हुए विवाद के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। उनसे पहले साल 1952 में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस फजल अली को रिटायर होने के बाद ओडीशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। हाल के सालों में भी सुप्रीम कोर्ट के कई जज रिटायरमेंट के बाद अहम पद संभाल चुके हैं।

भारत के 46वें मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रंजन गोगोई को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मार्च 2020 में राज्यसभा के लिए नामित किया था। 2019 में अयोध्या विवाद पर फैसला देने वाली सुप्रीम कोर्ट की बेंच की अध्यक्षता रंजन गोगोई ने ही की थी। इसके अलावा उन्होंने रफाएल सौदे की समीक्षा और राहुल गांधी के खिलाफ अदालत की अवमानना के मामलों की भी सुनवाई की। रफाएल सौदे में सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे लेकिन रंजन गोगोई की बेंच ने रफाल सौदे की जांच को लेकर दायर की गई सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

जस्टिस रंजन गोगोई ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 रद्द कर दिए जाने के बाद दायर की गई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं को भी खारिज कर दिया था। जस्टिस रंजन गोगोई को राज्यसभा भेजे जाने के बाद भी सवाल उठा था कि क्या जज रिटायरमेंट के तुरंत बाद राजनीति में आ सकते हैं।

7 जुलाई 2018 को जस्टिस आदर्श कुमार गोयल को सुप्रीम कोर्ट से रिटायर होने के कुछ घंटे के भीतर ही नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल का अध्यक्ष बना दिया गया था।

हालांकि उन्हें एक ट्राइब्यूनल का अध्यक्ष बनाया गया था और इसे लेकर कोई विवाद नहीं था लेकिन रिटायर होने के कुछ घंटों के भीतर ही पद दिए जाने को लेकर जरूर सवाल उठे थे। जस्टिस आदर्श कुमार गोयल को एससी/एसटी एक्ट पर दिए विवादित फैसले के लिए याद किया जाता है। इस फैसले के तहत अनुसूचित जातियों और जनजातियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए इस कानून के कुछ प्रावधानों को कमजोर कर दिया गया था। जस्टिस गोयल से पहले जस्टिस स्वतंत्र कुमार एनजीटी के प्रमुख थे लेकिन उनके रिटायर होने के बाद से आठ महीनों तक एनजीटी प्रमुख का पद खाली था और जस्टिस गोयल को रिटायर होने के तुरंत बाद उन्हें इस पद पर नियुक्त कर दिया गया था।





## जस्टिस नजीर को राज्यपाल बनाने पर क्यों उठ रहे हैं सवाल?

साल 2013 में जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार की थी तब भाजपा के तत्कालीन दिवंगत नेता अरुण जेटली ने राज्यसभा में दिए एक बयान में कहा था, ये खतरा बड़ा है, रिटायर होने के बाद सरकारी पद पाने की इच्छा रिटायर होने से पहले के जज के फैसलों को प्रभावित करती है, ये न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए खतरा है। एक अन्य बयान में जेटली ने कहा था, 'रिटायर होने से पहले दिए जाने वाले फैसले रिटायर होने के बाद मिलने वाले पद के प्रभाव में दिए जाते हैं। अब कांग्रेस ने दिवंगत अरुण जेटली के इसी बयान का हवाला देते हुए जस्टिस नजीर की नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, ये कोई उत्तर नहीं है कि ये पहले भी हुआ है, जितनी जल्दी से आजकल ऐसा किया जा रहा है वह सैद्धांतिक रूप से गलत है और हम इसका विरोध कर रहे हैं। हम किसी व्यक्ति विशेष का विरोध नहीं कर रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के नेता और राज्यसभा सांसद एए रहीम ने जस्टिस नजीर को आंध्र प्रदेश का राज्यपाल बनाए जाने की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उन्हें (नजीर को) यह पद लेने से मना कर देना चाहिए। देश को अपनी कानूनी व्यवस्था में विश्वास नहीं खोना चाहिए। मोदी सरकार के ऐसे फैसले भारतीय लोकतंत्र पर धब्बा हैं।

उन्होंने कहा, वे अयोध्या मामले में फैसला देने वाली पीठ के सदस्य थे। 26 दिसंबर, 2021 को हैदराबाद में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की बैठक में भी उन्होंने हिस्सा लिया था, जिसके बाद विवाद हुआ था। यह परिषद संघ परिवार से जुड़ी हुई है। ऐसे कई पद हैं जिन पर सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जजों की ही नियुक्ति हो सकती है। नेशनल कंपनी लॉ एपीलेट ट्राइब्यूनल के चेयरपर्सन जस्टिस अशोक भूषण हैं जिनकी नियुक्ति पर कोई विवाद नहीं हुआ था। लेकिन कई लोगों का मानना है कि गवर्नर राजनीतिक पद है और इस पर पूर्व जज की नियुक्ति से बचा जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में एक अधिवक्ता का कहना है कि हमारी अदालतों में सरकार ज्यादातर मामलों में एक पार्टी होती है, ऐसे कई तरीके हैं जिनके जरिए न्यायपालिका को कार्यपालिका के नियंत्रण से स्वतंत्र रखा जाना चाहिए ताकि दोनों की शक्तियों के बीच में जो विभाजन है वह बना रहे और सरकार और सत्ताधारी दल के पास उन संस्थानों पर प्रभाव दिखाने का मौका न हो जिनका काम सरकार पर निगरानी रखना है। रिटायरमेंट के बाद, खास तौर पर गवर्नर जैसे पद पर नियुक्ति को लेकर सवाल उठेंगे ही क्योंकि ये एक राजनीतिक पद है।

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े का भी मानना है कि सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जजों की राजनीतिक नियुक्ति से न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सवाल तो उठता ही है। संजय हेगड़े कहते हैं, हालांकि ये पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट के किसी रिटायर्ड जज को राज्यपाल बनाया गया है. साल 2014 में पी सदाशिवम को केरल का राज्यपाल बनाया गया था. उनकी नियुक्ति के बाद भी सवाल उठे थे। 2014 में लिखे एक लेख में संजय हेगड़े ने कहा था, निष्पक्ष न्यायपालिका में जनता का विश्वास स्वतंत्र न्यायपालिका के लिए अनिवार्य है. कई बार जनता के मन में ये सवाल आ सकता है कि जज रिटायरमेंट के बाद पद के ऑफर से प्रभावित हो सकता है।'

## जज पहले भी भेजे जाते रहे हैं राज्यसभा

भारत के 21वें चीफ जस्टिस रंगनाथ मिश्रा को कांग्रेस पार्टी ने साल 1998 में राज्यसभा भेजा था। जस्टिस रंगनाथ मिश्र राज्यसभा जाने वाले सुप्रीम कोर्ट के दूसरे जज थे। उनसे पहले जस्टिस बहारुल इस्लाम राज्यसभा सदस्य रह चुके थे। हालांकि बहारुल इस्लाम सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट का जज नियुक्त होने से पहले भी 1962 से 1972 के बीच कांग्रेस के टिकट पर राज्यसभा सदस्य रह चुके थे। जस्टिस बहारुल इस्लाम जनवरी 1983 में सुप्रीम कोर्ट के जज के पद से रिटायर हुए थे और उसी साल जून में कांग्रेस ने उन्हें फिर से राज्यसभा भेज दिया था। जस्टिस आरएम लोढ़ा ने कहा था कि रिटायर होने के बाद जजों के लिए दो साल का कूलिंग ऑफ पीरियड होना चाहिए।

रिटायर होने वाले जजों के कूलिंग ऑफ पीरियड को लेकर सवाल उठते रहे हैं। जस्टिस आरएम लोढ़ा ने अपने रिटायरमेंट के दिन भाषण में कहा था, जजों को कोई पद स्वीकार करने के लिए दो साल का कूलिंग ऑफ पीरियड होना चाहिए। हालांकि अक्तूबर 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने जजों के रिटायर होने के बाद पद स्वीकार करने के लिए कूलिंग ऑफ पीरियड निर्धारित करने से इनकार कर दिया था।

उस समय जस्टिस पी सदाशिवम के केरल का राज्यपाल पद स्वीकार करने के बाद जजों के पद स्वीकार करने को लेकर बहस छिड़ी थी। इस संबंध में दायर की गई जनहित याचिका को खारिज करते हुए तत्कालीन चीफ जस्टिस एचएल दत्ता की बेंच ने कहा था कि अदालत कूलिंग ऑफ पीरियड की ऐसी कोई सीमा निर्धारित नहीं कर सकती है। जनहित याचिका में मांग की गई थी कि किसी रिटायर जज को सरकारी पद पर नियुक्त करने के लिए सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट से सलाह-मशविरा किया जाना चाहिए।

भारत के संविधान का अनुच्छेद 124(7) सुप्रीम कोर्ट से रिटायर होने वाले जजों को न्यायपालिका के क्षेत्र में कोई पद लेने से रोकता है। सुप्रीम कोर्ट के जज रिटायर होने के बाद किसी अदालत में वकालत भी नहीं कर सकते हैं।

साल 1958 में अपनी चौदहवीं रिपोर्ट में भारत के विधि आयोग ने जजों के रिटायर होने के बाद सरकारी पद लेने पर रोक की सिफारिश की थी, हालांकि इस सिफारिश को कभी लागू नहीं किया गया।